वर्ष : 16 अंक : 339 लखनऊ सोमवार, 16 दिसंबर 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **

**मौसम**

| | |
|---|---|
| सूर्योदय | : 6:48 |
| सूर्यास्त | : 5:16 |
| अधिकतम | : 25:00° |
| न्यूनतम | : 09:00° |

दीपिका बाफ्टा अवार्ड्स में शामिल होने वाली पहली भारतीय 10

पुण्य तिथि पर याद किए गए बल्लभ भाई पटेल 2 | हताश-निराश विपक्ष को अब ममता... 6 | नक्सलियों को हथियार छोड़ने की चेतावनी 12

## एक नजर

### नक्सलियों का सरेंडर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रविवार को सुकमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब 25 लाख के पांच ईनामी हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक के सामने समर्पण कर दिया। सुकमा जिले के क्षेत्रान्तर्गत नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सल दम्पति सहित कुल पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

### हिंदी ही है पहचान

**इटावा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि हिन्दी भाषा भारत की आत्मा और पहचान है। इस्लामिया इंटर कॉलेज में इटावा हिंदी सेवा निधि के 32 वें .सारस्वत सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री बिरला ने रविवार को कहा कि देश या दुनिया के अंदर भाषा ही पहचान होती है। आज भी जब हम दुनिया के अंदर शासन पद्धतियों को देखते हैं तो उस समय भारत की एकता को रखने में भाषा का बड़ा महत्व है। इस अवसर पर उन्होने देश के जाने माने कवि डॉ सुनील जोगी समेत 18 अन्य हिंदी सेवियों को सम्मानित किया।

### रूस-चीन रेल सेवा

**बीजिंग।** चार साल के अंतराल के बाद रूस और चीन के बीच यात्री ट्रेनें रविवार से फिर से चलेंगी। रूस के रेलवे ने बताया कि कोरोनावायरस महामारी के कारण 2020 में देशों के बीच यात्री यातायात को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। रूसी रेलवे 15 दिसंबर से 2027 तक तीन साल के लिए एक नया ट्रेन शेड्यूल पेश करेगा।

### हादसे में चार मरे

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में ट्रेक्टर ट्राली पलटने के कारण उसमें सवार चार लोगों की मृत्यु हो गयी और कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के घाटीगांव थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए इस हादसे में ट्रेक्टर ट्राली सवार चार ग्रामीणों की मृत्यु हुयी है। मृतकों के नाम अरुण, कस्तूरी, फूलवती और रामदास बताए गए हैं। ये सभी कैथ गांव के निवासी हैं और रात्रि में कहीं से लौट रहे थे।

# फडणवीस की टीम में 39 मंत्री, ढाई साल का होगा कार्यकाल

## कुल 39 मंत्रियों में बीजेपी के 19, शिवसेना के 11 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नौ विधायक शामिल

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में काफी दिनों की दुविधा के बाद रविवार को अंततः मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। शपथ समारोह राज्य की दूसरी राजधानी नागपुर में आयोजित किया गया और यह ऐतिहासिक पल है क्योंकि यह समारोह 30 वर्षों से अधिक समय के बाद नागपुर में आयोजित किया गया। आज यहां 39 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर श्री फडनवीस, उप मुख्यमंत्री अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित भारतीय जनता पार्टी के कई आला नेता उपस्थित थे। राज्यपाल ने नागपुर में नवनिर्वाचित मंत्रियों को मंत्री पद की शपथ दिलाई, लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार शपथ लिए मंत्रियों का कार्यकाल पांच साल का नहीं, बल्कि ढाई साल का होगा और मंत्री पद का शपथ लेने के बाद उन्हें शपथ पत्र भी लिखना होगा। इसे लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित गुट) के प्रमुख अजित पवार और शिवसेना (शिंदे गुट) प्रमुख एकनाथ शिंदे का बयान भी सामने आया है, लेकिन यह फॉर्मूला भाजपा के मंत्रियों पर लागू होगा या नहीं। यह अभी साफ नहीं है। कल से शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। उससे एक दिन पहले ही महायुति गठबंधन के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था। महायुति सरकार के सत्ता में आने के 10 दिन बाद कैबिनेट विस्तार पूरा हो गया। महायुति के 39 विधायकों ने आज मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सबसे ज्यादा बीजेपी के 19 विधायक शामिल हैं। शिवसेना के 11 और एनसीपी के 9 विधायक मंत्री बने हैं।

इस साल महायुति में शामिल तीनों दलों ने पिछली कैबिनेट में कुछ को छोड़कर 25 नए चेहरों को मौका दिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की और भारतीय संविधान के निर्माता को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के बाद फडणवीस ने शहर में एक रोड शो किया जो चुनाव परिणामों के बाद उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। अपनी पत्नी अमृता फडणवीस और बीजेपी के राज्य प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के साथ रोड शो में उत्साही भीड़ देखी गई। वहीं विधानसभा के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले नागपुर में राज्य मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण एक दुर्लभ अवसर है क्योंकि नागपुर में ऐसा आखिरी समारोह 1991 में हुआ था। जब तत्कालीन राज्यपाल सी सुब्रमण्यम ने छगन भुजबल और अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाई थी। आजबीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सबसे पहले कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

### महाराष्ट्र में महायुति सरकार की कैबिनेट में नये चेहरे

चंद्रशेखर बावनकुले, गणेश नाइक, जयकुमार रावल, पंकजा मुंडे, अशोक उइके, आशीष शेलार, दत्तात्रेय भरणे, शिवेंद्रराजे भोसले, माणिकराव कोकाटे, जयकुमार गोरे, नरहरि जिरवाल, संजय सावकारे, संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगवले, मकरंद पाटिल, नितेश राणे, आकाश फुंडकर, बाबा साहेब पाटिल, प्रकाश अबितकर, माधुरी मिसाल, आशीष जयसवाल, पंकज भोयर, मेघना बोर्डिकर, इंद्रनील नाइक।

## तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन

**नई दिल्ली।** विश्वविख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। सैन फ्रांसिस्को में उनका इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था।

जाकिर हुसैन को तीन ग्रैमी अवॉर्ड भी मिल चुके थे। उनके पिता का नाम उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था। जाकिर के पिता अल्लाह रक्खा भी तबला वादक थे। जाकिर हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के माहिम स्थित सेंट माइकल स्कूल से हुई थी।

## उत्तर प्रदेश विधानमण्डल का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से

# सदन के बाहर-भीतर हंगामे के आसार

- सपाई कर सकते हैं धरना-प्रदर्शन
- कांग्रेस 18 को घेरेगी विधानभवन
- एनडीए विधायकों को सीएम ने दिये टिप्स

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** सोमवार से शुरू होने वाले उत्तर प्रदेश विधानमण्डल का शीतलकालीन सत्र के हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। आगामी 19 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र की तैयारी सत्ता पक्ष ने कर ली है, लेकिन प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी सोमवार सुबह अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी। कांग्रेस 18 दिसंबर को विधानभवन घेरने का ऐलान पहले ही कर चुकी है। कुल मिलाकर यह संक्षिप्त सत्र अंदर और बाहर हंगामेदार होगी। दूसरी ओर योगी सरकार इस सत्र में अपना अनुपूरक बजट पेश करेगी। चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार का यह दूसरा अनुपूरक बजट होगा। पहले दिन विधायी कार्य निपटाए जाएंगे और प्रश्नकाल होगा।

उम्मीद की जा रही है इस बार शीतकालीन सत्र सदन के भीतर और बाहर काफी गर्माहट लिये होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही अपने-अपने तरीके से तैयारी की है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर मनीष हिन्दवी ने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, संभल हिंसा आदि मुद्दों को लेकर 18 दिसम्बर को विधानभवन का घेराव करेगी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ आएंगे।

उधर, समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि सदन के भीतर सपा विपक्ष की सार्थक भूमिका निभाएगी और जनता से जुड़े मुद्दे उठाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे सपा मुख्यालय पर सपा विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है, उसमें ही सदन के दौरान पार्टी की रणनीति तय की जाएगी। पता चला है कि सदन के पहले दिन सोमवार को सपा विधायक विधानभवन के बाहर नारे लिखी तख्तियां आदि लेकर धरना-प्रदर्शन भी कर सकते हैं।

सोमवार की शाम को यहां लोकभवन में मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में भाजपा विधानमंडल दल की बैठक हुई। इस बैठक में भाजपा के सहयोगी दल सुभासपा, अपना दल एस, निषाद पार्टी और रालोद के विधायक भी शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों को सदन में चर्चा के बाबत टिप्स दिये।

### वित्त मंत्री पेश करेंगे अनुपूरक बजट

सत्र में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना अनुपूरक बजट पेश करेंगे। इस साल 30 जुलाई को प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 12,909 करोड़ रुपए से अधिक का अनुपूरक बजट पेश किया था। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को बताया था कि 12,909 .93 करोड़ का अनुपूरक बजट इस साल फरवरी में पेश किए गए मूल बजट (7.36 ट्रिलियन रुपए) का 1.66 % है। फरवरी में राज्य का आम बजट पेश किया गया था जो 7.36 लाख करोड़ का था। पहले अनुपूरक बजट में सीएम के पास जो विभाग हैं, उनमें आबकारी को 50 करोड़, गृह विभाग के राजस्व मद में एक करोड़ 87लाख और गृह विभाग को पूंजी मद में 18 करोड़ 79 लाख आवंटित किये गये थे।

### रचनात्मक दायित्व निभाए विपक्ष: मौर्य

विधानमण्डल दल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार चाहती है कि विपक्ष अपने रचनात्मक दायित्व का निर्वाह करे। अगर विपक्ष के पास कोई सवाल है, तो वह सदन में लेकर आए, सरकार उसका समुचित जवाब देगी।

### हमारा काम राज्य को नंबर-1 बनाना: पाठक

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विधानमण्डल दल की बैठक में चतुर्मुखी विकास के लिए, प्रदेश की जो भी योजनाएं हैं उन्हें गति देने समेत सभी विषयों पर बिंदुवार चर्चा हुई। विपक्ष अपना काम करेगा, हमारी जिम्मेदारी यूपी को विकास और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर नंबर एक पर लाना है।

## संभल में बड़े एक्शन की तैयारी निशाने पर कूप, पुरवे व सराय

विश्ववार्ता ब्यूरो

» डीएम-एसपी ने दशकों के बाद खोले गये मंदिर में किया पूजा-पाठ, श्रद्धालुओं ने चढ़ाया प्रसाद

**संभल।** संभल में जिला प्रशासन बड़े एक्शन की तैयारी कर रहा है। उसके निशाने पर अब यहां के कूप, पुरवे, सराय और तीर्थ हैं। डीएम ने हिंसा वाले इलाके में चल रही कार्रवाई और प्लान का समझाया। इसके साथ ही कल खोले गए मंदिर में रविवार को खुद डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी बिश्नोई ने पूजा पाठ की। संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के बाद जिला प्रशासन एक्टिव है। हिंसा वाले इलाके में बड़े पैमाने पर छापेमारी कर गैरकानूनी कार्यों पर नकेल कसी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को यहां एक हजार साल पुराने मंदिर को चार दशक बाद खोला गया। अब जिला प्रशासन बड़े एक्शन की तैयारी कर रहा है। उसके निशाने पर अब यहां के कूप, पुरवे, सराय और तीर्थ हैं। डीएम ने हिंसा वाले इलाके में चल रही कार्रवाई और प्लान का समझाया। इसके साथ ही कल खोले गए मंदिर में रविवार को खुद डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी बिश्नोई ने पूजा पाठ की। दशकों बाद खुले शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने मथुरा से लाए लड्डू प्रसाद के रूप में चढ़ाए।

डीएम ने कहा कि यहां पर चार तरह की कार्रवाई की जा रही है। पहला यह है कि जो शुरुआत में ही बताया गया कि संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ हैं। इनकी खोज करने में पूरी टीम लगी हुई है। दूसरा जो अस्थायी अतिक्रमण नालियों आदि पर किया गया है, उन्हें हटाया जा रहा है। स्थायी अतिक्रमण को नोटिस देने के बाद पूरी प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा। तीसरा बिजली चोरी के खिलाफ एक्शन है। बिजली चोरी में अभी तक पांच करोड़ का एसेसमेंट बनाया गया है। बिजली चोरी रोकने के लिए आर्मड केबल लगाया जा रहा है। चौथा प्लान गैरकानूनी गतिविधियों पर एक्शन की तैयारी है। वहीं, कल मिले मंदिर को लेकर डीएम ने बताया कि वहां पर सीसीटीवी लगा दिए गए हैं। पुलिस टीम भी सुरक्षा में लगा दी गई है। अतिक्रमण को लेकर डीएम ने कहा कि कोई भी तालाब सार्वजनिक संपत्ति होती है।

## ममता के मंत्री बोले-अल्लाह ने चाहा तो जल्द बहुमत में होंगे मुसलमान

एजेंसी

» भड़की बीजेपी, कहा- लाना चाहते हैं शरिया कानून

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार में मंत्री फिरहाद हकीम के उस बयान को लेकर सियासी बखेरा खड़ा हो गया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अल्लाह ने चाहा तो जल्द ही मुसलमान बहुमत में होंगे। उन्होंने अल्पसंख्यक छात्रों के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही थी। इस दौरान उन्होंने मुस्लिम समुदाय को इस स्थिति में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया जहां उनकी आवाज स्वतः सुनी जाए और उनके विकास और न्याय की मांगें पूरी की जाएं।

हकीम ने कार्यक्रम में कहा, पश्चिम बंगाल में हम 33 प्रतिशत हैं और राष्ट्रीय स्तर पर हम 17 प्रतिशत हैं। हम संख्यात्मक रूप से अल्पसंख्यक हो सकते हैं, लेकिन अल्लाह ने चाहा तो हम इतने सशक्त हो सकते हैं कि हमें न्याय के लिए मोमबत्ती मार्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम उस स्थिति में होंगे जहां हमारी आवाज स्वतः सुनी जाएगी और न्याय की मांगें पूरी होंगी। हकीम ने न्यायपालिका में मुस्लिमों के कम प्रतिनिधित्व पर चिंता जताई। कोलकाता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम जजों की संख्या का उन्होंने जिक्र किया। उनका कहना था कि सशक्तिकरण और मेहनत के माध्यम से इस खाई को पाटा जा सकता है।

## मणिपुर में दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** मणिपुर से फिर हिंसा की खबर सामने आ रही है। शनिवार को दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग मारे गए। इनमें से दो बिहार के मजदूर शामिल थे। वहीं, पुलिस ने एक उग्रवादी को भी मुठभेड़ में मार गिराया है। शाम को काकचिंग जिले में दो श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 18 साल के सुनेलाल कुमार और 17 साल के दशरथ कुमार के रूप में हुई। वे बिहार के गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के रहने वाले थे। दोनों युवक काकचिंग में मैतेई बहुल इलाके में रह रहे थे। काकचिंग-वाबागई रोड पर पंचायत कार्यालय के पास शाम लगभग 5:20 बजे अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

मजदूरों पर हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस बात की संभावना है कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच चल रहे जातीय संघर्ष के कारण इनकी हत्या की गई है।

## वन नेशन-वन इलेक्शन विधेयक का बसपा करेगी समर्थन : मायावती

विश्ववार्ता ब्यूरो

» देश पर राज करने वालों ने ही संविधान को किया फेल

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी एक देश, एक चुनाव को लेकर वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा एक-दो दिनों में लाये जाने वाले विधेयक का स्वागत करेगी। सुश्री मायावती ने कहा कि बसपा गरीब व मजलूमों की ही पार्टी है और इस पार्टी के संगठन व चुनाव आदि भी इन्ही के ही बलबूते चलाये व लड़े जाते हैं। बसपा इसके लिए कांग्रेस, भाजपा व अन्य दलों की तरह यहाँ बड़े-बड़े पूँजीपतियों व धन्नासेठों आदि से कोई भी आर्थिक मदद नहीं लेती है। ऐसे में एक साथ चुनाव होने से फिर हमारी पार्टी पर इन सब मामलों में बहुत कम खर्चे का बोझ पड़ेगा। साथ ही इससे जल्दी-जल्दी चुनाव आचार संहिता न लगने की वजह से भी जनहित के कार्य ज्यादा नहीं रुकेंगे।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरव यात्रा पर इस वर्ष भी संसद में काफी गरम चर्चा चल रही है, मगर सच्चाई यह है कि देश पर अब तक राज करने वाली पार्टियों ने संविधान पर सही से अमल करने के मामले में अपनी सच्ची निष्ठा, ईमानदारी व देशभक्ति अगर निभाई होती तो फिर अपने देश का हाल आज इतना बदहाल नहीं होता।

## राहुल गांधी को विदेश से मिलती है प्रेरणा

### इशारों-इशारों में अमित शाह ने नेता विपक्ष पर किया तीखा कटाक्ष

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि हर मुद्दों को उठाने के लिए कांग्रेस नेता का 'प्रेरणा स्रोत' विदेश में है और वह हर बार संसद सत्र चलने पर एक नया आरोप लेकर आते हैं। अमित शाह ने राहुल गांधी द्वारा अमेरिका के कोर्ट की ओर से अदाणी ग्रुप पर लगाए गए आरोप को लेकर सवाल उठाने पर राहुल से सवाल किए। अमित शाह ने निजी कार्यक्रम को दिए एक इंटरव्यू में ये बात कही है।

अमित शाह ने आगे कहा, पता नहीं राहुल गांधी को हमेशा विदेश से प्रेरणा क्यों मिलती है? इस देश में कैग भी है, विजलेंस कमिश्नर भी है, हाई कोर्ट हैं, सुप्रीम कोर्ट है... कहीं से नहीं आता है, जब भी सदन होता है, बाहर से कोई आरोप आ जाता है। लेकिन आरोप उनसे नहीं आते। जब भी संसद सत्र चलता है, बाहर से आरोप लगते हैं और वह उनके बारे में बात करते हैं, जर्सी पहनते हैं। उनकी प्रेरणा का स्रोत विदेश में है जिससे मुझे आश्चर्य नहीं होता। मैं जानता हूं कि उनकी प्रेरणा का स्रोत विदेश में क्यों है।

गृह मंत्री की टिप्पणी भाजपा की तरफ से कांग्रेस के खिलाफ किए गए हमले के मद्देनजर आई है जिसमें राहुल गांधी पर देशद्रोही होने और एक खतरनाक त्रिकोण का हिस्सा होने का आरोप लगाया गया है- जिसमें अमेरिका की कुछ एजेंसियां और अरबपति जॉर्ज सोरोस शामिल हैं- यानी भारत को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है।'

अमित शाह की टिप्पणी को अदाणी एनर्जी पर संयुक्त राज्य अमेरिका के अभियोग के संदर्भ के रूप में देखा गया। अदाणी समूह ने इस बात पर जोर दिया था कि समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी, उनके भतीजे सागर अदाणी और वरिष्ठ कार्यकारी विनीत जैन रिश्वतखोरी के आरोपों से मुक्त हैं। गौतम अदाणी ने यह भी कहा था कि समूह को पहली बार इस तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और उन्होंने जोर देकर कहा कि हर हमला हमें मजबूत बनाता है। कांग्रेस ने संसद में अभियोग के मुद्दे को मजबूती से उठाने की कोशिश की थी, जिससे गतिरोध पैदा हो गया है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे सहयोगियों ने कहा था कि अन्य महत्वपूर्ण मामले भी हैं।

## ईवीएम पर रोना बंद करे कांग्रेस : उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस ईवीएम पर रोना बंद करे। चुनाव में जीतने पर आप जश्न मनाते हैं, जब हारते हैं तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। यह ठीक नहीं है। पार्टियों को चुनाव लड़ने से पहले यह तय करना चाहिए कि उन्हें ईवीएम पर भरोसा है या नहीं।

न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में अब्दुल्ला ने कहा, जब आप ईवीएम के जरिए 100 से अधिक सांसद चुनते हैं, तब इसे अपनी पार्टी की जीत बताते हैं। दूसरे चुनाव में रिजल्ट आपके अनुकूल नहीं होता है तो इसे गलत बता देते हैं। ये ठीक नहीं हैं। यदि किसी पार्टी को ईवीएम पर भरोसा नहीं है तो उसे चुनाव लड़ना ही नहीं चाहिए।

**विजय दिवस** भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में अमेरिका था पाकिस्तान के साथ, भेज दिया अपना सातवां बेड़ा

# अमेरिका ने जब भारत को डराना चाहा तो रूस ने निभाई थी दोस्ती !

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इसी जीत के बाद बांग्लादेश नाम के एक नए देश का उदय भारत के पूर्व में हुआ था। इस युद्ध में एक समय ऐसा आया था जब अमेरिका भारत के खिलाफ खुलकर सामने आया था।

दरअसल, स्वतंत्र भारत के इतिहास में 16 दिसम्बर एक ऐसा दिन है जो भारतीय सेना के साहस, एकता और जीत का प्रतीक है। हर साल इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारीख को साल 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल की थी। इस युद्ध के परिणामस्वरूप ही भारत के पूर्व में बांग्लादेश के नाम से एक नया देश अस्तित्व में आया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस युद्ध के दौरान अमेरिका ने भारत के खिलाफ अपना सातवां बेड़ा भेज दिया था जिसने भारत के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर दी थी। लेकिन उसी समय भारत के पुराने दोस्त सोवियत संघ (वर्तमान रूस) ने ऐसा कदम उठाया जिसने युद्ध की दिशा ही बदल दी।

चार दिसम्बर 1971 को जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ अभियान शुरू किया था, उसी दिन से पाकिस्तानी सेना के पैर उखड़ने शुरू हो गए थे। इसके बाद भारतीय सेना की मदद से बांग्लादेश की मुक्तिवाहिनी के योद्धा लगातार पूर्वी पाकिस्तान में जीत हासिल कर रहे थे। पाकिस्तान को समझ आ गया था कि ऐसा ही चलता रहा तो हार निश्चित है। पाकिस्तान ने वॉशिंगटन से मदद मांगी जिसके बाद अमेरिका के सातवें बेड़े ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले विमानवाहक पोत यूएसएस एंटरप्राइज को बंगाल की खाड़ी में भेज दिया।

अमेरिका का यह कदम पूर्वी पाकिस्तान में भारतीय सेना की बढ़त को रोकने की कोशिश के तहत उठाया गया था। हालांकि निक्सन प्रशासन ने यूएसएस एंटरप्राइज को कोई खास निर्देश नहीं दिया था, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर उसे भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की आजादी थी। यह भारत के लिए मुश्किल घड़ी थी। उस समय भारत की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह दो मोर्चे पर लड़ाई लड़ सके।

इस दौरान तत्कालीन सोवियत संघ ने भारत को अमेरिकी योजना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद भारतीय सेना ने ऐसे पायलटों की तलाश शुरू की जो अपने लड़ाकू विमानों को यूएसएस एंटरप्राइज से टकराने के लिए तैयार हों। इस घटनाक्रम के बीच सोवियत संघ ने बड़ा कदम उठाते हुए अपनी नौसेना की एसएसजीएन पनडुब्बी को सतह पर आने का आदेश दिया जो क्षेत्र पर नजर रख रहे अमेरिकी सैटेलाइट की नजर में आ गई।

इस रणनीतिक कदम ने अमेरिकी नौसेना को हैरान कर दिया। अब उनके सामने भारतीय सेनाओं के साथ-साथ सोवियत पनडुब्बी की मौजूदगी से भी निपटना था। इसक परिणामस्वरूप यूएसएस एंटरप्राइज को बंगाल की खाड़ी की बजाय श्रीलंका की ओर रास्ता बदलने का आदेश मिला। अगर उस समय रूस ने मौके पर साथ न दिया होता तो भारत को कठिन हालात का सामना करना पड़ सकता था।

## विवादित बयान देने वाले हाईकोर्ट के जज तलब

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव पर विपक्ष ने घृणास्पद भाषण और सांप्रदायिक विद्वेष भड़काने का आरोप लगाया है। उनके खिलाफ विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया और उन्हें हटाने की मांग की है। समाजवादी पार्टी के सांसद कपिल सिब्बल और कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा के नेतृत्व में सांसदों ने शुक्रवार को राज्यसभा महासचिव को महाभियोग का नोटिस सौंपा था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें अगले सप्ताह बैठक के लिए बुलाया है। बैठक 17 दिसंबर को हो सकती है। कॉलेजियम के अध्यक्ष भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना हैं।

# पुण्य तिथि पर याद किए गए सरदार बल्लभ भाई पटेल

## सरदार पटेल का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित था : योगी

» जीपीओ प्रतिमा पर पुष्पांजलि

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि पर रविवार को यहां जीपीओ स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान भारत के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व सभी के लिए प्रेरणादायी है। भारत की आंतरिक सुरक्षा और भारत की अखण्डता के उनके प्रयासों को हम सभी श्रद्धाभाव से स्मरण करते हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल संविधान सभा के प्रमुख सदस्य थे। स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री के रूप में उन्होंने न केवल देश के एकीकरण के वर्तमान अभियान को नई ऊंचाईयां प्रदान की, बल्कि 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के आन्दोलन में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर देश की आजादी के आन्दोलन को एक नई दिशा देने के लिए उस समय के नेतृत्व के साथ मिलकर भाग लिया था। वह गुजरात के एक छोटे से गांव में सामान्य किसान परिवार में पैदा हुए थे। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा अपनी माँ के सान्निध्य में घर पर सम्पन्न हुई। इंग्लैंड से लॉ की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त, जब वह भारत आए, तो देश में आजादी का आन्दोलन उस समय चरम पर था। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पारण आन्दोलन, नमक सत्याग्रह आन्दोलन, भारत छोड़ो आन्दोलन सहित देश की आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आयोजनों व आन्दोलनों में उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## स्वतंत्रता आंदोलन में रहा पटेल का अतुल्य योगदान : अजय

» कहा– छोटी रियासतों को भारतीय संघ में विलय के लिए किया मजबूर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों का एकीकरण कर देश के

निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर मजबूत भारत की नींव रखी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी सोनू पंडित, अनिल देव त्यागी, लल्लन कुमार, रामबरन गौतम, केडी शुक्ला, जमाल खान दयानंद शुक्ला, आलेख पांडे, शिफा खान, बबीता एडवोकेट, अनिल शुक्ला, अमर सिंह राणा, कनिष्का राफेल, उमर खान बाबा, सिरी खान सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन ने भी सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा लखनऊ महानगर में पच्चीस मण्डलों पर नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के तहत लखनऊ महानगर के सभी 25 मंडलों पर एक साथ मंडल अध्यक्ष नामांकन प्रकिया सम्पन्न हुई, जिसमें सभी मंडलों में सुनिश्चित स्थान पर मंडल अध्यक्ष पद के लिए 278 नामांकन पत्र दाखिल हुए । जमा हुए नामांकन फार्म और प्रपत्र की जांच मंडल चुनाव अधिकारियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा करके लिस्ट शीर्ष नेतृत्व को भेजी जाएगी।

चुनाव अधिकारी नवीन जैन और भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने विभिन्न मंडलों पर जाकर मंडल नामांकन स्थल पर नामांकन प्रक्रिया का निरक्षण किया। उन्होंने ने बताया कि सभी मंडलों पर चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में नामांकन सम्पन्न कराया गया। सबसे ज्यादा 20 नामांकन फार्म पश्चिम मण्डल चार, पूर्व

» 278 नामांकन पत्र दाखिल हुए

पांच से 18 नामांकन फार्म, पश्चिम दो से 17 नामांकन फार्म तथा उत्तर तीन, चार, पांच, सरोजनी नगर दक्षिण एक, मध्य तीन से छः नामांकन प्राप्त हुए।सभी मंडलों से आए 278 फार्मों की गहनता से जांच की जाएगी। भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर चुनाव अधिकारी राज्यसभा सांसद नवीन जैन, लखनऊ प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा आदि रहे।

### विकास योजनाओं को लेकर सीएम डैश बोर्ड की नवम्बर की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# महराजगंज व बहराइच ने राजस्व में मारी बाजी

» महराजगंज ने 89 .20 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त किया

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने एवं राजस्व के मामलों के निपटारे को लेकर हमेशा गंभीर रहती है। यही वजह है कि प्रदेश में विकास कार्यों के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट गुणवत्ता के साथ ससमय पूरे हो रहे हैं। इसके अलावा राजस्व के मामलों को भी तेजी से निस्तारित किया जा रहा है। इसकी मॉनीटरिंग सीएम डैशबोर्ड द्वारा की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की नवंबर माह की रिपोर्ट में महराजगंज ने विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निपटारे में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि बहराइच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है।

महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जिले में विकास कार्यों को तेज रफ्तार से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसके साथ सीएम योगी के निर्देश पर प्राथमिकता के आधार पर राजस्व के मामलों का खास कर 5 साल पुराने मामलों का तेजी से निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि महराजगंज ने योगी सरकार के विकास कार्यों और राजस्व के मामलों के निस्तारण में नवंबर माह में पूरे प्रदेश में 89.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने बताया कि पिछले पांच माह से महराजगंज सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपना स्थान बनाए हुए है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच ने 89.10 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि बहराइच लगातार प्रशासनिक सुधारों और योगी सरकार की योजनाओं को ज़मीन पर उतारने के लिए तेजी से काम कर रहा है। राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण, किसानों और छोटे व्यापारियों को सहूलियत देने के प्रयासों ने बहराइच को यह स्थान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

## डिप्टी सीएम ने हनुमानगढ़ी में किया पूजन

**लखनऊ।** यूपी के अयोध्या में रविवार को एक होटल के उद्घाटन पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। प्रदेश के कल्याण और विकास के साथ लोगों के हित के लिए प्रभु हनुमंतलला के श्री चरणों में कामना की है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में जब भी उपचुनाव घोषित होंगे। भाजपा की विजय सुनिश्चित है।

यहां उन्हें सर्किट हाउस में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक करनी थी। लेकिन, अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित करना पड़ा। अयोध्या एयरपोर्ट पर ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को महाकुंभ से लौटने वाले दर्शनार्थियों के साथ मकर संक्रांति और बसंत पंचमी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एयरपोर्ट पर मौजूद सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि अयोध्या में आने वाले समय में होने वाले मेलों के लिए उपमुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए हैं, इनका पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# विदेशी संतों को रास आ रहा महापर्व महाकुम्भ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन के पहले महाकुम्भ नगर में देश के कोने कोने से आए साधुओं के अलावा विदेश से भी साधु संतों के आने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। अखाड़ों की धर्म ध्वजा, नगर प्रवेश और कुम्भ छावनी प्रवेश यात्रा की परंपरा में महाकुंभ पहुंचे इन विदेशी साधु संतों को भी महाकुम्भ की नव्य व्यवस्था रास आ रही है।

प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन की तिथि जैसे जैसे निकट आ रही है महाकुंभ क्षेत्र के अखाड़ा सेक्टर में साधु संतों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। देश विदेश से साधु संतो की आवक होने लगी है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में शामिल होने आए विदेशी संतों को महाकुम्भ रास आ रहा है। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर सोम गिरी उर्फ पायलट बाबा की जापानी शिष्या योग माता एवं महामंडलेश्वर केको कई जापानी साध्वी के साथ छावनी प्रवेश में शामिल हुईं। उनका कहना है कि जूना

» सरकार के अतिथि देवो भव : के संस्कार से भाव विभोर है आगंतुक

अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा से आगामी महाकुंभ के आयोजन का अंदाजा लगने लगा है। एयर कनेक्टिविटी से लेकर ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था अच्छी है। नेपाल से आई महिला संत और जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर हेमा नन्द गिरी का कहना है कि संतों का सौभाग्य है कि जिस प्रदेश में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है, वहां के मुख्यमंत्री भी एक संत हैं। योगी जी की तरफ से जिस तरह भव्य और दिव्य महाकुम्भ के आयोजन का संकल्प लेकर आयोजना की तैयारियां चल रही हैं उससे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार नेपाल सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अब तेजी से हो रहा है।

प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के साथ स्वच्छता और डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया जा रहा है। विदेशी संत भी इससे खुश हैं। स्पेन से अखाड़ों के विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेने आई जूना अखाड़े की अवधूत अंजना गिरी जिनका पहले नाम एंजिला था का कहना है कि पिछले 30 बरस से वह लगातार महाकुम्भ अपने गुरु के साथ आती रही हैं। लेकिन इस बार महाकुम्भ की अनुभूति अलग है। सैनिटेशन पर फोकस किया गया है जिससे सभी जगह स्वच्छता है । इनफॉर्मेशन भी डिजिटल प्लेटफार्म पर मिल रही हैं जिससे बाहर के देशों से आने वाले श्रद्धालुओं और टूरिस्ट के लिए आसानी हो गई है। फ्रांस से महाकुम्भ में जूना अखाड़े के आयोजन में शामिल होने आए ब्रूनो गिरी कहना है कि महाकुम्भ के आयोजन में वह पहले भी दो बार आए चुके हैं।

## हिंदुओं पर अत्याचार : भारत सरकार बंग्लादेश से जवाब मांगे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय समाज कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफ़ाक़ ने एक बयान में कहा कि जुल्म तो जुल्म है चाहे वह बांग्लादेश में हिंदू भाई-बहनों पर हो या भारत में मुसलमानों पर। लेकिन भारत में कुछ लोग अपनी वोट बैंक की राजनीति को बनाए रखने के लिए इसका राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, जिसकी न केवल निंदा की जानी चाहिए, बल्कि सरकार को बांग्लादेश से जवाब मांगना चाहिए। मोहम्मद आफ़ाक़ ने बांग्लादेश पर हमला करते हुए कहा कि उन्हें यह बात हर गिज़ नहीं भूल न चाहिए की उन को बांग्लादेश 1971 में भारत ही की बदौलत मिला है।

# टिकैत ने सरकार को दिया अल्टीमेटम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** नोएडा के किसान आंदोलन में हुई किसानों की गिरफ्तारियों और भूमि अधिग्रहण नियमों को लेकर सिसौली में रविवार को किसान संयुक्त मोर्चा के किसान संगठन की आपात बैठक हई। सिसौली के किसान भवन पर किसानों की गिरफ्तारी को लेकर विरोध जताया गया। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने चेताया कि सरकार के पास 23 दिसंबर तक का समय है। उससे पहले सरकार किसानों से बातचीत करें और जेल में बंद लोगों को रिहा करें। अन्यथा 23 दिसंबर को पंचायत में बड़ा निर्णय लिया जाएगा।

मुजफ्फरनगर के सिसौली के किसान भवन में हुई किसान संगठनों की बैठक में चौधरी नरेश टिकैत ने सभी किसान

» कहा– 23 तक रिहा करें अन्यथा किसान पंचायत में लिया जाएगा बड़ा निर्णय

संगठनों के नेताओं से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान नोएडा आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई गई। किसान नेता अनिल तालान ने गौतमबुद्धनगर भूमि अधिग्रहण की समस्यों से भी अवगत कराया।

## विश्वनाथ धाम जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

**वाराणसी।** मैदागिन स्तिथि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा के पास एकत्रित होकर रविवार को जिला/ महानगर कांग्रेस कमेटी के लोग बाबा विश्वनाथ के दर्शन हेतु व वहां व्याप्त समस्याओं के अवलोकन हेतु 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ मंदिर की तरफ बढ़े। उन्हें रास्ते में ही रोक दिया गया। कांग्रेसजनों ने रोष व्यक्त करते हुए अपनी मांग पत्र को सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने किया।

जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने संयुक्त रूप से कहा कि अति प्राचीन काशी के अक्षयवट को प्रधानमंत्री ने उनकी केंद्र व प्रदेश की सरकार ने अपने झूठे-खोखले विकास का हवाला देकर गिरवा दिया।

# यूपी में नए सिरे से जमीन तैयार करने में जुटी कांग्रेस

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में वनवास झेल रही कांग्रेस नए सिरे से जमीन तैयार करने में जुटी हुई है। वह अब जनहित के मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरने जा रही है। इसीलिए 18 दिसंबर को विधानभवन घेराव कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है। सालों बाद ऐसा होने जा रहा है कि प्रदेशभर के कांग्रेसी लखनऊ में किसी घेराव कार्यक्रम में जुटेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय कहते हैं कि घेराव कार्यक्रम के लिए जिलेवार प्रभारी बनाए गए हैं। इनकी जिम्मेदारी होगी कि वे अपने-अपने जिलों से कांग्रेसियों को लखनऊ लाकर अपनी ताकत का अहसास कराएं।

कांग्रेस उत्तर प्रदेश में नए सिरे से जमीन तैयार करने में जुटी हुई है। इसकी

» 18 को विधानसभा घेराव के लिए जिलेवार पर्यवेक्षकों की तैनाती

जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को सौंपी गई है। उनके कहने पर ही गुटबाजी खत्म करने के लिए कांग्रेस की सभी इकाइयों को भंग कर दिया गया है। कांग्रेस संगठन में अब ऐसे लोगों को स्थान दिया जाएगा जो जमीन पर उतर कर काम कर सकें। बंद कमरों में बैठकर बयान जारी करने वालों से कांग्रेस आलाकमान किनारा करना चाहता है, इसलिए संगठन से नए चेहरों को जोड़ा जाएगा। इसमें सर्वसमाज के लोग होंगे।

लोकसभा चुनाव परिणाम से कांग्रेस उत्साहित है। उसका यह मानना है कि मुस्लिम और दलित ने इस चुनाव में खुलकर उसका साथ दिया है। दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण उसका मूल वोटर हुआ करता था। वह फिर से कांग्रेस की तरफ देख रहा है। इसीलिए संगठन में इन वर्गों को अधिक तरजीह देने की योजना है।

इसको देखते हुए ही विधानभवन घेराव के लिए जिलेवार पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इसमें देखा जाएगा कि उनके जिलों से कितने कांग्रेसी आ रहे हैं। संगठन बनाने में इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

## भव्य मनाई जाएगी अटल की जन्म जयंती: ब्रजेश

**लखनऊ।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। रविवार को राज भवन कॉलोनी में बैठक आहूत कर तैयारियों की समीक्षा की गई।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि 24 दिसंबर को अटलजी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी कनवेंशन सेंटर (केजीएमयू परिसर) में अटल गीत गंगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं युग कवि डॉ० कुमार विश्वास द्वारा एकल काव्य पाठ किया जाएगा।

कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन, चित्रकला और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा।

## भाजपा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद किया : अखिलेश

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश अपहरण प्रदेश बन गया है। किडनैपरों के हौसले बुलन्द हैं। हत्या, लूट अपहरण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। साइबर क्राइम भी फलफूल रहा है। लोगों में डर और दहशत का माहौल है।

श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी अपहरण और फिरौती का व्यापार कर रहे हैं। सरकार कानून व्यवस्था को सुधारने के बजाय खुद अपराधियों को संरक्षण दे रही है। दंगाफसाद को बढ़ावा दे रही है। सत्ता के दुरूपयोग में पुलिस का इस्तेमाल कर रही है। राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ

» अपराधी कर रहे अपहरण और फिरौती का व्यापार

झूठे मुकदमें दर्ज करा रही है। श्री यादव ने कहा कि पिछले दिनों मेरठ में हास्य कलाकार सुनील पाल का अपहरण हुआ। उसके बाद अभिनेता मुश्ताक अहमद का अपहरण हुआ। अपहरणकर्ताओं ने सुनील पाल से आठ लाख रुपए और मुस्ताक खान से दो लाख रुपये की वसूली की बात सामने आयी है।

## एडेड हाईस्कूलों में 1894 पदों पर शिक्षक भर्ती लटकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में सहायक अध्यापक और प्रधानाध्यापकों के 1894 पदों पर भर्ती बेरोजगारों के लिए सिरदर्द बन गई है। 15 फरवरी 2024 को हाईकोर्ट में सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद महीनों प्रयागराज से लखनऊ तक अफसरों के चक्कर काटने के बाद बेरोजगारों को अब हाईकोर्ट से ही भर्ती पूरी होने की आस लगी है। कॉलेज प्रबंधकों की ओर से दायर याचिका में हाईकोर्ट ने 10 दिसंबर को बेसिक शिक्षा विभाग के अफसरों से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की टाइमलाइन पूछी है।

प्रदेश के 3049 सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में सहायक अध्यापकों के 1504 और प्रधानाध्यापकों के 390 पदों पर भर्ती के लिए 17 अक्तूबर 2021 को लिखित परीक्षा कराई गई थी। 15 नवंबर 2021 को परिणाम घोषित होने के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने कम अंक मिलने की शिकायत करते हुए हाईकोर्ट में याचिकाएं कर दी थी।

## संविदा श्रमिकों को 22 हज़ार रुपए प्रति माह वेतन दिए जाने की मांग

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के सभी घटक 16 दिसम्बर से निजीकरण विरोधी जागरूकता अभियान चलाएंगे। घटके के संगठनों विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उप्र ,विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उप्र,केस्को संविदा कर्मचारी यूनियन, निविदा संविदा सेवा समिति एवं दैनिक वेतन विद्युत कर्मचारी संघ द्वारा रविवार को निजीकरण को लेकर हुई बैठक में 16 से 23 दिसम्बर तक प्रदेश के हर ज़िलों और सभी परियोजना स्थलों पर निजीकरण विरोधी जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया।

वरिष्ठ मज़दूर नेता व महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष आर एस राय की अध्यक्षता में हमबरा अपार्टमेद श्यामा चौराहा नरही लखनऊ में हुई एक बैठक में वक्ताओं ने बिजली परिचालन और

» निजीकरण के विरोध में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

वितरण में हर वर्ष 1400 संविदाकर्मियों की जान चली जाती है। इस संविदाकर्मियों को मनरेगा मज़दूरों से भी कम वेतन दिया जाता है।

बैठक में ऊर्जा मंत्री और चेयरमैन से संविदा श्रमिकों को 22 हज़ार रुपये तथा लाइनमैन, एस एस ओ और कम्प्यूटर आपरेटर को 25 हज़ार रुपये प्रति माह वेतन दिए जाने की मांग की।

## प्रदेश के पांच जिलों के चिकित्साधिकारी बदले गए

**लखनऊ।** प्रदेश के पांच जिलों के चिकित्साधिकारी बदल दिए गए हैं। पीलीभीत में तैनात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी को सीएमओ कानपुर बनाया गया है।

अमरोहा के जिला चिकित्सालव में तैनात वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. सुनील तेवदिया को सीएमओ मुजफ्परनगर बनाया गया है। कासगंज में तैनात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार सिंह को सीएमओ औरैया, गोरखपुर के जिला महिला अस्पताल में तैनात वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. अशोक कुमार को सीएमओ श्रावस्ती और प्रयागराज में तैनात जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी को सीएमओ प्रयागराज बनाया गया है। यह जानकारी प्रदेश सरकार की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति में दी गई है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले सीएमओ और चिकित्सीय सेवा से जुड़े अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए थे।

## प्राकृतिक खेती से ही है सभी समस्या का समाधान : श्याम बिहारी गुप्त

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग और मॉडल बायोगैस समूह के संयुक्त तत्वाधान में गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय "एक किसान एक गाय अभियान" और "गो आधारित प्राकृतिक खेती- प्राकृतिक खेती आधारित कुटीर उद्योग" था।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आईएएस डॉ. कमल टावरी, पंचगव्य विद्यापीठम विश्वविद्यालय, चेन्नई के कुलपति निरंजन गुरु, और कृषि विभाग के पूर्व सलाहकार पीएस ओझा ने अपने विचार प्रस्तुत किये। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि अगर हर किसान एक गाय को गोद ले लें तो उत्तर प्रदेश में गोवंशों की

» गो आधारित खेती के विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

समस्या का समाधान हो जाएगा।

गोवंश आधारित प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी के बायो मास को बढ़ा कर कृषि भूमि को सुधारने में मदद करेगी बल्कि यह साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में गोपालन से जुड़े अन्य कुटीर उद्योगों को भी बढ़ावा भी देगी। गोवंश आधारित प्राकृतिक खेती न केवल कृषि क्षेत्र में सुधार लायेगी।

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को सौंपा महाकुंभ 2025 का आमंत्रण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधित्व में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार एवं अल्पसंख्यक राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 में आने का औपचारिक निमंत्रण दिया।

्रश्री कुमार ने उपराज्यपाल को अवगत कराया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक सम्पन्न होगा, जो न केवल आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर एक नए आयाम में प्रस्तुत करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य मानवता के उच्चतम आदर्शों, आध्यात्मिकता, और सांस्कृतिक एकता को स्थापित करना है।

**रिकार्ड** मुख्यमंत्री ने एक मीडिया समूह की तरफ से आयोजित दिव्य महाकुम्भ–2025 कार्यक्रम में की शिरकत

# महाकुम्भ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रही सरकार: योगी

» 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली : योगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) में 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे, लेकिन तैयारी 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए होगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी।

12 किमी के घाट तैयार किए जा रहे हैं। 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग व अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुम्भ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से भारत की 11 भाषाओं को समाहित करते हुए हर व्यक्ति अपनी भाषा में जानकारी प्राप्त कर सकेगा। कुम्भ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की काउंटिंग भी सरकार के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुम्भ होगा। महाकुम्भ यूपी के आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में

मार्गदर्शक होगा।

सीएम योगी ने एक समाचार पत्र समूह की तरफ से आयोजित दिव्य महाकुम्भ-2025 कार्यक्रम में शिरकत की। सीएम ने संभल के मुद्दे पर भी बेबाकी से राय रखी। सीएम योगी ने कहा कि कल संसद में चर्चा संविधान पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। इन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति व ज्योतिर्लिंग रातों रात तो नहीं आई।

उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। यह लोग कुम्भ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुम्भ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है।

पहली बार प्रयागराज में स्वच्छ-सुरक्षित व सुव्यवस्थित कुम्भ देखने को मिला। जो कुम्भ गंदगी, भगदड़, अव्यवस्था, असुरक्षा का प्रतीक बन गया था, वही प्रयागराज कुम्भ 2019 में दिव्य-भव्य बना। सुरक्षा, सुव्यवस्था और स्वच्छता का मानक गढ़ा था। स्वच्छता इस कदर रही कि पीएम मोदी ने स्वच्छता कर्मियों का पाद प्रक्षालन भी किया। यह भारत की विरासत है कि जिसने भी कार्य किया है, उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करें। महाकुम्भ-2025 में आस्था व आधुनिकता का संगम भी दिखाई देगा।

सीएम ने इशारों में कांग्रेसियों व विपक्षी दलों पर प्रहार किया। बोले-जो लोग भारत का ठेका लेकर घूमते हैं और डिस्कवरी ऑफ इंडिया को भारत का सबसे प्राचीन ग्रंथ मानते हैं। सीएम ने कहा कि 9 नवंबर 2019को उच्चतम न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि से संबंधित फैसला दिया, जिससे विवाद सर्वदा समाप्त हो गया पर वे लोग आज भी जज को धमकी देते हैं। यह वही लोग हैं, जो संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं।

## पश्चिम यूपी में बने अस्थायी राजधानी

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने योगी सरकार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अस्थायी राजधानी स्थापित करने की मांग की है। भाकियू संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की रविवार को एक विशेष बैठक में तर्क दिया गया कि जब उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में दो राजधानी हैं, तो घनी आबादी वाले राज्य यूपी में दो राजधानी क्यों नहीं हो सकती। मोर्चा ने सरकार से मांग की कि भारत रत्न चौधरी चरणसिंह जयंती पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी शहर को मुख्यमंत्री जनता दर्शन व अस्थाई राजधानी स्थापित करने की घोषणा की जाए।

बैठक में यह भी मांग की गई कि चौधरी चरणसिंह जयंती के अवसर पर गांवों को आत्मनर्भिर बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का गहन उप

# सड़क हादसे में मदरसे में बच्चों को पढ़ाने जा रहे शिक्षक की मौत

## पटरंगा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मास्टर की हुई मौके पर दर्दनाक मौत। जानकारी के अनुसार रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर से डेली मास्टर अखिलेश शुक्ला पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरांय के मदरसा ताजुल उलूममें बच्चों को पढ़ा रहे थे।

मास्टर अखिलेश शुक्ला रोज की तरह रविवार को भी अपने घर से किसी वाहन जाकर मटौली तिराहे पर उतर कर मटौली मार्ग से पैदल पुरांय के मदरसा में बच्चों को पढ़ाने जा रहे थे। पैदल जा मास्टर साहब को मटौली गांव पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और वाहन चालक वाहन लेकर फरार

हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ लग गई लोगों ने घटना की सूचना पुरांय के ग्राम प्रधान सरफराज को दी सूचना मिलते ग्राम प्रधान सहित मदरसा का स्टाफ व जिम्मेदार सहित तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे। ग्राम प्रधान सरफराज ने घटना की सूचना पटरंगा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पटरंगा थाना की हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह तत्काल अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

इस सम्बंध में हाइवे चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग 10 बजे मटौली गांव के निकट मटौली पुरांय मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरपुर निवासी मास्टर अखिलेश शुक्ला पुत्र शिवराम शुक्ला की मौत हो गई।

जो ग्राम पुरांय के मदरसा ताजुल उलूम में पढ़ाने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर के चालक वाहन लेकर फरार हो गया है अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन कर नागरिकों को किया जागरूक

विश्ववार्ता संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय ग्राहक पंचायत ब्रज प्रांत जनपद मथुरा के तत्वावधान में 31 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होने वाले 15 दिवसीय ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा अंतंगत रविवार को रोटी गोदाम रोड़ निकट चामुंडा मन्दिर, कृष्णापुरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलीत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ कर उपस्थित लोगों को नागरिकों के शोषण, वैधानिक प्रावधानों, नियमों व प्रचलित परम्पराओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।15 दिवसीय ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन शहर के अगल-अलग स्थानों पर किया जायेगा।

ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों, सामाजिक संगठनों, समाज के संभ्रांत नागरिकों, संबंधित सरकारी व अर्द्ध सरकारी विभागों, बैंकों के साथ सहयोग व सवमन्वय कर खाद्य पदार्थ व दवाओं में मिलावट, भू सम्पदा, बिजली, हरित ऊर्जा, गलत विज्ञापन, बैंक, सरकारी विभागों, नगर महापालिका, विकास प्राधिकरण आदि ने आने वाली दिन प्रतिदिन की समस्याओं तथा जीएसटी, साइबर अपराध आदि समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गई। कार्यक्रम में सभी पदाध्किारियों ने ग्राहकों की जागरूकता पर बल दिया। ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा द्वारा आयोजित पहले कार्यक्रम में भारतीय ग्राहक पंचायत ब्रज प्रांत जनपद मथुरा के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने निशुल्क विधिक सेवा, सूचना का अधिकार, प्रथम सूचना रिपोर्ट, खरीदारी में सजगता, स्व आधारित विमर्श की स्थापना, ग्राहक एवं राजा, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 तथा अन्य कानूनों के बारे में जानकारी साझा की। जो सभी नागरिकों की जागरूकता एवं आपसी सहयोग विचारधारा सभी नागरिकों को शोषण से बचा सकती है।

राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि इसके लिए समाज के सभी ग्राहकों (नागरिकों), शासन व प्रशासनिक अधिकारियों, किसानों, व्यापारियों, निर्माताओं के साथ समन्वय कर मानवता के लिए अभिशाप शोषण को समाप्त करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ब्रज प्रांत जनपद मथुरा संकल्पित है।ग्राहक जागरूक पखवाड़ा कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ब्रज प्रांत, मथुरा के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष विजयपाल सिंह, उपाघ्यक्ष डॉ. घनश्याम तिवारी, उपाघ्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रेमसिंह चैहान, मुरारीलाल, वृंदावन, ओमप्रकाश, निरंजन सिंह, अरूण कुमार, हिरेश सैनी, पत्राकार सैयद राजू आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

## स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना पुनीत कार्य : ऋषिकेश

माटी रतन सम्मान का अनावरण करते प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व अन्य

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का दायित्व पुनीत कार्य है। भविष्य में स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों की स्थापना से देश में बेहतर समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। श्री उपाध्याय ने अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा दिए जाने वाले माटी रतन सम्मान का अनावरण करते समय यह बातें कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय तथा संचालन संस्थान के अध्यक्ष ज़फ़र इक़बाल ने किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए 19 दिसंबर को आयोजित शहादत दिवस समारोह में शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम में दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, संस्थान के कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान भोलू, विश्वकर्मा प्रधान, स्वामी जी, रमाशंकर गुप्ता, जसवीर सिंह सेठी, राजू खान, नीशू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भतीजे पर लगा बुजुर्ग व्यापारी पर पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप

» नाजुक हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर किया रेफर

विश्ववार्ता संवाददाता

**रामपुरभगन,अयोध्या।** कपड़े एवं मिठाई के बुजुर्ग व्यापारी को पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप उसके भतीजे पर लगा है। पुलिस भतीजे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

घटना तारुन थाना अंतर्गत रामपुरभगन चौकी क्षेत्र कस्बा की है। बताया जा रहा है कि रोशन लाल सोहनलाल रामचरन मोदनवाल तीनों सगे भाई हैं। इनकी करोड़ों की संपत्ति रामपुरभगन बाजार में है। इसमें काफी बेशकीमती जमीनों को बेचकर रोशन लाल के तीनों बेटे व सोहनलाल का पूरा परिवार फैजाबाद अयोध्या शहर में मकान बनाकर रहता है। आग लगने से झुलसकर घायल रोशनलाल के पुत्र पवन कुमार ने बताया कि पिछले तीन साल से संपत्ति बंटवारे का विवाद चल रहा है। जिसको लेकर रविवार की सुबह चाचा के लड़के सत्यम ने पिता रोशनलाल पर पेट्रोल डालकर जला दिया। जब वह लघु शंका करने घर से बाहर निकले थे। चाचा रामचरन एंबुलेंस से लेकर पिताजी को सीएचसी तारुन पहुंचे।

जहां से उन्हें नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीओ बीकापुर पीयूष ने बताया कि बुजुर्ग व्यापारी के भतीजे सत्यम को कस्टडी में ले लेकर पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल का एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने भी मौका मुआयना किया है। फॉरेंसिक टीम भी पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## 14 जनवरी को भव्य तरीके से मनेगा स्थापना दिवस

### अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय, दी गई जिम्मेदारी

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने 14 जनवरी 2025 को स्थापना दिवस की तैयारी के लिए एक भव्य बैठक का आयोजन किया , जो संगठन के केंद्रीय कार्यालय देवकाली पर हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य काशीनाथ तिवारी ने की।

इस बैठक में आगामी 14 जनवरी 2025 को होने वाले स्थापना दिवस के भव्य एवं दिव्य आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को आयोजन के सफल संचालन के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।इसके अलावा, परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि यदि किसी अन्य व्यक्ति या संगठन ने 'अखिल भारतीय चाणक्य परिषद' नाम का दुरुपयोग किया, तो बीएनएस की धारा 156/3 के तहत

तैयारी बैठक में मौजूद परिषद के पदाधिकारी

उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके साथ ही साथ अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के छत्तीसगढ़ प्रभारी आचार्य वीरेंद्र कुमार द्विवेदी के छोटे भाई दिवंगत हो जाने की सूचना मिलने पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी, वरिष्ठ सदस्य जयप्रकाश तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश पांडेय प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी, संपादक चाणक्य धारा पंडित श्याम नारायण द्विवेदी, प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश मिश्र, जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र, जिला महामंत्री अंबरीश चंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष आशीष पांडेय जिला उपाध्यक्ष डॉ ऋषि पांडेय जिला उपाध्यक्ष रुपेश तिवारी अयोध्या मंडल से सचिन तिवारी, मंडल संरक्षक राकेश पाठक मंडल उपाध्यक्ष पंडित विजयकांत उपाध्याय सुमित तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष तारुन पंडित दिलीप मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष मसौधा पंडित संतोष पांडेय ओम प्रकाश दुबे राजमणि तिवारी महानगर महामंत्री शशिकांत तिवारी महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडेय महानगर उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद पाठक सूर्यकांत पांडेय राहुल पांडेय ओमप्रकाश दुबे सुभाष चंद्र शुक्ल पंडित प्रमोद मिश्र वरिष्ठ समाजसेवी समेत कई प्रमुख संभ्रांत ब्राह्मण और पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### अपराधियों के खिलाफ थानाध्यक्ष करें कार्रवाई

**अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी ने जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने कहा कि हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने व गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्यवाही करने के लिए भी उन्होंने कहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गम्भीर अपराधों, पॉक्सों एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाई जाए। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अकुश लागने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही की जाय।

### वरिष्ठ पत्रकार के पिता के त्रयोदश संस्कार में उमड़ी भीड़

**अम्बेडकरनगर।** आलापुर के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप पाण्डेय के पिता के त्रयोदश संस्कार में शामिल होने के लिए खास से लेकर आम लोगों का उनके पैतृक आवास सिपाह में जमावड़ा लगा रहा!शनिवार को सुबह से ही लोगों के आने-जाने का शुरू हुआ सिलसिला देर रात तक चला! लोगों ने पत्रकार प्रदीप पांडेय के पिता के चित्र पर श्रद्धाँजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। त्रयोदश संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने वालों में वरिष्ठ पत्रकार कंतराज यादव,अखिलेश त्रिपाठी,दिलीप सिंह,ओंकारनाथ मिश्र,शैलेंद्र मिश्र,बृजेश सिंह,बृजेश त्रिपाठी, डीएस यादव अनिल यादव,अनुज यादव,कुलदीप सिंह,उपेंद्र आजाद,दुष्यंत यादव,मनोज यादव,ज्योतीन्द्रनाथ त्रिपाठी, जेपी सिंह,लोकपति त्रिपाठी,पुनीत दूबे,सुशील तिवारी,हरिमोहन दूबे अनुज यादव,अखिलेश जायसवाल,मुमताज अहमद,रामू,गणेश कन्नौजिया, ख्वाजा अली असगर,लालमणि गोंड़ सुनील सिंह,अनिमेष पीयूष श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी आलापुर सुभाष सिंह,तहसीलदार धर्मेंद्र यादव,नायब तहसीलदार राज कपूर,आलापुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार,अधिवक्ता संघ आलापुर के अध्यक्ष सुनीत कुमार द्विवेदी,महामंत्री नरेंद्र यादव पूर्व अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र,अशोक मिश्र,शिवप्रसाद शुक्ला,राकेश तिवारी ,अंजनी वर्मा, आरएस गौतम,घनश्याम यादव राजबहादुर यादव,दशरथ यादव, तहसील क्षेत्र के आठ शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक शिक्षक समेत भारी संख्या में ईलाकाई लोग रहे।

### खंभों पर लगे त्रिशूल से बरेलवी उलेमा खफा

**बरेली।** शहर में स्ट्रीट लाइटों के खम्बों पर लग रहे त्रिशूल से खफा बरेलवी उलेमाओं ने सिटी कमिश्नर को नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा है कि नगर निगम एक ही धर्म का बढ़ावा दे रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने अपने एक बयान में कहा कि सुंदरीकरण करने में नगर निगम अच्छा काम कर रहा है। मगर बिजली के खम्भों और डिवाइडरों आदि जगहों पर त्रिशूल लगाकर एक खास धर्म को बढ़ावा देने और प्रचार करने से हमारे शहर की छवि धूमिल हो रही है। त्रिशूल के साथ दूसरे धर्मों की पहचान के तौर पर कुछ चीजें लगाई जाएं तो मुसलमानों को कोई आपत्ति नही होगी। अगर सिर्फ एक धर्म की पहचान को सरकारी सम्पत्तियो पर लगाया जाएगा तो हर व्यक्ति को आपत्ति होगी। मौलाना ने कहा कि हमारा देश जम्हूरि मुल्क है, ये किसी खास धर्म के मानने वालों का देश नहीं है। संविधान सभी धर्मों को सम्मान देने की बात करता है। सिर्फ एक धर्म को नगर निगम बढ़ावा देगा तो सभी लोगों के दिलों को आहत करने वाली बात होगी।मौलाना ने कहा कि नगर निगम हो या दूसरी सरकारी सम्पत्तिया उस पर सभी धर्मों के मानने वालों का अधिकार है। नगर निगम के महापौर डाक्टर उमेश गैतम जी को मुसलमान पसंद करता है ।

## विकास सिंह अध्यक्ष व अंकुर गौतम महामंत्री बनें

### आबकारी विभाग का मंडलीय अधिवेशन व चुनाव कार्यक्रम संपन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** आबकारी विभाग का मंडलीय अधिवेशन और चुनाव कार्यक्रम अयोध्या के नाका स्थित आबकारी भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश एक्साइज कांस्टेबल एसोसिएशन के दो महत्वपूर्ण पदों के लिए चुनाव हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उप आबकारी आयुक्त व अयोध्या प्रभार सुधीर सिंह उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार थे— विकास सिंह, अभय प्रताप सिंह, और पवन कुमार तिवारी।

निर्वाचित पदाधिकारी के साथ मंच पर मौजूद अन्य

विकास सिंह ने 51 मतों के साथ अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। महामंत्री पद के लिए अंकुर गौतम और सिद्धार्थ सोमवंशी दावेदार थे, जिसमें अंकुर गौतम ने 82 मतों के साथ विजय प्राप्त की।अध्यक्ष पद पर पवन कुमार तिवारी को 42 मत मिले, जबकि अभय प्रताप सिंह को 24 वोट मिले। महामंत्री पद पर सिद्धार्थ सोमवंशी को 34 वोट मिले। विजेता उम्मीदवारों का सम्मान माला पहनाकर और बधाई दी गई। नव-निर्वाचित अध्यक्ष विकास सिंह ने विभाग की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया और अपने साथियों के लिए कई सुविधाएं सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं, महामंत्री बने अंकुर गौतम ने सबका आभार व्यक्त किया और अपने साथियों के अधिकारों की रक्षा करने का वादा किया।

## आयोजित ओटीएस विद्युत कैंप का आयोजन 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक शुरू

**अयोध्या।** बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र के सराय खरगी में आयोजित ओटीएस विद्युत कैंप का आयोजन 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक शुरू की गई एक मुश्त समाधान योजना के तहत किया गया। यह योजना विद्युत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में राहत प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई है।

रविवार को बीकापुर तहसील क्षेत्र में ओटीएस योजना 2024-25 के अंतर्गत विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों जैसे बीकापुर, तारुन, गयासपुर, हैदरगंज, मगारी, रामपुर भगन, दराबगंज और सराय खरगी में कैंप लगाए गए। पहले दिन 180 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर अपने बकाया बिल का भुगतान किया और सरचार्ज में छूट का लाभ उठाया। इस दौरान लगभग 6.82 लाख रुपए बकाया विद्युत बिल जमा किए गए।

## सम्पत्ति विवाद में भतीजे ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर चाचा को जलाया

» रामपुर भगन बाजार में हुई घटना, हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर किया गया रेफर

विश्ववार्ता संवाददाता

**तारुन- अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन बाजार मे सम्पत्ति बटवारे के विवाद को लेकर रविवार की प्रातः भतीजे ने चाचा से हुई लड़ाई झगड़ा के बाद गुस्से मे उन पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। जिससे आग की लपटो से घिरे चाचा गंभीर रूप से झुलस गये।

घटना के बाद परिजन उन्हे एम्बुलेंस बुलाकर घायल अवस्था मे इलाज को तारुन सीएचसी ले गये। जहां मौके पर मौजूद डॉक्टर संतोष कुमार यादव ने तत्कालिक इलाज के बाद घायल की हालत नाजुक देखते हुये उन्हे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। वहाँ पहुंचने पर घायल को लखनऊ ट्रामा सेंटर इलाज को भेज दिया गया। सीएचसी तारुन के डॉक्टर संतोष कुमार यादव व जिला अस्पताल के डॉक्टर आशीष पाठक की माने तो व्यापारी 95% झुलस चुका हैं जिसकी हालत नाजुक बनी हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार बाजार निवासी मृतक राम नेवाज हेलवाई के तीन बेटे हैं। जिनमे रोशनलाल मोदनवाल, सोहनलाल मोदनवाल तथा राम चरन मोदनवाल हैं। तीनो भाइयो ने पिता की काफी बाजार की जमीन बेचकर फैजाबाद अयोध्या शहर मे जमीन खरीदकर वहाँ मकान बनाकर रहते हैं। सूत्रों की माने तो रामपुर भगन चराँवा मार्ग पर कमरे बने हैं। जिनकी किराये की वसूली घायल की जगह अन्य भाई करते थे। इन्ही सभी बातो को लेकर तीनो भाइयो मे विवाद झगड़ा लड़ाई हुआ करती थी।

## एल्युमिनी मीट में दिवंगत शिक्षक व छात्रों को दी गई श्रद्धांजलि

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** जवाहर नवोदय विद्यालय, अयोध्या में वार्षिक एल्युमिनी मीट का आयोजन धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। इसके बाद विद्यालय के दिवंगत गुरुजनों और उन पूर्व छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जो अब हमारे बीच नहीं हैं।इस वर्ष की एल्युमिनी मीट का आयोजन 1993 बैच द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय में पहुंचे सीनियर, जूनियर और बैचमेट्स ने अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के.के. मिश्र और नवोदय विद्यालय समिति, लखनऊ संभाग के असिस्टेंट कमिश्नर सुमन कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में वर्तमान और सेवानिवृत्त गुरुजनों का स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।1993 बैच ने अगली एल्युमिनी मीट का बैटन 1994 बैच को सौंपा, जो वर्ष 2025 में इस आयोजन की जिम्मेदारी संभालेगा।

## भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की मनाई गई पुण्यतिथि

**अयोध्या।** भाजपा महानगर कार्यालय सहादतगंज में भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि मनाई गई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा महानगर उपाध्यक्ष राम प्रीत वर्मा द्वारा उनके चित्र पर मार्ल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि देश की एकता व अखण्डता के लिए शिल्पकार की भूमिका में उन्हें याद करते है। स्वतंत्रता के बाद रियासतों के बटे भारत को एक करके उसे आंतरिक रुप से उन्होनें मजबूत किया। अखंड भारत निर्माण में उनके योगदान कभी विस्मृत नही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र का अध्ययन हमें अखण्डता व एकता का पाठ पढ़ाता है। हम उन्हे लौह पुरुष के रुप में याद करते है। महानगर उपाध्यक्ष राम प्रीत वर्मा ने कहा कि आज के इस अवसर पर हम भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने का संकल्प लेते है।

## लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल भारतीयों के आदर्श

### कांग्रेसियों ने मनाई लौहपुरुष की पुण्यतिथि, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

विश्ववार्ता संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में कई महान व्यक्तित्व ने भाग लेकर अभूतपूर्व योगदान दिया उन्ही महान व्यक्तित्व में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल भी हैं। उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान ने कही। उन्होंने कहा सरदार पटेल महान नेता कुशल प्रशासक और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। वे हमारे आदर्श है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रांजल तिवारी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने कहा आगामी 18 दिसम्बर को लखनऊ विधानसभा घेराव में अम्बेडकरनगर जनपद के कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनायेंगे। कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर 18 दिसम्बर को होने वाले विधानसभा घेराव के तैयारी की समीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान और युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रांजल तिवारी आये। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र और संचालन युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत यादव ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अमित जायसवाल, मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छ, सुखीलाल वर्मा, दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, श्रीकांत वर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, आदित्य नारायण तिवारी, नायाब कुमार, अंशू मौर्य, शैलेन्द्र यादव, शशिकांत वर्मा, मो हबीब ने सम्बोधित किया।

## बूथों पर मजबूती से जुटें सपा के कार्यकर्ता : पारसनाथ यादव

» समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान बचाओ, खेती बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** रविवार को मिल्कीपुर विधानसभा के विकासखंड अमानीगंज स्थित बाबा खाकी दास कुटी नंदौली में समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान बचाओ, खेती बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि मिल्कीपुर के उपचुनाव से कोई मुख्यमंत्री बनेगा या कोई मुख्यमंत्री हटेगा यह कोई सवाल नहीं है।

सवाल यह है कि संविधान बचेगा कि नहीं, डॉ भीमराव अंबेडकर जी के सपने जो अधूरे हैं पूरा करने के लिए समाजवादी साथियों मै कहना चाहता हूं हम सभी की जिम्मेदारी बनती है की बाबा साहब के सपने को पूरा करें। हमें अग्निवीर जैसी नौकरी नहीं चाहिए सरकार बनने पर हम अग्निवीर जैसी नौकरी को ख़त्म कर देंगे। लोकसभा चुनाव के तरीके से मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी को जीत दिला कर सपा कार्यकर्ता इतिहास बनाने का काम करें।

कार्यक्रम को डॉ माखनलाल यादव,रामजी पाल,अनूप सिंह, सिराज अहमद,राम लहू यादव, रामतेज यादव, वेद प्रकाश यादव, अवधेश सिंह, सुभाष रावत, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव व संचालन यदुनाथ यादव ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### मिल्कीपुर में आयोजित रोजगार मेले में कृषि व श्रम मंत्री ने शिरकत

## मेले में उमड़े युवक, रोजगार पाकर खिले चेहरे

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** मिल्कीपुर में रोजगार मेले के दौरान युवाओं का बड़ा समूह उमड़ा पड़ा। आठ हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए 50 से भी निजी कंपनियां पहुंची थीं।

शाम तक चले मेले के बाद शॉर्टलिस्ट हुए युवाओं को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संयुक्त रूप से जोइंनिग लेटर वितरित किया। रोजगार पाकर युवाओं के चेहरे की मुस्कान योगी सरकार का धन्यवाद कर रही थी।

**1164 को मिला रोजगार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों के तहत मिल्कीपुर में दूसरा बड़ा रोजगार मेला रविवार को लगाया गया। विद्या मंदिर इंटर

जॉइनिंग लेटर के साथ मौजूद युवा

कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर व विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुंचे थे। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने के प्रति संकल्पित है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश में कोई भी नौजवान बेरोजगार न रहे। इसलिए समय-समय पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 2682 ने प्रतिभाग किया था। इसमें से 1164 को रोजगार मिला है। इन निजी कंपनियों ने दिया रोजगार क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय व मॉडल कैरियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन हुआ था।

इसमें निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कम्पनियां जीफोरएस सिक्योरिटी इण्डिया प्रालि, यशस्वी स्किल लि, एसएन स्टफिंग सोल्यूशन, अनुदीप फाउंडेशन, पुखराज हेल्थ केयर, कारस कृपा, एसके इले, टीम प्लस एचआर सर्विसेज इत्यादि ने प्रतिभाग किया।18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उत्तीर्ण अभ्यर्थी व हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा करने वालों ने ही प्रतिभाग किया था।

## अपनी रचनाओं से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि देंगे अटल जी को श्रद्धांजलि

» पूर्व सांसद लल्लू सिंह के द्वारा जीआईसी के मैदान में भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर 

## एक नजर

### भागवताचार्य को गणेश सेवा समिति ने किया सम्मानित

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** दो दशक से ज्यादा समय से प्रतिवर्ष तपोभूमि में कथा सुनाने आ रहे कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी का गणेश सेवा समिति ने कथा के समापन के बाद फूल मालाओं के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कथा व्यास ने कहा कि यह उनका सम्मान नहीं, बल्कि आस्था और सनातन धर्म का सम्मान है। ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज जी की कृपा सब पर बरसती रहे। यह कामना वह हमेशा करते है। इस मौके पर गणेश सेवा समिति के सोनू तिवारी, डा. शिवम गुप्ता, अमर ओमर, बाबू सोनी, रज्जन पांडे, कल्लू चैरसिया आदि मौजूद रहे।

### एडीएम व एसडीएम शामिल हुए गंगा आरती में

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर तपोभूमि के गायत्री गंगा घाट पर शुरू हुई गंगा आरती में एडीएम न्यायिक के साथ एसडीएम सदर ने हिस्सा लेकर आरती की। गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ के अवसर पर गायत्री गंगा घाट पर नगर पंचायत ने गंगा आरती का शुभारंभ कराया था। एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ ने एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक के साथ मिलकर गंगा आरती की। यहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य, राजेश शिवहरे, रज्जन मिश्रा, बदलू फौजी, प्रकाश बाबू शिवहरे के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ साधु संत शामिल रहे। आचार्य उमादत्त शुक्ला ने आरती में पूजन आदि कराया।

### स्वामी जी ने दिया था करोड़न नाले को गायत्री गंगा नाम

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटी राम महाराज ने 1957 में श्री गायत्री महायज्ञ के दौरान करोड़न नाले को गायत्री गंगा का नाम शंकराचार्य की मौजूदगी में दिया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उस समय वाहनों का बहुत अभाव था और भंडारे के लिए देसी घी कानपुर से मंगाया गया था। आने में देरी होने के कारण भंडारे में किसी तरह का व्यवधान न पड़े, तब स्वामी जी ने 10 टीन पानी इसी नाले से निकालकर देते हुए भंडारा तैयार करने के निर्देश दिए। उनके तपोबल से पानी घी के रूप में तब्दील हो गया था। बाद में घी आने पर 10 टीन घी गायत्री गंगा में वापस प्रवाहित किया गया था। इसकी पुष्टि 90 से ज्यादा बसंत देख चुके कस्बा निवासी एमएल अवस्थी, राम अवतार गुप्ता ने करते हुए बताया कि स्वामी जी के तमाम चमत्कार आज भी क्षेत्र में चर्चा का विषय है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया हुई पूरी

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव पर्व के तहत चल रहे संगठन के चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष के बाद मंडल अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया चल रही थी। वह आज जिला चुनाव अधिकारी कुशीनगर विधायक न पाठक सह चुनाव अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास एवं शिव प्रकाश सिंह सेंगर के नेतृत्व में जनपद हमीरपुर के सभी 12 मंडलों में पूरी हो चुकी। भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि राठ विधानसभा में लगभग 20 लोगों ने 5 मंडल अध्यक्ष पद के लिए अपने अपने आवेदन किये। इसी प्रकार हमीरपुर विधानसभा के सात मंडल अध्यक्ष पद के लिए लगभग 40 लोगों ने आवेदन किया। जिनको संगठन के द्वारा बनाए गए चुनाव अधिकारी रामहेत राजपूत, आराधना राजपूत, राजेंद्र द्विवेदी, हरिचरण अनुरागी, प्रीतम सिंह किसान,, रोहित शिवहरे, नरवेद्र सिंह, कृष्ण कुमार व्यास सभी ने अपने-अपने मंडलों की चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई। इस चुनाव प्रक्रिया को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने सराहनीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह संगठन पर्व चल रहा है। जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति कर रहे लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी देने के लिए यह कार्य किया गया है। ताकि सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को मेहनत एवं ईमानदारी से निभा सके और संगठन को आगे ले जाने का काम कर सके।

### दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**बरेली।** सिरौली, रविवार की दोपहर सिरौली रामनगर रोड वसुंधरा रिसोर्ट के समीप दो बाईकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको मौके पर पहुंची थाना सिरौली पुलिस ने उपचार हेतु अस्पताल भिजवा दिया। रविवार की दोपहर समय लगभग दो बजे सिरौली रामनगर रोड वसुंधरा रिसोर्ट के समीप बगिया की ओर से आ रही एक प्लैटिना बाइक एचएफ डीलक्स बाइक से टकरा गई जिस पर बैठे हुए चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों ने घटना की सूचना थाना सिरौली पुलिस एवं डायल 112 को दी घटनास्थल पर सिरौली थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह अपनी पूरी पुलिस बल के साथ पहुंचे जिसके बाद उन्होंने दुर्घटना में घायलों को उपचार हेतु रामनगर भिजवाया दिया और दोनों ही बाइको को अपने कब्जे में लिया है। घायलों में सिरौली नगर के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले एक घायल आकिब तथा थाना सिरौली क्षेत्र के खुर्द नवाबपूरा के तीन लोग हैं। जिसमें 12 साल का एक किशोर भी घायल है। सभी घायलों को पुलिस ने उपचार हेतु रामनगर अस्पताल भिजवा दिया।

### क्रिसमस व न्यू ईयर पर शराब दुकानों के लिए समय बढ़ाया

**बरेली।** आबकारी विभाग की ओर से जारी नये निर्देशों के क्रम में जिले में तीन दिन शराब, बीयर और देशी शराब की दुकानें सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक खुली रहेंगीं। वैसे ये दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक ही खुलती हैं। अब क्रिसमस और न्यू ईयर पर इन तीन दिनों तक ग्राहकों को सहूलियत रहेगी। यह निर्णय लोगों की सुविधा और बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।यूपी के आबकारी कमिश्नर डा. आदर्श सिंह ने प्रदेश के सभी जिलों के आबकारी अधिकारियों को आदेश जारी किये हैं कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त निगरानी भी करें। शराब विक्रेताओं को सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी नियमों और कानूनों का पालन करें। किसी भी तरह की अवैध गतिविधि या अनुचित व्यवहार पर कार्रवाई होगी। आबकारी कमिश्नर के आदेश के बाद अब प्रदेश में 24, 25 और 31 दिसंबर को क्रिसमस और न्यू ईयर को ध्यान में रखते हुये अब शराब की दुकानें रात 11 बजे तक खुलेंगी। सरकार ने दुकानदारों और ग्राहकों से संयम और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। राज्य सरकार का यह कदम त्योहारों के दौरान जनता को सुविधाजनक माहौल देने के साथ-साथ व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में लिया गया है।

### लेखपाल का 18 दिन बाद मिला शव

**बरेली।** लेखपाल मनीष कश्यप का रविवार को 18 दिन बाद उनका सड़ा-गला शव कैंट इलाके के बभिया गांव के पास नाले के किनारे से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । रिपोर्ट आने के बाद हत्या की धारा जोड़कर केस में संशोधन किया जाएगा। मनीष कश्यप फरीदपुर तहसील में लेखपाल थे, 27 नवंबर को ड्यूटी पर गए थे लेकिन घर वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। लेखपाल की मां मोरकली ने खल्लपुर गांव की एक जनप्रतिनिधि और उसके सहयोगियों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। बाद में एडीजी जोन रमित शर्मा के आदेश पर फरीदपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। एडीजी ने एसपी क्राइम मुकेश कुमार के नेतृत्व में एसओजी समेत पुलिस टीम को लेखपाल को बरामद करने के लिए लगाया था। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने फरीदपुर पुलिस, एसओजी, सर्विलांस और अन्य टीमों को उनकी तलाश में लगाया।रविवार को 18 दिन बाद उनका सड़ा-गला शव कैंट इलाके के बभिया गांव के पास नाले के किनारे से बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव को बरामद किया।

### नृत्यांजलि में भरतनाट्यम व कत्थक की जुगलबंदी

**बरेली।** श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को रिद्धिमा में देश की प्राचीन नृत्य शैली भरतनाट्यम और कथक के गुरुओं ने नृत्यांजलि में अपनी एकल प्रस्तुतियां दीं। नृत्यांजलि का शुभारंभ कथक गुरु अंशू शर्मा ने कथक तर्पण पायलिया से किया। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए ने अपनी प्रस्तुति से हृदय संदेश दिया। कथक गुरु देवाज्योति नस्कर ने अलबेला सजन आयो रे पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। भरतनाट्यम गुरु तनय भट्टाचार्य ने फिल्म उमराव जान के गीत दिल चीज क्या है पर अपनी प्रस्तुति दी। कथक गुरु रियाश्री चटर्जी की श्रृंगार प्रदर्शन पर प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, उषा गुप्ता, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. रीटा शर्मा सहित मौजूद रहे।

### प्रधानों एवं चौकीदारों संग पुलिस चौकी पर बैठक

**बरेली।** बहेड़ी,कोतवाली नवाबगंज की पुलिस चौकी कुंडरा कोठी पर चौकी इंचार्ज राजकुमार ने हल्का में पढ़ने वाले गांव के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं चौकीदारों संग मीटिंग कर चाय की चुस्की पर कानून व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने सर्दी के मौसम में कोहरे की वजह से होने वाली घटनाओं जैसे चोरियां, एक्सीडेंट एवं गांव में होने वाली छिट पुट घटनाओं जो बड़ा रूप ले सकती है की तुरंत सूचना पुलिस को देने को कहा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना जैसे जानवरों की चोरियां एवं बंद घरों में चोरियां आदि की सूचना तुरंत पुलिस को दे। सर्दी के मौसम में अक्सर कोहरा होने के कारण क्षेत्र में चोरियां एवं अन्य घटनाएं बढ़ जाती है सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# डीएम ने गौशालाओं का किया औचक निरीक्षण, सब व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

## गौवंशों की देखरेख और व्यवस्थाओं की स्थिति संतोषजनक पाई गई

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विकास खण्ड बीसलपुर क्षेत्र के गाँव स्थित अस्थाई गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी को निरीक्षण के दौरान अब किसी भी गौशाला में कोई कमी दिखाई नहीं पड़ती है।

रविवार को जिलाधिकारी बीसलपुर ब्लॉक क्षेत्र स्थित गाँव बिहारीपुर कुमरिखा तथा इमलिया अस्थाई गौ आश्रय स्थल पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था

सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, लेकिन पूर्व सूचना मिलने के बाद सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गईं और जिलाधिकारी को अन्य औचक निरीक्षणों की तरह यहाँ भी सबकुछ ठीक-ठाक नज़र आया। बिहारीपुर कुमरिखा गौशाला में 70 एवं इमलिया गौशाला में 35 गौवंशों को संरक्षित किया गया है। जिलाधिकारी ने गौवंशों की देखरेख एवं कृत्रिम गर्भाधान, ईयर टेगिंग सहित भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों को नियमित हरा चारा देने तथा इमलिया गौशाला में एक और टीन शेड का निर्माण कराने के निर्देश दिए। कस्बा पट्टी में गौशाला निर्माण हेतु भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी बीसलपुर सहित सम्बंधित पंचायत सचिव, लेखपाल, ग्राम प्रधान एवं अन्य उपस्थित रहे।

## महिला ने रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर रोकी ट्रेन

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** बहेड़ी,पूर्वोत्तर रेलवे के बरेली-लालकुआं रेलखंड पर रविवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई। यहां एक महिला ने रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर ट्रेन को रोक दिया। महिला को ट्रैक से हटाने की काफी कोशिश की गई।

ट्रेन के लोको पायलट ने काफी देर तक हॉर्न बजाया। इसके साथ ही राहगीर भी महिला को ट्रेन आने की आवाज लगाते रहे, लेकिन महिला नहीं हटी। वह ट्रैक पर ट्रेन के सामने चल रही थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। मगर, ट्रेन के रुकने से ट्रेन संचालन प्रभावित हुई है। जिसके चलते यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**पांच मिनट खड़ी रही ट्रेन**

बरेली-लालकुआं रेलखंड पर बहेड़ी स्टेशन के पास मोहल्ला तलपुरा से लालकुआं वाया बहेड़ी-बरेली डेमू ट्रेन गुजर रही थी। इसी दौरान ट्रैक पर एक महिला चल रही थी। ट्रेन के लोको पायलट ने गति को धीमा कर महिला को हटाने के लिए हॉर्न बजाया।

मगर, वह ट्रैक से नहीं हटी। इस दौरान राहगीर और मोहल्ले के लोग ट्रैक से हटने को आवाज लगाते रहे, लेकिन वह नहीं हटी। इसके बाद लोको पायलट को ट्रेन रोकनी पड़ी। इसके बाद महिला ट्रैक पर चलकर ट्रेन की तरफ जाने लगी।

**कंट्रोल रूम के मैसेज के बाद जगह-जगह रोकनी पड़ी ट्रेन**

डेमू ट्रेन के आगे महिला के आने के बाद लोको पायलट ने इज्जत नगर रेल मंडल के कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद रेलखंड की ट्रेनों को जगह-जगह रोक दिया गया। यह ट्रेन काफी देर तक खड़ी रही। ट्रैक से महिला के हटने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू हो सका।

## जनता मांगे जवाब, कब दोगे हिसाब, 18 दिसंबर को विधानसभा घेरेगी कांग्रेस

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक कार्यवाहक अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनता की समस्याओं से ध्यान भटकने के लिए पूरे प्रदेश में नफरत का बीज बो रही है जिसके ताजा उदाहरण बहराइच और संभल है। किसान, नौजवान, महिला, बेरोजगार की आवाज को कुचला जा रहा है। अपने हक की आवाज उठाने पर लाठी मिलती है लेकिन कांग्रेस पार्टी इनकी गलत नीतियों के खिलाफ भाजपा के कुशासन के खिलाफ जनता मांगे जवाब। कब दोगे हिसाब के नारे के साथ 18 दिसंबर को विधानसभा घेराव करेगी। रजनीश ने 18 दिसंबर को जनपद के कोने कोने से लखनऊ चलो का नारे देते हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है। कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने बताया कि विधानसभा घेराव की तैयारी के के लिए 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय सचिव/सह प्रभारी तौकीर

## टी स्टाल पर बवाल, कई के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत।** टी स्टाल पर दूध लेकर पहुंचे एक युवक पर कुछ दबंगों द्वारा गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना निवासी बन्टी पुत्र सईद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 11 दिसंबर की रात पौने 12 बजे वह मोहल्ले में चाय के एक होटल पर दूध देने गया था। तभी मोहल्ला डालचंद निवासी लकी, निषाद और कैफ वहां आए और उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों के साथी शहवाज, शहलाज सूफिया, अमजद, जावेद, पुन्नी, मुन्ना, शबनम, परवेज, नईम भी वहां आ गए और सभी लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। भीड़ इकठ्ठा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से फरार हो गए।

## स्वामी चिन्मयानंद ने किया क्लीनिक का उद्घाटन

### मुमुक्षु आश्रम में खुला होम्योपैथिक क्लीनिक, मुफ्त होगा इलाज

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** शैक्षिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था मुमुक्षु आश्रम ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाया है। मुमुक्षु आश्रम की ओर से संचालित धर्मार्थ होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन आज मुमुक्षु आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि काफी समय से इस क्षेत्र में एक होम्योपैथिक चिकित्सक की कमी महसूस की जा रही थी। मुमुक्षु आश्रम ने लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए धर्मार्थ होम्योपैथिक क्लीनिक का संचालन करेगा यहाँ सभी मरीजों का मुफ्त इलाज किया जायेगा। मुमुक्षु आश्रम के सचिव डा. अवनीश मिश्रा ने बताया कि क्लीनिक में शहर के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सक

डा. वाई. के. मलिक अपनी सेवायें प्रदान करेगें। डा. वाई. के. मलिक ने बताया कि मुमुक्षु आश्रम धर्मार्थ होम्योपैथिक क्लीनिक में वायरल डेंगू, चिकनगुनिया, चर्म रोग, हृदय,लीवर,गुर्दे,चर्म रोग, डायबिटीज़, निम्न उक्त रक्त चाप,बुजुर्गों में याददाश्त गड़बड़ होना,खून में चर्बी लिपिड गड़बड़ होना,गुप्त रोग,बालों का झड़ना व बालों का समय से पहले सफेद होना,पथरी गुर्दे व पित्त,व अन्य सभी बीमारियों का सफल इलाज किया जायेगा। क्लीनिक के उद्घाटन के अवसर पर रामचंद्र सिंघल, सीए जी. एस. वर्मा, जय अग्रवाल, सुयश सिन्हा, ओंकार मनीषी, डा. अनुराग अग्रवाल, डा. प्रशांत अग्निहोत्री, डा. प्रभात शुक्ला, रमेश भइया, विमला बहन, बलराम शर्मा, कुलदीप दीपक सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## किसानों की पंचायत में उठा नहरों में पानी न होने का मुदद्ा

### भारतीय किसान यूनियन भानु गुट पदाधिकारियों ने उठाईं विभिन्न समस्याएं

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** किसान (अन्नदाता) काफी खफा हैं। रविवार को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने शहर के सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में बैठक की। इसमें बकाया गन्ना भुगतान, नहरों में पानी की कमी और आवारा पशुओं का आतंक जैसी समस्याओं को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में किसान नेताओं और सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने की। बोले, अब मंडल के हर जिले में अलग- अलग मासिक बैठक होगी। इसमें बड़ी संख्या में किसानों से पहुंचने की बात कही।किसानों ने प्रमुख समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया किसानों ने बताया कि चीनी मिलों ने पिछले सीजन का गन्ना

भुगतान अभी तक नहीं किया है। गन्ना किसानों का कहना है कि सरकार ने समय पर भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन हकीकत में उन्हें अभी तक उनका हक नहीं मिला। कई किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।किसानों ने शिकायत की कि नहरों में पानी न आने के कारण उनकी फसलों की सिंचाई रुक गई है। जिन किसानों के पास ट्यूबवेल हैं, वे महंगे डीजल और बिजली के खर्चों से परेशान हैं। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी न मिलने से फसलों की पैदावार पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके साथ ही आवारा पशु किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं। किसान अपनी तैयार फसलों को इन पशुओं से बचाने में असमर्थ हैं। रात-रातभर खेतों की रखवाली करने के बावजूद आवारा जानवर उनकी फसलों को नष्ट कर देते हैं।

**किसानों ने यह रखी मांग**

किसानों ने बैठक के दौरान प्रशासन और सरकार से तीन प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने गन्ना किसानों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द किया जाए।

नहरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आवारा पशुओं की समस्या को खत्म करने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए। बैठक में किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि किसान अब और इंतजार नहीं करेंगे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों ने किए आवेदन

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** भाजपा में मंडल अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया अंतिम दौर में है। भाजपा महानगर के दस मंडलों में मंडल अध्यक्ष पद के लिए 15 दिसंबर को नामांकन हुए इसी के तहत चौक मंडल अध्यक्ष के आवेदन प्राप्त करने हेतु रविवार को खत्री धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई। बैठक में चौक मंडल के अध्यक्ष पद के लिए आठ लोगों ने अपने आवेदन दिये। सभी आवेदनों को जिला मुख्यालय पर भेजा गया। खत्री धर्मशाला में निवर्तमान ज़िला पंचायत अध्यक्ष व मंडल चुनाव अधिकारी अजय प्रताप यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में ज़िला सह चुनाव अधिकारी मुकेश राठौर, मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख राजा राम वर्मा,महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मण्डल प्रभारी डॉ हेमेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष वैभव खन्ना,जे०पी० मिश्रा व अनिल बाजपेयी बाण के समक्ष चौक मंडल के अध्यक्ष पद के लिए आठ लोगों ने नामांकन किया।

## तमंचे के साथ इंस्टाग्राम लाइव पर मॉडल ने बटोरीं सुर्खियां, होगी जांच



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र की बमनपुरी निवासी एक मॉडल ने सोशल मीडिया पर सनसनी फैला दी। फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में इस मॉडल ने तमंचा लहराते हुए इंस्टाग्राम पर लाइव किया। वीडियो में मॉडल को तमंचे के साथ पोज़ करते और लोगों के कमेंट्स का जवाब देते देखा गया। वह तमन्चे को वापिस पकड़ने के लिए चाचा को संबोधित कर रही है जिससे जाहिर है कि तमंचा उसके चाचा का है। मामला तब तूल पकड़ गया जब किसी व्यक्ति ने इस हरकत की जानकारी लेकर यूपी पुलिस को टैग कर शिकायत की। पुलिस ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मॉडल के इस कदम का मकसद सिर्फ सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करना था। लेकिन अब यह स्टंट उस पर भारी पड़ सकता है। पुलिस जल्द ही मॉडल से पूछताछ कर सकती है। पुलिस का कहना है: "सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना और इस तरह का हथियार प्रदर्शन करना कानून का उल्लंघन है।

## महाकुंभ के लिए रूहेलखंड डिपो से संचालित होगी 430 बसें

**बरेली।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ -2025 की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। महाकुंभ मेले को लेकर प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी विभागों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को कोई भी असुविधा न हो। खासकर राज्य सरकार ने मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष बस सुविधा शुरू की है। इसके चलते बरेली व रूहेलखंड डिपो से 430 स्पेशल मेला बसें संचालित की जा रही है मेला स्पेशल बरेली, पीलीभीत , बदायूं से चलेगी और इन जनपदों से 24 जनवरी 2025 से लेकर 7 फरवरी 2025 तक प्रयागराज के झूंसी तक जाएगी। यह जानकारी रूहेलखंड डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने दी । उन्होंने बताया कि महाकुंभ में जाने वाले सभी बसों तैयार हो चुकी है और यह सड़क पर दौड़ने के लिए पूरी तरह ठीक है। इसके अलावा बसों के संचालन के लिए स्टाफ को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।

## ब्राह्मण वैवाहिक परिचय सम्मेलन में चार रिश्ते तय

### 27 वें वैवाहिक परिचय सम्मेलन में वैदिक मंत्रों से हुई शुरुआत

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** ब्राह्मण कल्याण समिति के तत्वावधान में 27 वां युवक - युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर 4 रिश्ते तय हुए। रविवार को कर्मचारी नगर स्थित क्लब 7 में ब्राह्मण युवक - युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन वैदिक मंत्रों के साथ शुरू हुआ। इसके बाद विवाह योग्य युवक - युवतियों ने अपना- अपना परिचय दिया।

महानगर के महापौर डॉ उमेश गौतम ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और साथ ही बिथरी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा ने भी आए हुए सभी आगंतुकों एवं कार्य समिति को प्रोत्साहित करते हुए आज के परिवेश में विवाह में जटिलता एवं उदासीनता पर चर्चा की । समिति के संरक्षक डॉ अनिल शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज के समय में अच्छा वर ढूंढना बहुत कठिन

होता है इस वैवाहिक सम्मेलन से एक ही स्थान पर अनेक वर आकर अपना परिचय देते हैं जिससे अभिभावक अपनी कन्या के लिए योग्य वर कम समय में एक ही स्थान पर प्राप्त कर लेते हैं आज समाज की आवश्यकता है कि बिना समय खोए ऐसे आयोजनों द्वारा विवाह हेतु वर खोजने की कठिन समस्या का सरलता से समाधान किया जा सकता है। कार्यक्रम में मठ तुलसी स्थल के महंत नीरज नयन दास जी महाराज ने आयोजन एवं पत्रिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज समाज जागरूक हो चुका है ऐसे आयोजनों द्वारा अपनी पारिवारिक समस्या का सरलता पूर्वक समाधान संभव है । मुझे प्रसन्नता है कि यह आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अच्छा वर वधु खोजने में निश्चित ही सहायक सिद्ध होगा।

**कोर्ट** रबड़ फैक्ट्री की भूमि की वापसी के लिए नए केस की प्रक्रिया शुरू

# डीआरटी व बॉम्बे हाईकोर्ट में नए केस दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** रबड़ फैक्ट्री की अरबों कीमत की जमीन राज्य सरकार के पक्ष में वापस लेने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) में नए केस दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिला प्रशासन और यूपीसीडा के अधिकारी फिलहाल अपने-अपने स्तर पर दस्तावेज तैयार करा रहे हैं। वह ब्योरा भी तैयार किया जा रहा है जो नए केसों की पैरवी के लिए नामित वकीलों की ओर से मांगा गया है।

नए केस की पैरवी के लिए नामित मुंबई के वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य ठक्कर की 4 दिसंबर को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में रबड़

फैक्ट्री केस से संबंधित अफसरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस हुई थी। इस बैठक में आदित्य ठक्कर ने अफसरों को रबड़ फैक्ट्री केस से संबंधित कानूनी ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा था। प्रशासन अब कागजात तैयार करने में जुटा हुआ है। उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार ने भी जिला प्रशासन को पत्र भेजा है जिसमें 4 दिसंबर को हुई बैठक का हवाला देते हुए अधिवक्ता आदित्य ठक्कर की ओर से मांगा गया विवरण और प्रपत्र शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा है। सिंथेटिक एंड केमिकल्स लिमिटेड (रबड़ फैक्ट्री) स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 1960 में मुंबई के सेठ किलाचंद को 1382.23 एकड़ भूमि लीज पर दी थी।

लीज डीड में शर्त शामिल की गई थी कि फैक्ट्री बंद होने पर सरकार जमीन वापस ले लेगी लेकिन 15 जुलाई 1999 को फैक्ट्री बंद हुई तो राज्य सरकार उस पर कब्जा नहीं ले सकी।

**मुंबई के वकील ने इन बिंदुओं पर मांगी है जानकारी**

1960 के समझौते और हस्तांतरण विलेख के बाद भूमि अभिलेखों में प्रासंगिक प्रविष्टियां क्या कहती हैं और भूमि अभिलेखों की वर्तमान स्थिति क्या है। क्या भूमि अधिग्रहण (कंपनी) नियम 1963 या भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 44ए को लागू करने के लिए कोई संशोधन या सुधार या फिर किसी भी प्रकार का दस्तावेजीकरण किया है।

भूमि अधिग्रहण (कंपनी) नियम 1963 को विषय लेनदेन पर लागू करने के लिए कोई संशोधन या शुद्धिपत्र या किसी भी प्रकार का दस्तावेजीकरण किया है। पेपरबुक में दी गई सूची में उल्लिखित है कि 2009-2010 में राज्य सरकार ने 19 जून 1960 के समझौते के खंड 3 के तहत प्रदत्त शक्ति के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग 24-मुरादाबाद-बरेली खंड के विकास के लिए 1280.23 एकड़ की कुल भूमि में से 9.3746 हेक्टेयर भूमि दी थी, इस आदेश अधिसूचना की प्रति मांगी गई है। 12 जुलाई 2002 के आदेश के अनुसार न्यायालय रिसीवर के पास थी, इस समय हमने कब्जा किससे और कैसे लिया।

कब्जा दोबारा प्राप्त करने के संबंध में सभी दस्तावेज मांगे गए हैं। लखनऊ में ऋण वसूली न्यायाधिकरण के समक्ष राज्य सरकार के दायर प्रतिभूतिकरण आवेदन संख्या 150/2018 की प्रति भी मांगी गई है, जिसमें यह भी पूछा गया है कि बंधक बीमा के उपपंजीयक के पास पंजीकृत हैं या भूमि अभिलेखों में दर्शाए गए हैं। संपत्ति की वर्तमान स्थिति, पूछा है कि जमीन किस

## एक नजर

### एक्युप्रेशर उपचार शिविर का आयोजन आज

**प्रयागराज।** एक्युप्रेशर संस्थान का उपचार एवं जागरूकता अभियान के तहत एक प्रमुख कैम्प का आयोजन विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान 16 दिसम्बर से आरम्भ हो रहा है। इस आयोजन के लिए प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने पत्र के माध्यम से संस्थान को आमंत्रित किया है। यह जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी डॉ उर्वशी उपाध्याय ने देते हुए बताया है कि विधानभवन के समिति कक्ष संख्या 48 में यह कैम्प आयोजित होगा। जिसमें लोगों को उपचार के अतिरिक्त एक्युप्रेशर विधा के विषय में जानकारी भी दी जाएगी। संस्थान के निदेशक ए के द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश सरकार के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए पांच दिवसीय सत्र के दौरान एक्युप्रेशर संस्थान के पांच अन्य उपचारक विशाल जायसवाल, आलोक कमलिया, सोनल दुबे, सुजीत श्रीवास्तव एवं प्रमोद कैम्प में मौजूद रहेंगे।

### नोमानी बने प्रदेश महामंत्री

**बांदा।** भाजपा सहयोगी पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया (अठावले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार एवं दलित समाज के मसीहा रामदास अठावले के निर्देशानुसार उ.प्र. अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता द्वारा शनिवार को बुन्देलखण्ड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जुझारू समाजसेवी ए.एस. नोमानी को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया (अठावले) उ.प्र. के ''प्रदेश महामंत्री'' के पद पर मनोनीत किया गया। ए.एस. नोमानी के मनोनयन पर बुन्देलखण्ड इंसाफ सेना के संरक्षक एवं वरिष्ठ क्रान्तिकारी अधिवक्ता विमलकृष्ण श्रीवास्तव व बुन्देलखण्ड इंसाफ सेना के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा व अनवर फारूकी, शीबू खान, बृजकिशोर वर्मा, रामसुफल प्रजापति, आरके सोनी, सौरभ वर्मा, सभाजीत यादव, अरुण कुमार द्विवेदी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### फसल नष्ट होने से परेशान किसान ने जान दी

**बांदा।** जंगली जानवरो द्वारा फसल चौपट कर देने से परेशान किसान ने खेत पर लगे नीम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव 48 वर्षीय सुलतान सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह शनिवार की शाम खेत गया था। वहीं पर लगे नीम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। खेत में काम कर रहे किसानो ने शव फंदे पर लटकते देखा तो घरवालो को जानकारी दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनो से पूछ तांछ करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतार कर कब्जे में ले लिया। पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई कप्तान सिंह ने बताया कि सुलतान किसानी करता था। उसके पास पांच बीघा जमीन है। खेत मे गेहू चना की फसल बोई थी। इन दिनो गांव में जंगली सुअरो का बिचरण तेजी से बढ रहा है। खेत में उगी किसानो की फसलो को नष्ट कर रहे है। सुअरो ने पूरी फसल नष्ट कर दिया था। वह शाम को खेत पहुंचा देखा तो फसल चौपट थी। इससे परेशान होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। वर्ष 2015 में पिता चंद्रपाल सिंह की सदमा लगने से मौत हो गई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्री एक पुत्र छोड़ गया है। उधर पैलानी थानाध्यक्ष सुखराम सिंह का कहना है कि वह सुलतान सिंह तीन दिन से डिप्रेशन में था। सही ढग से खाना पीना भी नही खाता था। फांसी लगाने के कारणो की जांच पड़ताल की जा रही है।

### अपराध गोष्ठी सैनिक सम्मेलन का आयोजन

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय के दुर्गा भाभी सभागार में अपराध गोष्ठी/सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों द्वारा पूर्व में बताई गयी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा वर्तमान में पुलिस कर्मियों की समस्या सुनी गई। जिसके समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात थानों में लम्बित आइजीआरएस /शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए त्वरित व गुणवत्ता परक समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया गया।ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रमुख चौराहों/स्थानों पर कैमरे लगाकर निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया। सर्दियों के दौरान रात्रि में पशु चोरी/नकबजनी/लूट आदि घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि में चिन्हित स्थानों पर नाकाबन्दी करने, पिकेट, गस्त व बैरियर लगाकर चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद प्रयागराज में आगामी महाकुंभ मेला के दौरान जनपद कौशाम्बी में सुगम यातयात व्यवस्था, डाइवर्जन तथा पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना बनाकर निरन्तर अभ्यास किए जाने पर बल दिया गया तथा महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार करते हुये उनकी यथासम्भव सहायता करने हेतु तत्पर रहने के लिये बल दिया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में अपराध नियन्त्रण के दृष्टिगत गुण्डा, माफिया, गैंगेस्टर, जिलाबदर, पुरस्कार घोषित एवं अन्य अपराधियों का सत्यापन करते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही/गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

# प्रयागराज होगा लेवल रेल क्रॉसिंग से मुक्त

## आसपास के सभी लेवल रेल क्रॉसिंग पर बन रहे आरओबी और आरयूबी

» ट्रेनों के सुरक्षित और सुगम परिचालन के साथ शहरवासियों को मिलेगा ट्रैफिक जाम से छुटकारा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ के आयोजन को लेकर प्रयागराज में तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। एक ओर त्रिवेणी संगम के तट पर महाकुम्भ ने आकार लेना शुरू कर दिया है। साधु-संन्यासी, अखाड़े लाव लश्कर के साथ मेला क्षेत्र में प्रवेश करने लगे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रयागराज शहर भी महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तैयार है। भारतीय रेलवे ने राज्य सेतु निगम के साथ मिलकर प्रयागराजवासियों को बड़ी सौगत दी है। महाकुम्भ के पहले प्रयागराज शहर पूरी तरह से लेवल रेल क्रांसिग से मुक्त हो जाएगा।

इससे ट्रेनों के परिचालन में सुविधा और दुर्घटनाओं में तो कमी होगी ही साथ ही शहरवासियों को घंटों के जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। प्रयागराज की लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंग पर आरओबी या आरयूबी बन कर तैयार है, जिन पर महाकुम्भ के पहले आवागमन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा।

ट्रेनों के सुगम परिचालन के साथ शहरवासियों को मिलेगा जाम से छुटकारा महाकुम्भ की तैयारियों के चलते शहर में कई तरह के स्थाई और अस्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं जो महाकुम्भ के बाद भी शहरवासियों की सुविधाओं में इजाफा करेंगे।

प्रयागराज शहर को रेलवे और राज्य सेतु निगम के संयुक्त प्रयास से लेवल रेल क्रासिंग से मुक्ति की एक बड़ी सौगात मिल रही है। केंद्र और राज्य के डबल इंजन की सरकार के निर्देशन में ट्रेनों के बाधारहित परिचालन और सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की गई है।

महाकुम्भ से पहले पूरी होगी तैयारीप्रयागराज रेल मण्डल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि प्रयागराज शहर के अंदर ही नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्रों की भी लगभग सभी लेवल रेल क्रासिंगों पर जरूरत के मुताबिक आरओबी या आरयूबी का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ रेल क्रासिंगों पर आरओबी या फ्लाईओवर का निर्माण पिछले कुम्भ 2019 में हो गया था। शेष परियोजनाएं केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से इस महाकुम्भ के अवसर पर पूरे हो रहे हैं।

# आतंक से व्यापारी भयभीत

» पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, सीसीटीवी में कैद हुई दबंगों की करतूत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल इलाके में शनिवार दोपहर भूमि विवाद को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मामला बढ़ने पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के निर्माण बाउंड्री को सरिया व सब्बल के सहारे तोड़ गिराया। विरोध करने पर एक पक्ष की तरफ से पत्थरबाजी होने लगी। पूरा घटना क्रम पीड़ति के आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

आसपास के लोगों व राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाते हुए दोनों पक्षों को कोतवाली बुला लिया। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई रिपोट दर्ज नहीं की। बता दे कि सूबे की सरकार द्वारा भूमाफियों पर नकेल कसे जाने के लिए एंटी भू माफिया टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद सरकार ने कईयों के खिलाफ कार्रवाई कर पीड़तिों को न्याय दिलवाने का कार्य करती आ रही है। लेकिन कुछ दबंगों द्वारा प्रदेश सरकार की छवि धुमिल करने में कोई कसर नहीं छोडा जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण शनिवार को नैनी अरैल मोहले की है। जहां एक व्यापारी ने नैनी पुलिस पर संगीन आरोप लगाते हुए दबंगों द्वारा उसकी जमीन कब्जा किये जाने की बात कही है।

उक्त निवासी अरूण सिंह पेशे से व्यापारी है। आरोप है कि कुछ महीनों से एक दबंग की नजर उनकी जमीन पर है। आए दिन कोई न कोई षड़यंत्र रच विवाद खड़ा किया करता है। शनिवार को सारी हदे पार कर दी।

दबंग अपने दर्जनों साथियों के वहां पहुंच के घर के बाउंड्री को सरिया व सब्बल से धाराशाही कर दिया। इस बावत पीड़ति ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# निष्पक्ष मतगणना संपन्न कराएं : एडीएम

» कार्मिक मतगणना स्थल पर प्रात 6 बजे पहुंचकर डिकोड कराएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2024 की मतगणना दिनांक 19 दिसंबर 2024 को जनपद प्रतापगढ़ में पवित्रता, शांतिपूर्ण, सुचिता पूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन के कुशल निर्देशन में विकास भवन सभागार में मतगणना अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

सुपर मास्टर ट्रेनर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा डॉ विंध्याचल सिंह, उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज डॉ मो अनीस एवं एआरपी धर्मेंद्र कुमार ओझा और नसीमुद्दीन द्वारा मतगणना की महत्वपूर्ण प्रक्रिया के बारे मे बारीकी से विस्तार पूर्वक पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से तथा मत पेटिका को खोलने और तथा सील खोलने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने मतगणना अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, संदिग्धता, संलिप्तता की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

इसके लिए अधिकारी एवं कार्मिक स्वयं उत्तरदायी होंगे। मतगणना प्रशिक्षण को आप पूरे मनोयोग से प्राप्त करें, मतगणना संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया जान ले एवं अपनी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर से जरूर प्राप्त कर ले और उनसे उनका मोबाइल नंबर प्राप्त कर ले।

# प्रवीण तोगड़िया का कौशांबी में हुआ स्वागत

**कौशांबी।** कानपुर से प्रयागराज जाते समय कौशांबी में वीएचपी अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया का तमाम हिंदूवादी संगठनों ने जोरदार स्वागत किया। मीडिया से मुखातिब होते हुए वीएचपी अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि 2025 तीर्थराज प्रयागराज में 12 साल बाद महाकुंभ आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंगदल इस महाकुम्भ में बड़ी मात्रा में तीर्थ यात्रियों की सेवा की तैयारी कर ली है। हम जगह-जगह तीर्थ यात्रियों को चाय पिलायेंगे। इसके साथ ही कंबल की सेवा बड़ी मात्रा में दी जाएगी। हम महाकुम्भ में भंडारा चलाकर बड़ी मात्रा में लोगो को खाना खिलाएंगे और साथ मे तीर्थ यात्रियों के लिए ठहरने की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। महाकुम्भ हिंदुओ के लिए सबसे बड़ा पर्व है। दुनिया का यह सबसे बड़ा मेला है। दुनिया के किसी मेले में एक करोड़ से ज्यादा लोग एकत्रित नही होते है।

# शिवालय पार्क में जुटी भीड़

» शुक्रवार शाम छह बजे से सभी के लिए खोल दिया गया था पार्क

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में महाकुम्भ 2025 को लेकर नगर निगम की ओर से बनवाया गया शिवालय पार्क का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर दिया। इसके बाद से पार्क देखने के लिए वहां लोग अब जुटने लगे हैं।

इस पार्क को 10 एक- ड़ भूमि में बनाई गई है, जिसमें सभी 12 ज्योतिलिंगों के अलावा देश के सभी प्रमुख मंदिरों का स्वरूप बनाया गया है। इन मंदिरों का निर्माण भारत के मानचित्र पर लोहे के कबाड़ और गाड़ियों के खराब पुजाँबस बनाया गया है। मानचित्र के बाउंड्री लाइन पर वाटर बॉडी बनाया गया है, जिसमें बोटिंग का आनंद लोग उठा सकेंगे। इसके अलावा बच्चों के लिए आकर्षण होगा।

साथ ही रेस्टोरेंट और फूड कोर्ट के अलावा ओपन एयर थिएटर भी बनाया जा रहा है। मंदिरों में सोमनाथ, सौराष्ट्र क्षेत्र, गुजरात, मल्लिकार्जुन, श्रीशैलम, आंध्र प्रदेश, महा कालेश्वर, उज्जैन, मध्य प्रदेश, ओंकारेश्वर, मांधाता, मध्य प्रदेश, केदारनाथ, उत्तराखंड, भीमाशंकर, पुणे, महाराष्ट्र, विश्वेश्वर, वाराणसी, यूपी, त्र्यंबकेश्वर, नासिक जिले के त्रिंबक गांव, महाराष्ट्र, वैद्यनाथ, देवघर, झारखंड, नागेश्वर, दारुका वनम, गुजरात, रामेश्वर, तमिलनाडु, घृष्णेश्वर, औरंगाबाद, महाराष्ट्र हैं।

इसके अलावा समुद्र मंथन, नंदी के अलावा शिव त्रिशूल बनाया गया है। पार्क को शुक्रवार शाम छह बजे से सभी के लिए खोल दिया गया था। लेकिन दूसरे दिन काफी भीड़ रही। शनिवार को एक हजार से अधिक टिकट बेचे गए।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरुकता अभियान चलाया

**उरई जालौन।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए लि जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है। महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रोड शो करके सपा भाजपा ने दिखाई ताकत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिशद बेला के उपचुनाव के लिए आज चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा और सपा प्रत्याशियों के समर्थन में नेताओं ने रोड शो किया और जनता से सहयोग की अपील किया। रोड शो के दौरान जातिगत आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों ने रोड शो का आयोजन किया। भाजपा प्रत्याशी प्रेमलता सिंह के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती, पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य, पूर्व विधायक धीरज ओझा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष केके सिंह, स्वामीनाथ शुक्ल, हरिओम मिश्र, ओपी त्रिपाठी, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजयुमो वरुण प्रताप सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, रुचि केसरवानी, सुनील दुबे, विशाल सिंह ने रोड शो किया। रोड शो सदर बाजार से शुरू होकर चौक, श्रीराम चौराहा, बाबागंज होते हुए भरत चौक में समाप्त हुआ।

वहीं सपा प्रत्याशी राजकुमार सिंह राय साहब के के लिए समर्थन मांगने मछली शहर की सांसद प्रिया सरोज रोड शो के जरिए मैदान में उतरीं। उनके साथ महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, गीता मिश्रा, सपा महिला प्रकोश्ठ जिलाध्यक्ष शांति सिंह, ज्योत्सना सिंह, प्राची सिंह, परवीन बानो, मनीश पाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, अब्दुल कादिर जिलानी, जावेद अख्तर, वासिक खान, अश्वनी सोनी, साजिद अली, राजकुमार यादव, राम बहादुर पटेल, सुरेश यादव समेत समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा प्रत्याशी का रोड शो अजीत नगर चुनाव कार्यालय से निकला और भरत चौक, पंजाबी मार्केट, अंबेडकर चौराहा, मीरा भवन चौराहा, भंगवा चुंगी, बाबागंज, सदर चौराहा होते हुए पुनः चुनाव कार्यालय पर समाप्त हुआ।

### कहीं भाजपा को झेलनी ना पड़ जाए ब्राह्मणों की नाराजगी...?

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिशद बेला के अध्यक्ष पद हेतु हो रहा उपचुनाव इस समय चरम पर पहुंच चुका है। रविवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। सपा और भाजपा ने अपने दिग्गज नेताओं को रोड शो के जरिए सड़क पर उतार दिया और शहरी मतदाताओं को किसी भी हालत में अपने पक्ष में लाने का पूरा प्रयास करते दिखे। चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद नुक्कड़ चौराहों पर आम शहरी और मेठ अपने अपने तरीके से प्रत्याशियों को मिलने वाले समर्थन पर चर्चा करते रहे। सबसे अधिक चर्चा में संतोश मिश्रा को बलपूर्वक चुनाव मैदान से बाहर करना ही रहा। संतोश मिश्रा दो बार नगर पालिका अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार भी उन्होने पर्चा दाखिल किया परंतु भाजपा के दिग्गज नेताओं ने दबाव बनाकर उन्हें पर्चा वापस लेने पर मजबूर कर दिया। चर्चाएं तो यहां तक हैं कि पड़ोसी जनपद के एक बाहुबली ने भी उन्हें पर्चा वापस नहीं लेने पर अंजाम भुगतने की धमकी तक दी थी। संतोश मिश्रा के पर्चा वापस लेने के बाद एक भी ब्राह्मण प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं बचा। ऐसे में संतोश मिश्रा को बिठाना ब्राह्मण लॉबी को कहीं ना कहीं नाराज कर सकता है।

# ट्रक और लोडर चालक के बीच मारपीट, सड़क पर लगा जाम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जालौन।** जालौन में खाद से भरे ट्रक और दूध से भरी लोडर के चालक के बीच गाड़ी निकालने को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे और मारपीट होने लगी, जिससे सड़क पर जाम लग गया। इस घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने इस मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

घटना नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ में घटी। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक यूरिया की बोरी लेकर जा रहा था, इसी दौरान दूध की कैन लेकर आ रही लोडर सामने आ गई। रास्ता संकरा होने के कारण रास्ता ब्लॉक हो गया।

लोडर चालक ने ट्रक चालक से गाड़ी को किनारे करने के लिए कहा, लेकिन ट्रक चालक ने लोडर चालक से कहा कि गाड़ी नीचे उतारने के बाद वह रास्ता खाली करेगा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। मार पीट के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों चालक गाड़ी से नीचे उतर आए और आपस में लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। मारपीट के कारण सड़क पर जाम लग गया, जिससे अन्य वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस घटना को देखकर आसपास मौजूद लोग वीडियो बनाने लगे और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या : डॉ. शुचिता

» कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बाल विवाह निषेध जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कालपी जालौन।** अनुरागिनी समाज सेवी संस्था के तत्वावधान में छौक कालपी में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बाल विवाह निषेध जागरूकता संगोष्ठी₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी एवं यूपीसीएलडीएफ की वाइस चेयरमैन जयति श्रीवास्तव द्वारा वाल विवाह की कमियां बताकर जागरूक किया गया। और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

ज़िला प्रशासन के सहयोग से विधालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने कहा, "बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाती है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करती है। हमें अपने बच्चों को शिक्षित और जागरूक बनाकर इस कुप्रथा को समाप्त करना होगा। जागरूकता ही परिवर्तन की पहली सीढ़ी है।"

यूपीसीएलडीएफ की वाइस चेयरमैन जयति श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा, "समाज में व्याप्त बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हेल्पलाइन नंबर और सरकारी योजनाओं की जानकारी हर बच्चे और अभिभावक तक पहुंचाई जानी चाहिए।"कार्यक्रम में दीपा, रीमा, रिया, साम्य, सेजल, मानसी. प्रांजल, दिव्यांशी एवं मोहिनी ने एक लघु नाटक के माध्यम से बाल विवाह के दुष्प्रभावों को उजागर किया और बच्चों को बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। साथ ही, बालिकाओं को ₹गुड टच₹ और ₹बैड टच₹ के प्रति जागरूक किया गया, ताकि वे अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

# बेजुबान गौवंशों के साथ हो रहा अत्याचार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** नरैनी ब्लॉक द्वारा संचालित ग्राम पंचायत महुई छतैनी में अस्थाई गौशाला में सभी गौवंश तिनका बीन बीन कर खाते हुए मिले है।

महुई छतैनी द्वारा संचालित की गौशाला में गेट पर ताला लटकता हुआ पाया गया है और इस गौशाला पर कोई भी केयर टेकर नहीं मिला है, गोवंशों को सिर्फ सुखा पुआल खिलाया जा रहा है। दिखावा मात्र के लिए कुछ भूसा डालकर फोटो खींची जाती हैं। लेकिन पुआल के साथ कोई भी पौष्टिक आहार नहीं दिया जा रहा। जब से जिलाधिकारी द्वारा ज्यादा से ज्यादा पुआल दान करने के लिए कहा गया था तो सभी ग्राम प्रधान केवल गौवंश को पुआल ही डाल रहे हैं जिससे गौवंश कमजोर होकर आए दिन मृत होते चले जा रहे हैं और आज भी इस गौशाला में लगभग 2 या 3 गौ बीमार पड़ें हैं और गौशाला के कुछ दूरी पर ही मृत गौवंश को खुले में फेंक दिया जाता है, जिन्हें कौए, कुत्ते और गिद्ध नोच नोच कर खा रहे हैं। यह प्रकरण कोई नई बात नहीं है इस प्रकार के घिनौने कार्य बराबर किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस तरह के ग्राम प्रधान और सचिव का बाल भी बांका नहीं कर पाते। क्यों की आपसी तालमेल बनाकर चलाते हैं।

अधिकतर गोवंशों की हालत गौशाला में खराब हो चुकी है क्योंकि शुरुआती ठंडी में गोवंशों को ना ही किसी प्रकार का पौष्टिक आहार दिया जा रहा। न ही इस समय भूसा भी नहीं दिया जा रहा है केवल खडा पुआल ही डाल दिया जा रहा है। इन बेजुबान गौ वंश को देखने वाला कोई नहीं है।

# भारतीय विद्या भवन का 'शिशिरोत्सव' शुरू

» पहले दिन मनोज गुप्ता ने अपने भजनों से मंत्रमुग्ध किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**प्रयागराज।** भरवारी स्थित भवंस मेहता विद्याश्रम परिसर में इंफोसिस फाउंडेशन बेंगलुरू एवं भारतीय विद्या भवन प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय "शिशिरोत्सव" कार्यक्रम का शुभारम्भ आज हुआ।

सर्वप्रथम इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने न्यायमूर्ति सुधीर नारायण की एकल चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के संयोजक तथा नारायण आर्ट आदमी के निदेशक रवींद्र कुशवाहा ने बताया कि अकादमी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल वाश शैली के मूर्धन्य कलाकार हैं तथा ऑयल पेंटिंग भी बहुत खूबसूरती से करते हैं।

इनकी आध्यात्मिक कविताओं की अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा वाश शैली की 12 कलाकृतियां एवं पांच तैल पेंटिंग जो भारतीय आध्यात्मिकता को अंदर समेटे हुए हैं, बहुत ही भावपूर्ण एवं अनुपम कलाकृतियां है।

तत्पश्चात प्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक मनोज गुप्ता ने अपने भजनों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने भजन की शुरुआत "विनती सुनिए हनुमान लला" से करके "मेरी चौखट पर आज चारों धाम आए हैं", "मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है", "ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन" सहित अनेकों भजनों से उपस्थित श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

उनके साथ ऑर्गन पर शीबू चतुर्वेदी, ऑक्टोपैड पर प्रशांत भट्ट एवं तबले पर सूर्या भट्ट ने संगत करके कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

इसी क्रम में प्रसिद्ध गायिका शाम्भवी शुक्ला ने भगवान श्री राम के विवाह से सम्बंधित विभिन्न रस्मों पर आधारित लोक गायन शैली से लुप्त होती परम्परा को जीवंत रखते हुए बहुत ही सुंदर गायन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कीर्ति चौधरी एवं साथी कलाकारों ने गणेश वंदना एवं ढेरिया पर आकर्षक नृत्य करके रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के पश्चात समस्त कलाकारों को अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ मधुरानी शुक्ला एवं संचालन रितिका अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निदेशक एडवोकेट संदीप सक्सेना, अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, इंफोसिस बेंगलुरू की निदेशक नागलक्ष्मी राव, प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सुधाकर सिंह, प्रो डॉ रूबी चौधरी, प्रो डॉ विवेक त्रिपाठी निराला, प्रो डॉ श्वेता यादव, डॉ सी पी श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, अवधेश मिश्रा, भरवारी नगरपालिका अध्यक्ष कविता पासी सहित कई अतिथि, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**जलसंकट** अधिकारियों और नेताओं से लगाई गुहार, समस्या का फिर भी नहीं हुआ समाधान

# शहरी इलाके में जल संकट, लोग बूंद-बूंद पानी को तरसे

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** उत्तर प्रदे शरू जल शक्ति राज्यमंत्री के गृह जनपद बांदा में जल संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हरदौली घाट क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में पानी की समस्या पिछले 13 वर्षों से जस की तस बनी हुई है। यहां के निवासी पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। इलाके में एक पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन वह 13 साल से केवल शोपीस बनी हुई है। टंकी से पानी की सप्लाई आज तक शुरू नहीं हो सकी।जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने बताया कि पानी की समिष्या को लेकर लोगो से मिली तो काशीराम कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि पानी की टंकी केवल दिखावे के लिए खड़ी है। हजारों लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ता है। कॉलोनी निवासी अनीता ने कहा, ष्हमने कई बार अधिकारियों और नेताओं से गुहार लगाई, लेकिन हमारी समस्या का समाधान कभी नहीं हुआ। हर दिन पानी की किल्लत से परेशान होकर जीना मुश्किल हो गया

रविवार को कॉलोनी परिसर में निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। गुस्साए लोगों ने ष्प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री, विधायक पानी दो, हमारी आवाज सुनोष जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में बबल

## संपादकीय

# प्रतिशोध की राजनीति

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर भारत और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बीच आने वाले दिनों में तनातनी और बढ़ सकती है। वजह यह है कि बदले की भावना के तहत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार किसी भी तरह हसीना को देश में वापस लाना चाहती है और उन पर मुकदमा चलाना चाहती है। इसके लिए उन पर कई तरह के झूठे-सच्चे आरोप लगाये जा रहे हैं और उनको वापस भेजने के लिए भारत सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। अब मोहम्मद यूनुस सरकार द्वार गठित जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बड़ा खुलासा किया है। जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसे लोगों को कथित रूप से गायब किए जाने की घटनाओं में हसीना की संलिप्तता का पता चला है। लोगों के लापता होने की घटनाओं की जांच के लिए गठित आयोग ने अनुमान लगाया है कि ऐसे मामलों की संख्या 3500 से ज्यादा है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री यूनुस के मुख्य सलाहकार के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि आयोग को इस बात के साक्ष्य मिले हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्देश पर लोगों को गायब किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र के पूर्व महानिदेशक और बर्खास्त मेजर जनरल जियाउल अहसन, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोनिरुल इस्लाम एवं मोहम्मद हारुन ओर रशीद और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इन घटनाओं में शामिल पाए गए। आर्मी और पुलिस के यह सभी पूर्व अधिकारी फरार हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वे छात्रों के नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद 5 अगस्त को हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद देश से निकल गए थे। लोगों को गायब किए जाने की घटनाओं की जांच करने वाले पांच सदस्यीय आयोग ने मुख्य सलाहकार को उनके आधिकारिक आवास यमुना पर 'सत्य का खुलासा' शीर्षक से अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी जिसके बाद यह बयान जारी किया गया। बयान के अनुसार, आयोग के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मैनुल इस्लाम चौधरी ने यूनुस को बताया कि जांच के दौरान उन्हें एक व्यवस्थित तरीके की जानकारी मिली जिसके कारण इन घटनाओं का पता नहीं चल सका। चौधरी ने कहा कि लोगों को गायब करने या न्यायेतर हत्या करने वाले व्यक्तियों को भी पीड़ितों की जानकारी नहीं होती थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस की विशिष्ट अपराध विरोधी रैपिड एक्शन बटालियन और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी ने लोगों को जबरन ले जाने, उन्हें प्रताड़ित करने और हिरासत में रखने की घटनाओं को अंजाम देने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया। रैपिड एक्शन बटालियन में सेना, नौसेना, वायु सेना और पुलिस के लोग शामिल होते हैं। आयोग ने आतंकवाद रोधी अधिनियम, 2009 को खत्म करने या उसमें व्यापक संशोधन करने के साथ-साथ रैपिड एक्शन बटालियन को खत्म करने का प्रस्ताव भी रखा। मानवाधिकार कार्यकर्ता और आयोग के सदस्य सज्जाद हुसैन ने कहा कि उन्होंने इस तरह की घटनाओं की कारण लोगों की लापता होने की 1676 शिकायतें दर्ज की हैं और अब तक उनमें से 758 मामलों की जांच की है। इनमें से 200 लोग या 27 प्रतिशत पीड़ित कभी वापस नहीं लौटे और जो वापस लौटे, उनमें से अधिकतर को रिकॉर्ड में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के तौर पर दिखाया गया है। आयोग में अध्यक्ष के अलावा जस्टिस फरीद अहमद शिबली, मानवाधिकार कार्यकर्ता नूर खान, निजी बीआरसी विश्वविद्यालय की शिक्षिका नबीला इदरीस और मानवाधिकार कार्यकर्ता सज्जाद हुसैन भी आयोग में शामिल हैं। इससे पहले आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा कि उसे ढाका और उसके बाहरी इलाकों में आठ गुप्त हिरासत केंद्र मिले हैं। आयोग के अध्यक्ष ने यूनुस को बताया कि मार्च में एक और अंतरिम रिपोर्ट पेश करेंगे तथा सभी आरोपों की जांच पूरी करने के लिए उन्हें कम से कम एक और साल की जरूरत होगी। टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर उन पीड़ितों के इंटरव्यू प्रसारित किए गए जिन्हें कथित रूप से गायब किया गया था। इन पीड़ितों में हसीना के शासन का सक्रिय रूप से विरोध करने वाले विपक्ष के कार्यकर्ताओं और पूर्व सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं।

## कटाक्ष

हसन जैदी

# हताश-निराश विपक्ष को अब ममता से ही उम्मीद !

राजेश कुमार पासी

कभी-कभी हम ऐसी समस्या से घिर जाते हैं जिससे निकलने का कोई अच्छा रास्ता नहीं सूझता तो हम हताश होकर एक नए रास्ते पर चलने लगते हैं। हालात कैसे भी हों लेकिन बिना सोचे समझे उठाया हुआ कदम नुकसान पहुंचाता है। आज हमारे देश का विपक्ष बहुत हताश और निराश हो चुका है। पिछले दस सालों से वो मोदी से लड़ रहा है लेकिन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया है। 4 जून को जब लोकसभा के चुनाव परिणाम आये तो विपक्ष में खुशी की लहर दौड़ गई थी क्योंकि भाजपा को अकेले अपने दम पर बहुमत नहीं मिला था। भाजपा बहुमत से 32 सीटें पीछे रह गई थी। विपक्ष को लगा कि अब मोदी का प्रधानमंत्री बनना मुश्किल है क्योंकि उन्होंने कभी अल्पमत की सरकार नहीं चलाई है। उन्हें दूसरी उम्मीद यह थी कि एनडीए के घटक दल मोदी के अलावा भाजपा के किसी दूसरे नेता को प्रधानमंत्री बनाना पसंद करेंगे। विपक्ष की उम्मीदों के विपरीत मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन गए और किसी भी घटक दल ने उनको प्रधानमंत्री बनाने का विरोध नहीं किया बल्कि पूरे एनडीए ने उन्हें अपना नेता मान लिया। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विपक्ष में यह उम्मीद पैदा हो गई कि जब सरकार का गठन होगा तो मंत्री पद के लिए एनडीए के घटक दलों में जबरदस्त संघर्ष होगा। उन्हें लगा कि भाजपा कमजोर हो गई है तो घटक दल मोदी को ब्लैकमेल करके ज्यादा से ज्यादा मंत्रीपद लेने में सफल हो जाएंगे।

विपक्ष की उम्मीदों के विपरीत कैबिनेट में सभी महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा ने अपने पास रख लिए और घटक दलों ने कोई एतराज भी जाहिर नहीं किया। विपक्ष को नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से बहुत उम्मीद थी कि वो मोदी को फ्रीहैण्ड नहीं देंगे और सरकार में दखलंदाजी जरूर करेंगे। सरकार को बने 6 महीने बीत गए हैं लेकिन मोदी सरकार वैसे ही चल रही है जैसे पिछले दस सालों से चल रही थी। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पूरी तरह से मोदी के समर्थन में खड़े दिखाई दे रहे हैं। 6 महीने जैसे सरकार चली है, उसको देखकर ऐसा लग ही नहीं रहा है कि ये गठबंधन की सरकार है। मोदी सरकार ऐसा आभास पैदा कर रही है जैसे वो एक पार्टी की बहुमत वाली सरकार है। जो विपक्ष इस सरकार के जल्दी गिरने की संभावना देख रहा था, वो अब बहुत निराश हो चुका है क्योंकि उसे अहसास हो गया है कि ये सरकार पांच साल तक कहीं जाने वाली नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस की सीटें 54 से बढ़कर 99 हो गई हैं तो राहुल गांधी आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि बेशक इस बार मोदी सरकार बनाने में कामयाब हो गए हैं लेकिन अब वो दोबारा मोदी को सत्ता में नहीं आने देंगे। लोकसभा के गठन के बाद संसद के मानसून सत्र में राहुल गांधी बेहद आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रहे थे। उनके अलावा विपक्ष के दूसरे दल भी भाजपा पर जबरदस्त तरीके से हमलावर थे क्योंकि उन्हें लग रहा था कि अब भाजपा पहले से बहुत कमजोर हो गई है। शीतकालीन सत्र में तस्वीर बदल चुकी है क्योंकि हरियाणा और महाराष्ट्र में बड़ी जीत हासिल करके भाजपा पूरे आत्मविश्वास से संसद में आई है। दूसरी तरफ इन दो राज्यों में मिली करारी हार ने विपक्ष को पस्त कर दिया है। अब विपक्ष में भाजपा से लड़ने का माद्दा ही नहीं बचा है। अब उसकी प्राथमिकता भाजपा से लड़ने की दिखाई नहीं दे रही है। अब विपक्ष पहले यह फैसला करना चाहता है कि भाजपा से किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा। ऐसा लग रहा है कि विपक्षी दलों को यह अहसास हो गया है कि वो राहुल गांधी के नेतृत्व में मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते। वैसे देखा जाए तो विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में मोदी का मुकाबला कर ही नहीं रहा था।

विपक्ष ने राहुल गांधी को कभी अपना नेता नहीं माना है, राहुल गांधी सिर्फ कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे थे। इंडिया गठबंधन ने पूरे चुनाव के दौरान किसी को अपना नेता नहीं माना था। वास्तव में इंडिया गठबंधन को अपनी जीत पक्की लग रही थी। उसके नेताओं को लग रहा था कि गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री का स्वाभाविक उम्मीदवार होगा इसलिये वो किसी को नेता मानने को तैयार नहीं हुए। गठबंधन के नेता चाहते थे कि प्रधानमंत्री का फैसला चुनाव परिणाम आने के बाद किया जाए क्योंकि प्रधानमंत्री पद के लिए घटक दलों में चुनाव से पहले ही खींचतान शुरू हो जाती। तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बन गए तो गठबंधन के नेता की जरूरत खत्म हो गई। कांग्रेस को लोकसभा में 99 सीटें मिली तो राहुल गांधी को विपक्ष के नेता का पद मिल गया। राहुल गांधी जब विपक्ष के नेता बन गए तो कांग्रेस ने मान लिया कि अब राहुल गांधी पूरे विपक्ष के नेता बन गए हैं। मानसून सत्र में विपक्ष अपनी बढ़ी हुई संख्या से खुश था इसलिए नेता का सवाल ही खड़ा नहीं हुआ। शीतकालीन सत्र में दो राज्यों में मिली बड़ी जीत वाली उत्साहित भाजपा सामने खड़ी है और विपक्ष की जीत का नशा काफूर हो चुका है। विपक्ष इन हालातों के लिए कांग्रेस को दोष दे रहा है इसलिए उसे भाजपा से लड़ने के लिए नए नेता की जरूरत महसूस हो रही है। ममता बनर्जी ने खुद को गठबंधन के नेता के रूप में प्रस्तुत कर दिया है।

ममता बनर्जी का कहना है कि उन्होंने ही इंडिया गठबंधन को खड़ा किया था और वो उसका नेतृत्व करने को तैयार हैं। देखा जाये तो यह पूरा सच नहीं है बल्कि इस गठबंधन को खड़ा करने का श्रेय नीतीश कुमार को दिया जाना चाहिए। नीतीश कुमार ने ही कांग्रेस को साथ लेकर नया गठबंधन बनाना शुरू किया था। कई विपक्षी दल कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करना चाहते थे लेकिन उनकी कोशिश के कारण वो कांग्रेस के साथ आने को तैयार हो गए। अब सवाल पैदा होता है कि अगर ममता बनर्जी को गठबंधन का नेता बना दिया जाता है तो क्या गठबंधन मजबूत हो जाएगा। गठबंधन के नेता के रूप में ममता बनर्जी का समाजवादी पार्टी, एनसीपी, राजद और आम आदमी पार्टी ने समर्थन कर दिया है। कांग्रेस के लिए यह अच्छी खबर नहीं है कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के बावजूद एक राज्य तक सीमित तृणमूल कांग्रेस की नेता को विपक्षी दल राहुल गांधी से बड़ी नेता मानते हैं। वास्तव में इन नेताओं का ममता बनर्जी को समर्थन राहुल गांधी का विरोध है। उन्हें लगता है कि ममता बनर्जी जमीन से संघर्ष करके बंगाल की सर्वोच्च सत्ता पर बैठी हैं। दूसरी तरफ उन्हें यह भी दिखाई दे रहा है कि ममता बनर्जी ने बंगाल में भाजपा को सत्ता से बाहर रखा है और इन चुनावों में उसकी लोकसभा की सीटें भी कम कर दी हैं। विपक्षी नेताओं को यह नहीं दिखाई दे रहा है कि ममता बनर्जी और उनकी पार्टी सिर्फ एक राज्य तक सीमित हैं। अगर ममता बनर्जी ने भाजपा को बंगाल में रोका है तो स्टालिन ने तमिलनाडु और पिनराई विजयन ने केरल में भाजपा को रोका है। क्या विपक्ष उन्हें अपना नेता मानने को तैयार है। दूसरी बात यह है कि ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं इसलिये वो संसद में विपक्ष का नेतृत्व नहीं कर सकती। वो बंगाल में बैठकर कैसे गठबंधन का नेतृत्व करेंगी। देखा जाए तो गठबंधन का नेता ही गठबंधन के प्रधानमंत्री पद का दावेदार होगा तो विपक्ष यह मानता है कि 20-30 सीटें लाने वाली नेता प्रधानमंत्री बनेंगी। यह ठीक है कि ममता बनर्जी पिछले 13 सालों से बंगाल की सत्ता पर काबिज हैं लेकिन बंगाल में उन्होंने ऐसा क्या कमाल किया है जो उन्हें गठबंधन प्रधानमंत्री का पद देना चाहता है।

वास्तव में गठबंधन के नेता ममता बनर्जी का समर्थन नहीं कर रहे हैं बल्कि वो राहुल गांधी का विरोध कर रहे हैं। कोई भी नेता ममता बनर्जी को अपना नेता नहीं बनाना चाहता बल्कि वो राहुल गांधी को हटाकर खुद नेता बनना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने अपना नाम खुद आगे कर दिया है तो उनका समर्थन कर दिया गया है लेकिन जब गठबंधन का नेता चुनने की बारी आएगी तो यही नेता अपना नाम आगे कर देंगे। राहुल गांधी का विरोध अपनी जगह सही हो सकता है लेकिन ममता बनर्जी ने बंगाल को जिस हालत में पहुंचा दिया है उनसे विपक्ष को उम्मीद नहीं लगानी चाहिए। विपक्ष को बताना चाहिए कि ममता बनर्जी बंगाल को जिस दिशा में ले जा रही हैं क्या देश को भी उसी दिशा में विपक्ष ले जाना चाहता है। फिर सवाल यह भी है कि सौ सीटें जीतने वाली कांग्रेस ममता बनर्जी का समर्थन क्यों करेगी। गठबंधन के चलने की पहली शर्त ही यही है कि उसका नेतृत्व सबसे बड़ी पार्टी करे। जहां तृणमूल कांग्रेस सिर्फ बंगाल तक सीमित है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा के बाद सिर्फ कांग्रेस ही एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। गठबंधन की बुरी हालत के लिए सिर्फ राहुल गांधी दोषी नहीं हैं बल्कि विपक्ष में कोई और नेता भी मोदी के मुकाबले खड़ा दिखाई नहीं दे रहा है। राहुल गांधी में कमियां हैं लेकिन वो कांग्रेस के सर्वमान्य नेता हैं । विपक्ष के दूसरे नेताओं का प्रभाव एक या दो राज्यों तक सीमित है लेकिन राहुल गांधी आज भी पूरे देश में अपना प्रभाव रखते हैं। राहुल गांधी या कांग्रेस को छोड़कर विपक्ष आगे नहीं बढ़ सकता है। विपक्ष को यह विचार करना है कि वो राहुल गांधी और कांग्रेस को साथ लेकर कैसे आगे बढ़े और मोदी का मुकाबला करें। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# एक देश-एक चुनाव को लेकर विरोध क्यों ?

प्रेम शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है।

उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। लेकिन अभी भी कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें।

अब एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं। एक चुनाव को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष में काफी विरोधाभास है। लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा। इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है।

किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फ सुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। वैसे दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां पर सारे चुनाव एक साथ ही कराए जाते हैं। साउथ अफ्रीका में संसद, प्रांतीय विधानसभा और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ होते है।बेल्जियम में पांच तरह के चुनाव होते हैं. ये हर पांच साल के अंतर पर होते हैं. और सारे चुनाव साथ कराए जाते हैं। यूके में हाउस ऑफ कॉमन्स, स्थानीय चुनाव और मेयर चुनाव साथ में होते हैं। यहां पर मई के पहले हफ्ते में सारे चुनाव कराए जाते हैं। यूके के संविधान के तहत, समय से पहले चुनाव तभी हो सकते हैं जब सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कोई दूसरी पार्टी सरकार न बना सके। इंडोनेशिया में राष्ट्रपति और लेजिस्लेटिव इलेक्शन साथ में होते हैं। इनके अलावा जर्मनी, फिलिपींस, ब्राजील, बोलीविया, कोलंबिया, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, गुआना, होंडुरस जैसे देशों में भी एक साथ ही सारे चुनाव होते हैं।आज भले ही देश में लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक-साथ नहीं होते हों, लेकिन एक समय ऐसा होता था। आजादी के बाद देश में पहली बार 1951-52 में लोकसभा चुनाव हुए. उस समय लोकसभा के साथ-साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव भी कराए गए थे।

इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही करवाए गए. लेकिन 1968 और 1969 में कई राज्यों में समय से पहले विधानसभाएं भंग हो गई. 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई. इस तरह से साथ चुनाव कराए जाने का ये सिलसिला टूट गया। बहरहाल एक देश एक चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के अलग-अलग विचार हैं। इसीलिए इस पर एक राय नहीं बन पा रही है। छोटे राजनीतिक दलों का मानना है कि ऐसे चुनाव से राष्ट्रीय दलों को तो फायदा होगा। राष्ट्रीय मुद्दों के सामने राज्य स्तर के मुद्दे दब जाएंगे। दसूरे तरफ यह कहा जा रहा है कि एक चुनाव का सबसे बड़ा फायदा यह है कि चुनाव का खर्च घट जाएगा। अलग-अलग चुनाव कराने पर हर बार भारी-भरकम राशि खर्च होती है। बार-बार चुनाव होने से प्रशासन और सुरक्षा बलों पर बोझ पड़ता है। एक बार में चुनाव निपट जाने पर केंद्र और राज्य सरकारें कामकाज पर फोकस कर सकेंगी। एक ही दिन चुनाव होने से वोटरों की संख्या भी बढ़ेगी क्योंकि उनको यह नहीं लगेगा कि चुनाव तो आते ही रहते हैं. वे घरों से निकलकर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने में रुचि दिखाएंगे। **(लेखक के अपने विचार हैं)**

## कविता

वर्षा सिंह

### सपनों का जंगल

आँखों में झलकता था
सपनों का हरा जंगल।
ख़ामोश वो मौसम था
देता था सदा जंगल।
मैं बन के परिंदा जब
शाखों पे चहकती थी
छूता था मेरी पलकें
ख़्वाबों से भरा जंगल।
ख़ुदगर्ज़ इरादों से
बच भी न कोई पाया
जब आग बनी दुनिया
धू-धू वो जला जंगल।
कहते थे कि ख़ुशबू भी
जंगल में ही रहती थी
ख़ुशबू की कथाओं में
मिलता है घना जंगल ।
रंगों के जहाँ झरने,
चाहत के खजाने हों
'वर्षा' को उगाना है,
फिर से वो नया जंगल।

# सनातन की तैयारी है, सबकी जिम्मेदारी है...

अनुराग अवस्थी 'मार्शल'

मार्शल का बाईस्कोप

बाबा सनातन और संस्कृति का दीपक उत्तर प्रदेश में जलाकर उसके प्रकाश से भारत ही नहीं सारे विश्व के संकटों का हल बता रहे हैं। यह है, बंटेंगे तो कटेंगे। बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन के बाद कत्लेआम ने उनकी बात को और मजबूत और मुखर कर लोगों को सोचने को मजबूर किया है। आसान नहीं है ये क्योंकि हिन्दू समाज जातियों में विभक्त रहा है और नेताओं ने इसके बंटे होने में ही अपना हित साध सत्ता की सीढ़ी तलाशी है। याद कीजिए एमवाई, दमकीपा, अजगर जैसे समीकरण यूपी, बिहार, हरियाणा में बनते बिगड़ते रहे हैं। दूसरी तरफ इन्हीं मुद्दों पर योगी को घेरा भी जा रहा है, भाजपा के अंदर भी और बाहर भी। बहुत दिनो बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में कोई ऐसा व्यक्ति शीर्ष कुर्सी पर बैठा है जिस पर या जिसके परिवारजनों पर आर्थिक आरोप लगाने की हिम्मत उनके मुखर विरोधी भी नहीं कर पा रहे हैं। हां, सनातन और हिंदुत्व के बजाय उनको ठाकुरों का हित पोषक साबित करने के आरोप लगे हैं और उसी आधार पर सत्ता शीर्ष और जिलों में स्थापित ठाकुर अधिकारियों की लिस्ट गाहे बगाहे चर्चा में रहती है। यह अलग बात है केवल सिंह देखकर बनाई गई लिस्ट में कई बार ठाकुर नहीं, अन्य अधिकारी भी शामिल हो संख्या बढ़ाते हैं बल्कि उनके भी गलत सही का ठीकरा ठाकुरों के माथे जाता है। अखिलेश विपक्ष के नेता हैं। वह योगी को संत महात्मा नहीं, अपने ऊपर लगे मुकदमे हटाने वाला, अपने लोगों को आगे बढ़ाने वाला बता रहे हैं। सरकार और योगी की कमियों को उजागर करना उनका दायित्व है। योगी पर सजातीयों का पक्षधर होने का नेरेटिव आज भी चर्चा में रहने के बाबजूद आम आदमी के मन में अभी जगह नहीं बना पाया है। इसको खतरा समाज के उस तबके से है जो क्षत्रिय हैं, चाहें वह विधायक सांसद हो, अधिकारी हो, संघ/भाजपा का पदाधिकारी हो या वकील पत्रकार और छुटभैया नेता। थाने तहसील लेबल के काम विशेष रूप से विवादित प्रकरण ही चर्चित होकर सरकार की छवि बनाते और बिगाड़ते हैं। ऐसे में ये तबका अगर सही गलत के बजाय किसी ठाकुर के गलत प्रकरण पर भी उसके छुपकर या खुलेआम समर्थन में लगता है तो समाज में जो नुकसान होगा, उतना तो 5 अखिलेश मिलकर भी नहीं कर पाएंगे। क्या भाजपाई भूल गए 7 से 17 तक चली माया और अखिलेश की सरकार को। माया सरकार को सत्ता शीर्ष के लूट में शामिल होने के साथ हरिजन एक्ट के निरेटिव का परिणाम भुगतना पड़ा और दूसरी ओर साढ़े तीन मुख्यमंत्री के आरोप के साथ अपने युवा सजातीय समाज की दबंगई का निरेटिव अखिलेश को खा गया जबकि आज भी लोग ब्यूरोक्रेसी पर लगाम लगाने में माया का उदाहरण देते हैं और आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता को शानदार बताते हुए अखिलेश की तारीफ करते नहीं थकते।

कम से कम उत्तर प्रदेश में तो सरकारें केवल अच्छे कामों से न तो बचती हैं और न केवल विपक्ष की सक्रियता से बनती हैं। सरकार की छवि चुनाव के साल जैसी बनी होती है और चुनाव मैदान में प्रत्याशियों का चयन, मैनेजमेंट और कार्यकर्ताओं की लगन, सक्रियता और उत्साह उसी पर परिणाम फिसल जाते हैं। इसीलिए सरकार और विपक्ष काम से ज्यादा निरेटिव बनाने में लगे रहते हैं। योगी सरकार के लिए सबसे बड़ा नेरेटिव इस समय ब्यूरोक्रेसी का बेलगाम होना और बेहिसाब घूसखोरी है। इस में भी पुलिस, बिजली तहसील और अस्पताल को पछाड़ नंबर 1 पर बनी है। अब ऐसे में अगर गांव देहात के छोटे बड़े मसलों में जातीय आधार का पुट मिक्स कर उसको मॉडल बना विपक्ष प्रचारित करने में सफल हो गया तो परिणाम भाजपा को भुगतने ही पड़ेंगे। दो तीन उदाहरण मेरे दिमाग में चल रहे हैं। अभी दो दिन पूर्व भीड़ भरी सड़क पर एक काली स्कॉर्पियो पूरी अदा से जा रही थी। नंबर प्लेट के ऊपर और पीछे शीशे पर एक तरफ पुलिस का मोनोग्राम और दूसरी तरफ क्षत्रिय लिखा था और पीछे एक एंबुलेंस बेचारी छटपटा रही थी। यह सिविक सेंस की कमी और हमारी संवेदनहीनता है, लेकिन शीशे पर लिखा क्षत्रिय दूसरा मोड दे रहा था। 22 के चुनाव का रिजल्ट निकल रहा था, एक भाजपा कार्यकर्ता के हाथ पैर दबंग सपाई ने तोड़ दिए। दोनों क्षत्रिय थे, लेकिन बिल्हौर से कानपुर तक दबंग सबसे बड़ा भगवाधारी बन गया। निकृष्टता और बेशर्मी की हद तक जाकर लोग उसकी मदद में जुटे थे। परिणाम सामने है, पुलिसिया शिकंजे से बाहर होते ही वह फिर होर्डिंगों में साइकिल चलाता दिख रहा है और बेचारा भाजपाई हाथ पैर के साथ मन से भी टूट गया है। तीसरे मामले में बर्राजपुर में एक चाय वाले की रजिस्ट्री शुदा जमीन पर निर्माण रोकने में एक बजरंग दल से भगाए गएऔर नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार का कारण बने छुटभैये ने एक सजातीय, दरोगा, संघ से जुड़े व्यक्ति का सहारा ले परेशान कर रखा है। अब डीएम, एसडीएम और एसीपी तीनो पीड़ित को कब्जा दिलाना चाहते हुए भी बेबस नजर आ रहे हैं। क्या यही सब सपा में नहीं होता था। हां, सपा इतनी सिद्धांतवादी तो थी ही कि सही हो या गलत, अपने कार्यकर्ता के साथ खड़ी रहती थी। यहां तो थाली के बैगनों की भरमार है। खनन से विधायक जी की परिक्रमा तक और थाने की दलाली से ब्लॉक की ठेकेदारी तक आपको हर ब्लॉक तहसील और जिले में दो चार घोषित सपाई मलाई खाते और सैकड़ों कुंठित भाजपाई भुनभुनाते मिल जाएंगे। दो वर्ष पहले की बात है एक घोषित चर्चित अपराधी को बिल्हौर सर्किल के सजातीय एसीपी आलोक सिंह के पास सजातीय वकील साहब मदद के लिए लाइव ले गए। तेजतर्रार एसीपी ने जातीयता किनारे कर अपराधी को लताड़ उन्हें बैरंग वापस किया। लेकिन सब अधिकारी ऐसे नहीं होते। इसलिए कहना पड़ रहा है कि अगर योगी जैसा ईमानदार और जीरो टॉलरेंस की बात करने वाला मिला है तो समाज की विशेष रूप से भाजपाइयों की और उससे ज्यादा क्षत्रियों की जिम्मेदारी है। समाज में सही बात कहें और सही व्यक्ति/पीड़ित के साथ खड़े हों। मत भूलिए कि पूरी दमदारी के साथ सपा सुप्रीमो अखिलेश न केवल अपने आसपास बने सजातीय चक्रव्यूह और सैफई ब्रांड को तोड़ने में लगे हैं बल्कि योगी को पुलिस का जातीय आधार पर हॉफ इन काउंटर और सजातीय अधिकारियों की पोस्टिंग करने का माहौल बना जातिवादी बताने में लगे हैं। यह घटनाएं बहुत नहीं हैं, लेकिन नेरेटिव बनाने को बहुत हैं। इसलिए कहता हूं, है सनातन की तैयारी, सबकी जिम्मेदारी, ठाकुरों की पहली बारी, मत भूलिए आपका इतिहास कितना गौरवशाली है। आपकी कुर्बानियां और जौहर की परंपरा यह बताने के लिए काफी है कि अगर आपकी तलवार, त्याग और बलिदान न होता तो मुगलिया शासन जाते जाते भारत मुस्लिम राष्ट्र बन चुका होता। तो फिर आज क्या दिक्कत है। आज तो केवल सच बोलना और सच के साथ खड़े होना है, फिर चाहे सामने अपना सजातीय हो या कोई बाहुबली। योगी को प्रदेश से देश और विश्व का नेता बनने दो उसे कुनबे में मत बांधो। हां, योगी सरकार की समीक्षा भी गौशाला से गुड गवर्नेंस पर ही होनी चाहिए और इसमें अभी बहुत नंबर लाने हैं।

**चलते चलते**

सुंदर सजीले छैल छबीले एसीपी मोहसिन खान आईआईटी की छात्रा को भी धोखा देने में सफल हो गए। गए थे, साइबर क्राइम में पीएचडी करने लेकिन अवैध संबंध विवाहेत्तर संबंध का विशेषज्ञ लवगुरु, डीलिट करने लगे। रिपोर्ट के बाद एसआईटी जांच और उसको सम्मान से लखनऊ डीजीपी ऑफिस अटैच कर दिया गया। यही है सिस्टम, मजूरों को और हजूरों को और एक मोहसिन नहीं है विभाग में, इनकी भीड़ है। एक दरोगा जी बीबी छोड़े दूसरी के साथ गुमटी से गोवा घूम रहे हैं। बीबी की शिकायत पर दो साल से 4 डीसीपी जांच ही कर रहे हैं। जिस का पेशकार रंगे हाथों पकड़ा जाए, उसे अच्छे सर्किल का प्रमोशन, यही है कानपुर कमिश्नरेट। कैंट के क्लब और बड़े चौराहे के फाइव स्टार होटल में किनकी रात गुलजार

## एक नजर

### नेत्र जांच शिविर में डेढ़ सौ मरीजों ने कराई जांच

**रामकोला (कुशीनगर)।** रामकोला नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 16 अहिरौली कुस्मही मे रविवार को भारतीय युवा मोर्चा के जिला मंत्री आदित्य मिश्रा व भाजपा नेता शेष मणि के नेतृत्व में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जहां गांव के अगल-बगल के लोगों ने अपनी आंखों का जांच कराने पहुंचे। शिविर में एक सौ पचास मरीजों की आंख की जांच कर नि:शुल्क दवाई दी और जिन मरीजों को चश्मे की जरूरत थी उनमें चश्मे का वितरण किया गया । नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में आई केयर के डॉक्टर शकील अहमद, अफरोज अंसारी, आर एन कुशवाहा, ने आए मरीज को बारी बारी से उनकी आंखों की जांच की तथा पास रखी दवाई का वितरण किया । जिन व्यक्ति की आंख की रोशनी बिना ऑपरेशन की ठीक न हो उसके लिए ऑपरेशन कराने की सलाह दी। इस मौके पर भारतीय युवा मोर्चा के जिला मंत्री आदित्य मिश्रा ने कहा कि गांव में गरीब व्यक्तियों का सहारा बनने की जरूरत है आज पैसे के अभाव में शहर में इलाज कराने बुजुर्ग व्यक्ति तथा महिलाएं नहीं जा पा रही हैं। ऐसे नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर से लोगों को लाभ मिलता है । ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे कैंप लगाकर इलाज कराने की आवश्यकता है। शिविर में 150 मरीजों की आंख की जांच हुई। इस मौके पर ओम प्रकाश कुशवाहा, सुदर्शन कुशवाहा, आशीष मिश्रा, अखिलेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### धान कुटी ट्राली की चपेट में आकर राहगीर गंभीर

**रसड़ा।** नगर के प्यारेलाल चौराहे समीप रविवार को सबेरे धान कुटाई ट्राली की चपेट में आकर साईकिल सवार ठाकुर खरवार (55) निवासी चिंतामणिपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। वे अपनी साईकिल से चौराहा होकर गांव जा रहे थे तभी पीछे से आ रही धान कुटाई की ट्राली की चपेट में आ गए। गंभीर अवस्था में उन्हें रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया उनकी प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया।

### बलिया का लाल बना लेफ्टिनेंट

**लक्ष्मणपुर।** शनिवार को 456 युवा भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से पासिंग आउट परेड के बाद सेना में अफसर बन गए। इनमें जिले के सोहॉव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा चौरा के रहने वाले अनुराग सिंह भी शामिल हैं। बतौर लेफ्टीनेंट बने अनुराग के कंधे पर सितारे सजाने के बाद उनके पिता सेवानिवृत कैप्टन लक्ष्मण सिंह व माँ रेखा सिंह गौरवान्वित महसूस कर रहे है। लेफ्टिनेंट अनुराग सिंह के पिता लक्ष्मण सिंह 2018 में कैप्टन के पद से सेवानिवृत हुए। पिता सिपाही से कैप्टन तक का सफर प्रमोशन करते हुए तय किये, जबकि बेटे अनुराग ने पहली ही परीक्षा में लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर लिया। लेफ्टिनेंट अनुराग की प्रारंभिक शिक्षा 1 से 12वीं तक केंद्रीय विद्यालय मेरठ में हुई। अनुराग ने यह साबित कर दिया कि अगर लगन और मेहनत से पढ़ाई की जाए तो कोई भी परीक्षा और किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। महज 22 वर्ष की उम्र मे अनुराग ने अपने घर से तैयारी करके इस मुकाम को हासिल कर लिया। वर्ष 2020 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद उनका पुणे में तीन साल तक प्रशिक्षण चला। साल भर उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में कठिन प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद शनिवार को पासआउट होकर अनुराग लेफ्नेटि बन गए। उनके सैन्य अफसर बन जाने पर गाँव में खुशी का माहौल है। गाँव के घर पर रह रहे उनके चाचा जयराज सिंह और राम रूप सिंह ने बताया की दिनभर बधाई देने वाले लोगों का ताता लगा हुआ है। पहचानने वाले लोग उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं। लेफ्टिनेंट बने अनुराग सिंह के पिता कैप्टन लक्ष्मण सिंह ने बताया कि हमारे बेटे ने अपने दादा स्वर्गीय राम इकबाल सिंह जी के सपने को साकार किया है। क्योंकि अनुराग के दादाजी हमेशा कहते थे कि अनुराग अपने पिता से भी एक दिन बड़ा आदमी बनकर दिखाएगा।

### अज्ञात कारण से लगी आग में तीन झोपड़ियां खाक

**तमकुहीराज ( कुशीनगर )।** पटहेरवा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पगरा पड़री के छोटी हरिजन बस्ती में अज्ञात कारण से लगी आग में तीन व्यक्तियों की झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। रविवार को उक्त गांव निवासी बैजनाथ यादव के रिहायशी झोपड़ी में आग लगने से बंधी गाय जलकर घायल हो गई तो सारा सामान व अनाज भी जल गए। आग की लपटों ने लालदेव यादव की झोपड़ी को अपने आगोश में ले लिया जिसमें रखा भूसा और चारा मशीन जल गए। प्रेम यादव की झोपड़ी, बंधी गाय व बकरी जल गई जबकि ओढ़ना बिछौना भी जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। प्रधान प्रतिनिधि अशोक गोंड ने ढांढ़स बंधाया। पशु चिकित्सक लालमणि यादव ने पशुओं का उपचार किया। हल्का लेखपाल खालिद सिद्दीकी ने क्षति का आंकलन कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है।

अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए क्रिमिनल ट्रैकिंग सेल का हुआ गठन

बलिया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से क्रिमिनल ट्रैकिंग सेल का गठन किया गया है, रविवार की दोपहर सिविल लाईन स्थित कार्यालय में एएसपी कृपाशंकर ने इसकी जानकारी दी। बताया कि प्राय: देखा जाता है कि अपराधीयों के जमानत से छूटने के बाद अपराध कारित करने की संभावना होती है, जिसके अंतर्गत इस व्यवस्था में अपराधियों एवं उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी । जघन्य अपराध जैसी हत्या, लूट, डकैती व महिला संबंधी अपराधों में शामिल अपराधियों पर सतर्क निगरानी के द्वारा पुन: उनके द्वारा अपराध कारित करने से रोका जा सकें ।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बालिका को रौंदा

## आक्रोशित ग्रामीणों ने शव रख एनएच—31 को डेढ़ घंटे तक किया जाम

» सीओ के आर्थिक मदद व कार्रवाई के आश्वासन पर माने ग्रामीण

» नरही के बिलरिया गांव के पास हुआ सड़क हादसा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के बिलरिया गांव के सामने रविवार की दोपहर एनएच—31 पर पिकअप ने बलिका को रौदते हुए फरार हो गई। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बालिका का शव सड़क पर रखकर आवागमन ठप कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ सदर श्याम कांत द्वारा कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे बाद जाम समाप्त कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे बिलरिया गांव निवासी जहांगीर अंसारी की आठ वर्षीय बेटी रूजमा चौरा मार्ग से जैसे ही एनएच—31 पर आई।

वैसे ही भरौली के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मारते हुए बच्ची को घसीटते हुए कुछ दूरी तक चला गया और गाड़ी को लेकर चालक फरार हो गया। लेकिन ग्रामीणों ने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया। इसके बाद भी पुलिस गाड़ी को नहीं पकड़ पाई तो आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बच्ची का शव रखकर जाम कर दिया। इसके बाद दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई।

सूचना पर सीओ सदर श्याम कांत मौके पर पहुंच कर एक सप्ताह के अंदर परिवार को आर्थिक मदद एवं धक्का मारने वाली गाड़ी के विरुद्ध कार्रवाई करने आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया। तब जाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### ब्रेकर से टकराकर बाइक पलटी, एक की मौत दूसरा गंभीर

**बलिया।** रसड़ा-कासमाबाद मार्ग से होकर तिराहीपुर मुड़ेरा मार्ग के तिराहीपुर के समीप शुक्रवार की रात सड़क पर बने ब्रेकर (ठोकर) से टकराकर बाइक पलट गई जिसमें दो बाइक सवार दो युवक में निखिल पांडेय (20) निवासी धर्मजा मुड़ेरा की मौत हो गई जबकि दुसरा युवक पुनित प्रसाद (14) निवासी धर्मरजा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते है कि धर्मरजा में आई बारात के सम्पन्न होने के बाद दोनों युवक किसी को छोड़ने श्रीउरीअमहट गए हुए थे वहां से लौटते समय अचानक उनकी बाइक ब्रेकर से टकराकर सड़क पर पलट गई और गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल दोनों युवकों को रसड़ा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। बाद में बलिया अस्पताल में इलाज के दरम्यान निखिल पांडेय ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाई में जुट गई।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन की सरगर्मी तेज

» कर्मचारी नेता वेदप्रकाश पाण्डेय ने अधिवेशन को सफल बनाने को झोंकी ताकत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलिया।** कर्मचारी हितों व उनकी मांगों के लिए प्रान्त से लेकर जनपद स्तर पर अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के 23 दिसम्बर को होने वाले द्विवार्षिक अधिवेशन की सरगर्मी तेज हो गई है। अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी व प्रांतीय महामंत्री शिवबरन यादव होंगे।

अधिवेशन की सफलता के लिए संगठन के मंत्री वरिष्ठ कर्मचारी नेता वेदप्रकाश पाण्डेय एक सप्ताह से विभिन्न कार्यालयों में संपर्क कर रहे हैं। विगत दिनों में उद्यान विभाग, विकास भवन, कृषि भवन, सिंचाई विभाग, डिप्लोमा इंजीनियर संघ, प्रोबेशन ऑफिस, कोषागार, पीडब्ल्यूडी, नलकूप, मलेरिया विभाग, परिवहन, आईटीआई, टाउन पालीटेक्निक, कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, होमगार्ड संघ, शहर के सभी बड़े कॉलेजों व इंटर कॉलेजों के अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलने के बाद रविवार को भी उन्होंने सुशील त्रिपाठी, विनोद मिश्र, अनिल यादव व ददन यादव के साथ उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ जी चंद्रशेखर उद्यान में चल रही बैठक के दौरान पहुंच कर पदाधिकारियों को अधिवेशन के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने अधिवेशन के लिए सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक केसरी, अनिल सिंह, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, निर्भय शंकर राय, सुधीर उपाध्याय, पुष्पराज सिंह व राजेश सिंह आदि को अधिवेशन का आमंत्रण पत्र दिया। कर्मचारी नेताओं से मुलाकात में विगत वर्षों में जनपद स्तर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा अलग-अलग संगठनों के संघर्षों में कर्मचारी सदस्यों के मान-सम्मान एवं उनकी मांगों को पूरा कराने का हवाला देते हुए कहा कि इसमें महाविद्यालय शिक्षक संघ, डिप्लोमा इंजीनियर संघ व लेखपाल संघ का आन्दोलन मुख्य रहा है।

### मुसहर बस्ती में किया गया कंबल वितरण

**फाजिलनगर ( कुशीनगर ) ।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र की मुसहर बस्ती में आज सबेरे ठंड से बचाव के लिए दर्जनों लोगों को नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही व ब्यापार मंडल के मुखिया रामानंद गुप्ता द्वारा कंबल प्रदान किये गए । ठंड के चालू मौसम में जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के इस पुनीत मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल नंदलाल पाठक, ओमप्रकाश उर्फ मालिक, हीरालाल उर्फ मोछू सेठ, हेमंत वर्मा व पलटन यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सर्दी के कठिन समय में बहुत सहायक होते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री शाही ने कहा कि इसका उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करने के साथ ही समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना भी है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने ठंड से बचाव के लिए अपनी सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# दयनीय जीवन जीने को मजबूर हैं मेहनती प्रवासी मजदूर

## ईट भट्ठों पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरो को नही है कोई सुविधा, बच्चे भी कर रहे हैं ईटों की पथाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज ( कुशीनगर )।** हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी भी हवाई जहाज से यात्रा करेगा । आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन ईट भट्ठा पर काम करने वाले लोगो के साथ भावनात्मक एव व्यंगात्मक तरीके से इनकी गरीबी की स्थिति को ब्यक्त कर रहा है ।

रोटी की बेबसी इंसान को कुछ भी करने को बेवस कर सकती है । एक तरफ कड़ाके की ठंढ तो दूसरी तरफ रोटी की भूख के लिए ईट भठ्ठो पर काम करने प्रवासी मजदूरों की मेहनत किसी किसी जंग से कम नही है फिर भी लोग इनकी लाचारी का फायदा उठाने में पीछे नही रहते है ।

कुछ ऐसी ही परस्थितियों के बीच सेवरही , तुर्कपट्टी व पटहेरवा थाना क्षेत्र में संचालित बिभिन्न ईट भठ्ठो पर प्रवासी मजदूर काम कर रहे है । ईट भठ्ठे पर मजदूरों को सुबिधा देने के दावे तो किये जाते है लेकिन जो जमीनी हकीकत है वह कोसो दूर है ।

ईट भठ्ठो पर प्रवासी मजदूर अपनी बेवसी भरी जिंदगी बीबी बच्चो के साथ कटरैन में काट रहे है । जीतोड़ मेहनत करने वाले प्रवासी मजदूरों का शोषण भी खूब होता है ।

प्रवासी महिला मजदूरों का शारीरिक शोषण भी खूब होता है लेकिन बेवसी ऐसी की आह भी नही भरती है । ईट भठ्ठा संचालक जब इनको बुलाकर लाते हैं तो उस समय इन्हें आश्वासन देते है कि शासन के नियमावली के तहत रहने , खाने , शिक्षा व चिकित्सा के साथ शौचालय आदि मूलभूत सुबिधाये प्रदान की जायेगी लेकिन उनके दावे जमीन पर बिल्कुल खोखले साबित हो रहे है ।

प्रवासी मजदूर झोपड़ी में रहने को मजबूर के साथ खुले में शौच के साथ बिना शिक्षा व चिकित्सा के उनके बच्चे पलते है ।

गम्भीर बीमारी होने पर भी उन्हें झोला छाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता है । क्षेत्र में संचालित सभी ईट भठ्ठो पर काम करने वाले मजदूरों की यही स्थिति है । प्रवासी मजदूरों के बच्चो के हाथों में कलम और कॉपी होनी चाहिए लेकिन उनके हाथों में मिट्टी और ईट दिखाई दे रहा है । सर्व शिक्षा अभियान क्षेत्र के ईट भठ्ठो पर दम तोड़ रही है ।

# सुंदरकांड के संगीतमयी पाठ का लिया आनंद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ ।** नगर के जीवन राम छात्रावास के प्रांगण में रामायणम फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले श्री राम कथा का शुभारंभ श्री हनुमत कृपा सेवा समिति द्वारा श्री सुंदर काण्ड के संगीतमय पाठ से हुआ ।

समिति के मुखिया चंद्र शेखर अग्रवाल द्वारा श्री हनुमान जी के महा मंत्र का जप करने के पश्चात मनोज तिवारी रवि बरनवाल सुनील दुबे और डॉक्टर रामगोपाल गुप्ता तथा रिंकू मिश्र के द्वारा बारी बारी से श्री सुंदर काण्ड का सरस और संगीतमय पाठ किया गया।पाठ के अंत तक में आरती और भोग के पश्चात श्री सुंदर काण्ड पाठ परिवार द्वारा आगामी 22दिसंबर रविवार को देवाधिदेव महादेव काशी वासी बाबा विश्वनाथ के दरबार में आयोजित सुंदर काण्ड पाठ हेतु रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर समिति के प्रमुख डॉक्टर रामगोपाल गुप्त ने बताया

कि मऊ नगर से दर्जनों बसों और अपने साधनों से काशी के लिए सपरिवार रवाना होगे जो एक निश्चित ड्रेस कोड में पुरुष और महिलाएं सजी रहेगी ।इस अवसर पर अंकित बरनवाल दिनेश बरनवाल सौरभ शशिभूषण सिंह राम यज्ञ सिंह मोती लाल विश्वकर्मा जय कृष्ण उपाध्याय अशोक यादव वीरेंद्र मौर्य संतोष जायसवाल विनोद गुप्त राघवेंद्र सिंह उमेश चंद पांडेय राजेंद्र लाला कमलेश सिंह आनंद गुप्ता संजय सर्राफ समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष के चुनाव हेतु नामांकन 16 दिसंबर को

**मऊ।** भारतीय जनता पार्टी के जनपद मऊ के संगठन पर्व 2024 मंडल इकाई के मंडल अध्यक्ष हेतु नामांकन का दिन और समय सुनिश्चित हुआ।

भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय ने बताया कि मण्डल अध्यक्ष हेतु नामांकन दिनांक 16 12 2024 को दिन में 10 से 12:00 बजे तक तथा 12:00 से 1:00 बजे तक नाम वापसी होगी, वहीं 1:00 से 3:00 तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

जिला चुनाव अधिकारी राम तेज पांडे जी ने सभी मंडल चुनाव अधिकारी से आग्रह किया कि मंडलों के चुनाव करके पत्रावली जमा करें उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक संवैधानिक पार्टी है उसी के तहत चुनाव संपन्न कराया जा रहा है।

# ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रूपए के आभूषण व नगदी पर किया हाथ साफ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बैरिया।** थाना क्षेत्र के देवकी छपरा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक परिवार शादी समारोह में गया था और उनके घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण व नगदी चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार ने बैरिया थाना में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बैरिया थाना क्षेत्र के देवकी छपरा गांव निवासी स्वर्ण व्यवसायी व ग्रामपंचायत सदस्य प्रेम सोनी ने बताया कि बीते 14 तारीख शनिवार को हमारी भतीजी की शादी बलिया के वृंदावन लाज से होना था।जिसमे शनिवार की शाम छह बजे से पूरा परिवार बलिया के लिए रवाना हो गया।रविवार की सुबह जब हम लोग मकान का मुख्य दरवाजा खोलकर अन्दर पहुंचे तो देखा कि सभी कमरों के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।जब कमरे के अंदर पहुंचे तो कमरे में रखे अलमारियां टूटी हुई थी,और आलमारियों के लाकर में रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। पीड़ित ने बताया कि आलमारियों में चांदी के पुराने बिछुआ,पायल,अंगूठी,सिकड़ी तथा सोने के दैनिक उपयोग वाले आभूषण जिसमे बाली,टप्स,अंगूठी,चेन आदि आभूषण महिलाएं अलमारी के लाकर में रखकर विशेष अवसरों पर पहनने वाला सोने आभूषण पहनकर शादी में गयी थी।बताया कि हमारी रिस्तेदारी की सभी बहन बेटियां आयी है।और उनका दैनिक उपयोग वाला आभूषण भी घर पर ही था।अनुमान के मुताबिक लगभग चार लाख रुपये का आभूषण व लगभग 20 हजार रुपए नगदी चोरी हो गया है।

# कबाड़ की दुकान में लगी आग, 50 हजार का सामान जलकर राख

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सिकंदरपुर।** नगर के मोहल्ला भिखपुरा में अज्ञात कारणों से कबाड़ी की दुकान में आग लगने से अफरातफरी मच गई। वही दुकान में रखा पचास हजार से अधिक का सामान जलकर नष्ट हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के भिखपुरा मानापुर रोड ( वार्ड न.6) निवासी साहेब आलम पुत्र नूर आलम कबाड़ी की दुकान कर अपनी जीविका चलाते है। रविवार की सुबह अचानक उनके कबाड़ी की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग समझ पाते तब तक आग विकराल रूप ले लिया तथा दुकान को अपने आगोश में ले लिया। जिससे दुकान में रखा सामान धूधू कर जलने लगा। आग देख साहेब आलम शोर मचाते हुए उस पर काबू पाने का प्रयास करने लगे।उन की शोर पर मौके पर जुटी मोहल्ले के लोगों

की भीड़ ने अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया तब तक दुकान में रखा करीब पचास हजार से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार साहेब आलम ने बताया कि आग लगने की घटना में उनके कबाड़ी की दुकान में रखे रद्दी,तार, कागज, टायर, प्लास्टिक के कबाड़, के सामान जल गए। वही आस पास पक्का मकान होने के वजह से घरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इस घटना से पीड़ित और उसके परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

# मिनी मैराथन में रंजीत पटेल व सरिता निषाद अव्वल

## पूर्व डीजीपी स्व . बाबूलाल यादव की स्मृति में हुआ मिनी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर )।** पूर्व डीजीपी स्व. बाबूलाल यादव स्मृति मिनी मैराथन का आयोजन कुशीनगर महोत्सव के छठवें दिन तमकुहीराज रामलीला मैदान से किसान पीजी कालेज बनरहां से खेल मैदान तक हुआ। मैराथन के पुरुष वर्ग में रंजीत पटेल व महिला वर्ग में सरिता निषाद प्रथम रहे।

रविवार को प्रातः उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के डिप्टी कमिश्नर बीके मोहन ने बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।

पांच किमी की दौड़ प्रतियोगिता में गोरखपुर के रंजीत पटेल प्रथम, गोरखपुर के ही अभिषेक द्वितीय, यहीं के शिव कुमार निषाद तृतीय, कुशीनगर के मृत्युंजय यादव चतुर्थ, गोरखपुर के

विकास यादव पांचवें, व कुशीनगर के चंदन यादव छठवें स्थान पर रहे। नीतीश प्रजापति, अर्जुन गुप्ता, कृष्णा यादव सहित 14 धावकों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। महिला वर्ग में सरिता निषाद प्रथम, आंचल यादव द्वितीय, काजल कुमारी तृतीय, गोल्डी चतुर्थ, अंजलि गोंड पांचवें व ज्योति छठवें स्थान पर रहे। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि ने कहा कि कुशीनगर महोत्सव सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक सरोकार के साथ सम्मान और स्वालंबन के प्रति जागरूक कराने को समर्पित है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रामीण क्षेत्र में युवा खेल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है। कुशीनगर महोत्सव ने स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया है। जे डान बास्को विद्यालय आजमगढ़ के प्रबंधक आरपी राय, आलोक राय विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय राय ने आभार प्रकट किया।

जिला स्काउट प्रशिक्षक अजय निगम, शैलेन्द्र तिवारी, सूरज कन्नौजिया, जवाहर प्रसाद आदि ने प्रतियोगिता संपन्न कराई। इस दौरान संजय सिंह, पंकज राय, आदित्य राय, प्रिंस तिवारी, अमित राय, अभिषेक त्रिपाठी, राजकुमार गिरी, धनन्जय मिश्र, मृत्युंजय सिंह आदि ने मैराथन को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह के गीत और डांस पर झूमे दर्शक

» कुशीनगर महोत्सव के तत्वाधान आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** स्थानीय रामलीला मैदान में कुशीनगर महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायक एव अभिनेत्री भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया । आयोजक मण्डल ने कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । देर रात तक अक्षरा सिंह के गीतों पर दर्शक खूब झूमे ।

तमकुहीराज स्थित रामलीला मैदान में कुशीनगर महोत्सव के तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज माँ दुर्गा के आराधना के साथ हुआ और फिर भोजपुरी गाना सुन दर्शक खूब झूमे । मंच पर पहुचते ही भोजपुरी की सुपरस्टार अक्षरा सिंह मंच सम्भाल लिया ।

इसके बाद उन्होंने गणपति के गाने से शुभारम्भ किया । अक्षरा ने लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया । इसके अलावा हमरी चुनरिया बा झलकुआँ , जान मारे लहंगा ये

लखनऊआ। पूर्वांचल के दिल नथुनिया पर दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया ।

गाने के साथ अक्षरा सिंह ठुमके देखकर युवाओ में काफी उत्साह देखा गया । अक्षरा सिंह ने आयोजक बिनय राय को बधाई दिया । उन्होंने कहा कि कुशीनगर महोत्सव एक अच्छा आयोजन है । अक्षरा सिंह के साथ गायक आर्यन बाबू ने खूब धमाल मचाया तथा आयोजक बिनय राय ने के प्रति आभार प्रकट किया । शानदार संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया ।

**आयोजन** मिल का संचालन किसानों के लाभ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : दारा सिंह चौहान

# सहकारी चीनी मिल्स घोसी में विधि विधान से नए पेराई सत्र का शुभारंभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के घोसी स्थित सहकारी चीनी मिल्स में आज नए पेराई सत्र का विधि विधान से भव्य शुभारंभ किया गया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, उप सभापति रजनीश राय राजू, जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, एडीएम सत्यप्रिय प्रिय सिंह, उपजिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही बड़ी तादाद में किसानों और मिल कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर मिल प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का ऐलान किया गया, जिनसे किसानों को बेहतर समर्थन मिल सके और मिल की पेराई क्षमता में वृद्धि हो सके। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने इस मौके पर किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मिल के संचालन को किसानों के लाभ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और इस नए पेराई सत्र को अत्यधिक सफल बनाने की कामना की।

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने इस अवसर पर सहकारी चीनी मिल्स के संचालन के महत्व को रेखांकित किया और किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने यह भी कहा कि मिल प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं और योजनाओं से किसानों को शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। सहकारी चीनी मिल्स घोसी के उप सभापति रजनीश राय ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि नए पेराई सत्र की शुरुआत किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सत्र में मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाया जाएगा, ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिल सके और उनकी मेहनत का पूरा

लाभ उन्हें प्राप्त हो। रजनीश राय ने विश्वास जताया कि मिल के संचालन में सुधार और कार्यकुशलता के कारण इस बार किसानों को अधिक लाभ होगा। उन्होंने मिल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय को और मजबूत करने की बात की, ताकि चीनी मिल का संचालन सटीक रूप से हो सके और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले। साथ ही, उन्होंने सभी किसानों से मिल के साथ सहयोग की अपील की और यह सुनिश्चित किया कि मिल द्वारा की गई सभी व्यवस्थाएं किसानों के लाभ में होंगी। उपजिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी ने मिल के कर्मचारियों और किसानों को धन्यवाद दिया और यह सुनिश्चित करने की बात कही कि मिल का संचालन सटीक और किसानों के लाभकारी तरीके से किया जाएगा।

समारोह के दौरान मिल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के बीच सहयोग के नए रास्ते खोले गए, ताकि मिल संचालन और किसानों की समृद्धि में तालमेल बना रहे। इस नए पेराई सत्र की शुरुआत को लेकर किसानों में भी उत्साह और उम्मीदें स्पष्ट रूप से दिखी।

इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, रामाश्रय राय, सुधाकर सिंह, प्रवीण गुप्ता, सर्वेश राय, मुन्ना गुप्ता, आलोक राय, त्रिभुवन, राजेश सिंह, करुणेश राय, विपिन राय, दुर्गविजय राय, पूजा राय, मिंटू राय, दीपक राय, शिवम राय, विमल कृष्ण राय, उमाशंकर उपाध्याय समेत बड़ी तादाद में किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर से निकला किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**गोंडा।** जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान से मिलने जा रहा किशोर अचानक लापता हो गया। मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक खरगूपुर थाना क्षेत्र के अमडोहवा निवासी राजेश कुमार ने थाने पर प्रार्थनापत्र देकर कहा है कि उनका 15 वर्षीय पुत्र मोहित मन्द बुद्धि का है। वह अपने ननिहाल बनघुसरा ग्राम पंचायत हरचंदपुर में रहता था। नौ दिसंबर को वह घर से साइकिल द्वारा प्रधान हरचंदपुर से मिलने पृथ्वीनाथ चौराहे पर गया था। काफी समय बाद चौराहे पर न पहुंचने पर उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कमलाकान्त त्रिपाठी ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### बाह्मण चेतना संगठन ने चलाया सदस्यता अभियान

**सादुल्लानगर, बलरामपुर।** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा (भगवान दत्तात्रेय की जयंती) पर अभिजित मुहूर्त में ब्रह्मण चेतना संगठन का अपने कार्यालय सादुल्ला नगर पर सदस्यता अभियान विधिवत मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुरुआत पंडित प्रीतम अविनाश शास्त्री द्वारा कराया गया। और भगवान दत्तात्रेय की जीवनी पर प्रकाश ड़ालते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सदस्यता अभियान का शुभारम्भ हुआ। जिसमें सदस्यों की संख्या लगभग 20 रही।जिसमे मनमोहन दास राजेश मिश्रा रवी प्रकाश पाण्डेय विकास राहुल मिश्रा आनन्द तिवारी आसुतोष पाण्डेय जयप्रकाश मिश्रा आदेश तिवारी प्रीतम अविनाश शास्त्री शुभम पाण्डेय विकास चन्द्र मिश्रा आदि लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, किया चालान

**उतरौला (बलरामपुर)।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, विकास कुमार के निर्देशानुसार अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में तथा थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग दुर्विजय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक राजकुमार चौधरी और उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार के नेतृत्व में थाना गैंड़ास बुजुर्ग की पुलिस टीम, जिसमें हेड कांस्टेबल अरविन्द यादव, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल शशांक शेखर यादव और महिला कांस्टेबल धनमाया शामिल थे, क्षेत्र में गश्त और वांछित अपराधियों की तलाश में जुटी थी। टीम को न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कोर्ट उतरौला, जनपद बलरामपुर द्वारा मामला संख्या 1489/2015 धारा 323, 325, 427, 504 भा0द0वि0 के तहत वारण्टी अभियुक्त सुमिरन पुत्र रामफल, निवासी ग्राम थोथिहवा मश0 इटईरामपुर, थाना गैण्डास बुजुर्ग के खिलाफ एनबीडब्लू जारी किया गया था। पुलिस टीम ने वारण्टी सुमिरन को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया और उसे नियमानुसार न्यायालय भेजा। इस गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि अपराधियों और वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस प्रयास से अपराधों पर अंकुश लगाने और न्याय की प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे ताकि क्षेत्र में अपराधियों का सफाया किया जा सके और आम जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

### अवैध अतिक्रमण पर चला पुलिस का बुलडोजर

**बहराइच।** शहर के घंटाघर और स्टीलगंज तालाब क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने बुलडोजर चलाते हुए अतिक्रमण हटवाया। इससे अफरा तफरी रही। स्टीलगंज तालाब क्षेत्र में कई दुकानों के सामने अतिक्रमण की पूरी सफाई कर दी गई है। शहर के घंटाघर बाजार से तिकोनीबाग, छावनी चौराहा, स्टीलगंज तालाब बाजार समेत अन्य स्थानों पर पटरी पर दुकानदारों की ओर से जमकर अतिक्रमण किया गया है। नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा अतिक्रमण हटवाने के लिए पुलिस से कई बार सहयोग मांगा गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमित पाठक ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में रविवार को कोतवाली नगर और देहात पुलिस तीन बुलडोजर लेकर पहुंची। पुलिस ने घंटाघर से तिकोनी बाग और स्टीलगंज बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया। नगर पालिका परिषद की ईओ प्रमिता सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने कर्मचारी और वाहन मांगे थे। जिस पर वाहन और निरीक्षक गोविंद मिश्रा की अगुवाई में कर्मचारी दे दिए गए। अतिक्रमण हटवाने को लेकर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही।

### बुलेट फायर वाहन से बुझाई जाएगी आग

**बहराइच।** दमकल विभाग को शासन की ओर से बुलेट फायर वाहन मिला है। इस वाहन का उपयोग गली कूचे में लगने वाली आग को बुझाने में किया जायेगा। बुलेट वाहन एकबार में 15 लीटर पानी ले जा सकता है। इसका उद्घाटन कुंभ मेला में किया जाएगा। जिले के गली और मोहल्ले में आग लगने पर दमकल वाहन नहीं पहुंच पाते हैं। इससे गृह स्वामियों को काफी नुकसान होता है। इसको देखते हुए अग्निशमन विभाग की ओर से शासन को पत्र भेजकर छोटे वाहन की मांग की गई थी। शासन ने गली और मोहल्ले में लगने वाली आग को बुझाने के लिए बुलेट फायर वाहन भेजा है। जिस पर पांच लाख से अधिक का खर्च आया है। प्रभारी फायर सर्विस गेंदा लाल ने बताया कि शासन की ओर से बुलेट फायर वाहन भेजा गया है। इस वाहन का उपयोग गली और मोहल्ले में लगने वाली आग को बुझाने में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बड़े वाहन गली में नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में यह बुलेट फायर वाहन नुकसान को कम करने में काफी मदद करेगी। एक बार में वाहन में 15 लीटर पानी जाएगा। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गेंदालाल ने बताया कि शासन की ओर से पूरे प्रदेश में ऐसे वाहन दिए गए हैं। इन सभी वाहनों का उद्घाटन कुंभ मेले में मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इसके लिए प्रयागराज बुलेट फायर वाहन ले जाया जाएगा।

### एकमुश्त समाधान योजना से मिलेगा लाभ

**उतरौला (बलरामपुर)।** उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के बकायादार उपभोक्ताओं के लिए प्रदेश में 15 दिसम्बर से लागू हो गई। रविवार को विद्युत उपकेंद्र उतरौला में कैंप लगाकर बिजली बकायदारों का एक मुश्त समाधान में पंजीकरण कर बकाया भुगतान कराया गया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने बिजली बकायादारों का पंजीकरण कराकर एक मुश्त समाधान योजना का शुभारंभ किया। एकमुश्त समाधान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख, सभासदो व ग्राम प्रधानों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ताओं को जागरूक करने की अपील करते हुए उनके बकाया बिल जमा करवाने का अनुरोध किया। उपखण्ड अधिकारी अरविंद गौतम, जेई नगर पवन कुमार, जेई आईसीडीएस रविन्द्र कुमार,जेई ग्रामीण विजय रंजन यादव व अन्य बिजली कर्मचारियों द्वारा लोगों को सरकार की बिजली बिल बकायेदारो के लिए एक मुश्त समाधान योजना के बारे में बताया गया ।उन्होंने कहा की 30 सितंबर 2024 तक के बकाए पर ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। योजना को तीन चरणों में घरेलू वाणिज्य व नलकूप सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए लागू किया गया है। जिसमें पहले चरण में एक मुश्त बकाया जमा करने पर घरेलू के ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट, दूसरे चरण में 80 प्रतिशत व तीसरे चरण में ब्याज में 70 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। जबकि बकायदारों को किस्तों में भी पैसा जमा करने की सुविधा दी जाएगी। जिससे बकाएदारों को काफी राहत मिलेगी।

# 'मैं मरने नहीं वरन आजाद भारत में पुनर्जन्म लेने जा रहा हूं'

**नदीम सिद्दीकी**

» अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को 17 दिसंबर को जिला कारागार गोंडा में दी गई थी फांसी

**गोंडा।** शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मरने वालों का बाकी यही निशा होगा.. 17 दिसंबर 1927 को बंगाल में जन्मे फौलादी दृढ़ता, देश-प्रेम व आजादी के प्रति दीवानगी के गुणों से क्रांतिकारी बने राजेंद्र नाथ लाहिड़ी ने यहां गोंडा की धरती पर हंसते-हंसते फांसी के फंदे को गले लगा लिया था।

फांसी पर चढ़ने से पहले उन्होंने फंदे को चूमा फिर भारत माता को नमन किया था। फिर उन्होंने कहा था कि मैं मरने नहीं जा रहा बल्कि स्वतंत्र भारत में पुनर्जन्म लेने जा रहा हूं। यह कहते हुए राजेंद्र नाथ लाहिड़ी ने वन्दे मातरम के जयघोष के साथ फिरकी हुकूमत द्वारा काकोरी कांड के आरोप में दी गयी फांसी की सजा स्वीकारा था। बंगाल के पबना जिले के मड़यां मोहनपुर गांव में 29 जून 1901 को क्षिति मोहन लाहिड़ी के घर जन्मे राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की माता का नाम बसंत कुमारी था। उनके जन्म के वक्त पिता व बड़े भाई बंगाल में चल रही अनुशीलन दल की गुप्त गतिविधियों में योगदान के आरोप में सलाखों के पीछे कैद थे। दिल में राष्ट्रप्रेम की चिंगारी लेकर मात्र नौ साल की आयु में ही वह बंगाल से अपने मामा के घर वाराणसी पहुंचे।

वाराणसी में उनकी शिक्षा-दीक्षा संपन्न हुई। काकोरी कांड के दौरान लाहिड़ी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में इतिहास विषय में एमए प्रथम वर्ष के छात्र थे। लाहिड़ी धार्मिक नगरी पढ़ाई करने गये थे लेकिन संयोगवश वहां पहले से ही निवास कर रहे सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी शचींद्रनाथ सान्याल के संपर्क में आ गये। राजेंद्र की फौलादी




दृढ़ता, देश-प्रेम और आजादी के प्रति दीवानगी के गुणों की पहचान कर शचींद्र नाथ ने उन्हें अपने साथ रखकर बनारस से निकलने वाली पत्रिका बंग वाणी के संपादन का दायित्व तो दिया ही साथ ही अनुशीलन समिति की वाराणसी शाखा के सशस्त्र विभाग का प्रभार भी सौंप दिया। उनकी कार्य कुशलता तो देखते हुए उन्हें हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की गुप्त बैठकों में आमंत्रित भी किया जाने लगा। 9 अगस्त 1924 की शाम सहारनपुर से लखनऊ पहुंचने वाली आठ डाउन ट्रेन पर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' ने अशफाक उल्ला खां और चन्द्र शेखर आजाद व अन्य छह साथियों की मदद से धावा बोल दिया। कुल 10 नवयुवकों ने मिलकर ट्रेन में जा रहे सरकारी खजाने को लूट लिया। इस दौरान ट्रेन में मौजूद अंग्रजी सैनिक उनसे मुकाबला करने की हिम्मत नहीं जुटा सके थे।

**बनाते समय ही फट गया था बम लाहिड़ी गये थे जेल**

काकोरी कांड के बाद बिस्मिल ने लाहिड़ी को बम बनाने का प्रशिक्षण लेने बंगाल भेज दिया। राजेंद्र नाथ लाहिड़ी कलकत्ता गये वहां दक्षिणेश्वर में उन्होंने बम बनाने का सामान इकट्ठा किया। अभी तक वे पूरी तरह प्रशिक्षित भी न हो पाए थे कि साथी की असावधानी से एक बम फट गया। धमाका सुनकर पुलिस आई। कुल नौ साथियों के साथ लाहिड़ी भी पकड़े गये। उन पर मुकदमा कायम हुआ और 10 साल की सजा सुनाई गई। बाद में यह सजा पांच साल की हुई।

**फांसी से पहले सुबह किया था व्यायाम**

ब्रिटिश राज ने दल के सभी प्रमुख क्रांतिकारियों पर काकोरी कांड के नाम से मुकदमा दायर करते हुए सम्राट के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने व खजाना लूटने का न सिर्फ आरोप लगाया बल्कि झूठी गवाहियां एवं मनगढ़ंत प्रमाण पेश कर उसे सही साबित कर दिखाया। राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को काकोरी कांड में शामिल करने के लिए बंगाल से लखनऊ लाया गया। तमाम अपीलों व दलीलों के बावजूद सरकार टस से मस न हुई। अंततः राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह एक साथ चार क्रांतिकारियों को फांसी की सजा सुना दी गई। लाहिड़ी को अन्य क्रांतिकारियों से दो दिन पहले 17 दिसंबर 1927 को फांसी दे दी गयी। फांसी पर चढ़ने से पहले सुबह लाहिड़ी व्यायाम कर रहे थे।

जेलर ने पूछा मरने से व्यायाम का क्या प्रयोजन है? तब लाहिड़ी ने निर्वेद भाव से जो उत्तर दिया, उसे सुन जेलर भी निरुत्तर हो गये थे। बोले थे, साब! चूंकि मैं हिन्दू हूं और पुनर्जन्म में मेरी अटूट आस्था है। अतः अगले जन्म में मैं स्वस्थ शरीर के साथ पैदा होना चाहता हूं। ताकि अधूरे कार्य को पूरा कर देश को स्वतंत्र करा सकूं।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

## दूसरे गंभीर घायल युवक का चल रहा इलाज, मृतक की दस दिसम्बर को हुई थी शादी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवा-गौरा चौकी मार्ग पर भोपतपुर पुलिस चौकी के पास दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की शाम मसकनवा गौरा चौकी मार्ग पर भोपतपुर पुलिस चौकी के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें रंजीत पुत्र प्रभू नाथ उम्र 30 वर्ष निवासी सब्बनजोत थाना छपिया और रोहित शर्मा उर्फ कप्तान पुत्र राम निरंजन शर्मा तेजपुर मैदहा उम्र 26 वर्ष दोनों बाइक से आमने सामने टकरा गये। बताया जाता है कि रंजीत अपने घर सब्बनजोत जा रहा था और रोहित भोपतपुर बाजार आ रहा था। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी भोपतपुर राकेश कुमार मौके पर पहुँचे। दोनों घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां घायल रंजीत को पहुंचते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रोहित शर्मा का उपचार किया जा रहा है। रोहित शर्मा की शादी दस दिसम्बर को हुई थी। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

### तेज रफ्तार डंफर ने साइकिल सवार को रौंदा

**गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के बालपुर कस्बे में गोंडा- लखनऊ हाइवे पर तेज रफ्तार डंफर के एक साइकिल सवार युवक के ऊपर चढ़ जाने से उसका एक पैर क्षतिग्रस्त होकर बेकार हो गया। आसपास के लोगों ने उसे एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजवाया। घटना थाना कोतवाली कर्नलगंज के पुलिस चौकी बालपुर क्षेत्र से जुड़ी है। यहां के बालपुर में गोंडा- लखनऊ हाइवे पर थाना कटरा बाजार के ग्राम पंचायत छिटनापुर निवासी करीब 45 वर्षीय साइकिल सवार मनीराम के ऊपर तेज रफ्तार गिट्टी लदा डंफर चढ़ गया। इससे उसका दाहिना पैर क्षतिग्रस्त होकर बेकार हो गया। उसके पैर में जख्म इतना बड़ा हो गया कि उसे देखकर वह मौके पर गिरकर बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भेजवाया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ व्यक्ति कपड़े धोने का काम करता रहा है। बालपुर बाजार में घर घर से कपड़े ले जाकर धोकर साफ करके घर पहुंचाता रहा है। वह बेहद गरीब है और इसी धंधे से उसके परिवार का जीविकोपार्जन होता रहा है। दुर्घटना में उसका एक पैर इतना ज्यादा खराब हो गया है कि शायद उसको काटना पड़ जाय। डंफर के ड्राइवर रईस अहमद ने बताया कि वह महोबा से गिट्टी लादकर बलरामपुर जा रहे थे। बालपुर चौकी पुलिस ने दुर्घटना करने वाले डंफर व ड्राइवर खलासी को पकड़ लिया।

# बाइक और साइकिल की टक्कर में वृद्ध की मौत, मां-बेटे घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» रामगांव थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, मचा कोहराम

**बहराइच।** राम गांव के कहारनपुरवा गांव के पास रात में साइकिल और बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें मां बेटे समेत तीन घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में रात को इलाज के दौरान दौरान वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया निवासी हजरत अली साइकिल से शनिवार को रिसिया गए थे। रिसिया से वह रात नौ बजे पुनः वापस गांव जा रहे थे। राम गांव थाना क्षेत्र के मुकेरिया गांव के पास साइकिल और बाइक में टक्कर हो गई।

हादसे में साइकिल सवार हजरत अली और बाइक सवार रामगांव थाना क्षेत्र के कहारनपुरवा निवासी विनोद (30) मां छेदाना देवी (49) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में रात 10 बजे के आसपास हजरत अली की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल मां बेटे का इलाज चल रहा है।

**अनियंत्रित एंबुलेंस बिजली के खंभे से टकराई, बड़ा हादसा टला**

उतरौला (बलरामपुर) एंबुलेंस सीखने गए युवक से अनियंत्रित होकर एंबुलेंस बिजली के खंभे से जा भिड़ी। जिससे एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में लोग बाल-बाल बचे। रविवार को सुबह 8 बजे उतरौला- बलरामपुर मार्ग स्थित पुरैनिया जाट हनुमान गढ़ी मंदिर के पास लगे बिजली पोल से एक एंबुलेंस जा भिड़ी।

जिससे बिजली का पोल टूटकर गिर गया और एंबुलेंस के साथ साथ पास में खड़ी बाइक भी क्षति ग्रस्त हो गया। एंबुलेंस एचटी मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल उतरौला का बताया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार वाहन चालक सीखने के लिए गाड़ी चला रहा था।

### नहरों में पानी की कमी से फसलें सूखने की कगार पर, किसान परेशान

**उतरौला (बलरामपुर)।** क्षेत्र के अधिकतर गाँव के किसान असिंचित एरिया होने के कारण नहर के भरोसे खेती करते हैं। इस समय नहरों में पानी न होने से उनकी खेती सिचाई नहीं हो पा रही है। गेहूं, चना, मटर, मसूर, लाही, सरसों, आलू आदि फसलों को वर्तमान में पानी की बेहद जरूरत है।जिसको लेकर नहर में पानी आने का इंतजार किसान कर रहे हैं। किसान अंबिका, राज मोहम्मद, सोमई, बीपत राम, अब्दुल कादिर, मोहम्मद नजीर, एहसानुल्लाह, मुर्तजा, हसन मोहम्मद आदि किसानों का कहना है कि साधन संपन्न किसान अपने निजी पंपिंग सेटों से सिचाई कर लेते हैं वहीं छोटे किसान पानी के लिए महंगे संसाधनों के प्रयोग करने में हिचकिचाते है सैकड़ों किसान नहर के भरोसे खेती करते हैं नहर में पानी न आने के कारण जो किसान गेहूं की बुआई कर चुके हैं फसलें उगी हैं उन्हें अब सिचाई की जरूरत है लेकिन पानी न मिलने के कारण फसलें बर्बाद हो रही है।

# ग्रामीणों ने खैरीघाट पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

## खैरीघाट पुलिस पर सुनवाई न करने व दबंगों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** जिले के थाना खैरीघाट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के दर्जनों ग्रामीणों ने खैरीघाट पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वह लोग थाना पुलिस पर ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई न करने और दबंगों को संरक्षण देने का आरोप लगा रहे थे।

प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि जलील पुत्र बेचन निवासी एडुकहा दाखिला पिपरिया थाना खैरीघाट पर मंहगूपुरवा गांव निवासी दबंग दिनेश पुत्र साधु के द्वारा मनगढ़ंत एक्सीडेंट का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जबकि हकीकत में दबंग दिनेश का उसी के परिजन

दुर्गेश पुत्र लच्छीराम आदि का जमीनी विवाद चल रहा है, यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जिसमे दिनेश के विपक्ष से जलील बतौर गवाह है और जलील की गवाही से विचाराधीन भूमि शायद दिनेश के हाथ से निकल जाएगी। इसी डर से दबंग दिनेश ने कई बार गवाह जलील पर विभिन्न तरीके से अपना शिकंजा कसा है ताकि वह गवाही न दे। अब दिनेश द्वारा निराधार आरोप बताकर गरीब जलील पर एक्सीडेंट का अभियोग दर्ज कराया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस भी दबंगों का साथ दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि खैरिघाट पुलिस इस रिपोर्ट को निरस्त नहीं करती है तो हम लोग पुलिस अधीक्षक बहराइच के यहां जाकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान अवधेश बाबा, नान्हू, मुनेजर, बबलू सिंह, पतिराम, हजारी, रामानंद, राजू, सतीश, मोंगरे, जाफर अली, विनोद, समयदीन और रामकुमार आदि मौजूद रहे। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष खैरीघाट ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

### फर्जी मुकदमे में फंसे वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बहराइच , मोतीपुर।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकड़िया दीवान के मजरा कल्लू (60) का शव रविवार सुबह शहाबुद्दीन के बाग में फंदे से लटकता मिला। मृतक के पुत्र रहीश ने गांव निवासी एक महिला को पिता की मौत का जिम्मेदार बताया है।

थाने में तहरीर देकर रहीश का कहना है कि महिला ने न्यायालय के आदेश पर पूरे परिवार पर केस दर्ज करवा दिया है। सुलह करने के नाम पर दो लाख रुपये की मांग कर रही है। जिसके चलते परेशान पिता ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बयान दर्ज किया। फोरेंसिक टीम ने भी गांव पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया। इस मामले में थानाध्यक्ष आरके पांडेय का कहना है कि तहरीर मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# निपुण भारत मिशन : लक्ष्य हासिल करने वाले बीईओ हुए सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश की राजधानी लखनऊ में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लोकार्पण तथा विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। जनपद बहराइच से चयनित विकासखंड जरवल के निपुण विद्यालय प्राथमिक विद्यालय घाघराघाट के प्रधानाध्यापक तथा खंड शिक्षा अधिकारी जरवल को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर के मरकरी हॉल मे बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण तथा विमोचन बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतत्र प्रभार) संदीप सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव के सुंदरम, महानिदेशक कंचन वर्मा, परिवहन प्रमुख सचिव वेंकेटेश्वर लूं, पूर्व

आईएएस सुब्बाराव आदि की मौजूदगी मे अपने जिले में उत्कृष्ट कार्य हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी,तथा विभाग द्वारा चयनित निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद बहराइच के विकास खण्ड जरवल में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द बहादुर सिंह और इसी विकास क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय घाघराघाट को जनपद का प्रथम निपुण विद्यालय बनने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश सरोज को महानिदेशक कंचन वर्मा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई 74वीं पुण्यतिथि

**गोंडा।** रविवार को देश के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 74वीं पुण्यतिथि पर सरदार पटेल सेवा संस्थान निकट सोनी गुमटी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले संस्थान में स्थित सरदार पटेल की मूर्ति पर लोगों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

इसके पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मुख्य ट्रस्टी कमलेश निरंजन ने संबोधित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जगदीश पटेल, जिला पंचायत सदस्य चंद्र प्रताप पटेल, अपना दल के राकेश पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, पंकज चौधरी, शिव प्रसाद वर्मा, चंद्र प्रकाश वर्मा, राम उजागर वर्मा, नान बाबू यादव, अर्जुन वर्मा,अनुराग सिंह, अब्दुल रहमान, वंशराज, मुकेश वर्मा, बलजीत वर्मा, शारदा प्रसाद वर्मा, विश्वनाथ वर्मा ने लोगों को संबोधित कर सरदार पटेल के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा और एकजुटता पर बल दिया।

# सनातन के जयकारों के साथ श्री चंडी महायज्ञ हुआ सम्पन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**खैरीघाट(बहराइच)।** महसी के पिपरिया स्थित श्री चंडी माता मंदिर परिसर में चल रही श्री चंडी महायज्ञ रविवार को सम्पन्न हुई। कार्यक्रम आयोजक पंडित मुकुंद राम मिश्र ने बताया कि शनिवार की देर रात तक कवि सम्मेलन का कार्यक्रम चला। जिसके बाद रविवार की सुबह यज्ञ हवन के साथ पूर्णाहुति हुई। महायज्ञ में आए साधु संतों ने पूर्णाहुति के दौरान सनातन के जयकारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। आयोजक ने बताया कि इस सत्र 851 संतो का जमघट रहा। पूर्णाहुति के बाद सभी संतो को भोजन प्रसाद के साथ कंबल व दक्षिणा के साथ विदाई दी गई। इस मौके पर सुरेश मित्तल, हरिओम मिश्र, धर्मेंद्र शास्त्री, रामनिवास जायसवाल, योगेन्द्र योगी, विकास मित्तल, रामकुमार मिश्र, प्रेम शास्त्री समेत हजारों की तादात में भक्तों का जनसैलाब मौजूद रहा।

# मेहनती व पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को मिलेगी प्राथमिकता

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» 45 साल तक उम्र वाले ही चुनाव लड़ सकेंगे

**सादुल्लानगर, बलरामपुर।** भाजपा की चुनाव मण्डल वैठक समपन्न। सादुल्लानगर मंडल चुनाव अधिकारी देवानंद गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र उतरौला के सादुल्लानगर मंडल की भाजपा संगठन चुनाव पर बैठक की। मंडल चुनाव अधिकारी देवानंद गुप्ता ने कहा सभी ऊर्जावान व समर्पित कार्यकर्ताओ को संगठन में दायित्व दिया जायेगा।उन्होंने बताया कि 45 साल तक उम्र वाले ही चुनाव लड़ सकेंगे। और दो बार के सक्रिय सदस्य होना भी जरूरी है।

भाजपा ही ऐसा राजनीतिक दल जहां संगठन का चुनाव होता है।मंडल भाजपा चुनाव अधिकारी देवानंद गुप्ता ने बताया कि सादुल्लानागर मण्डल की संगठन चुनाव हेतु महत्वपूर्ण बैठक तुलसी विद्या मंदिर में हुई।जिसमे पार्टी का कार्यकर्ता जिसे सादुल्लानगर मण्डल अध्यक्ष पद के लिए अतुल कुमार उपाधाय, विष्णु गुप्ता, सुमित सिंह,दयाशंकर तिवारी, राजकुमार गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, हनुमान प्रसाद समेत कुल पांच लोग अध्यक्ष पद के लिए व जिला प्रतिनिधि के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस मौके पर रमेश चंद्र तिवारी, दीपचंद जायसवाल, फर्नीण गुप्ता,बाहरैची गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, आनंद बाबा, राधेश्याम गुप्ता ,राम मूरत प्रजापति, अतुल उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता, सुमित सिंह, दयाशंकर तिवारी, हनुमान प्रसाद ,जोगिंदर सिंह, शारदा प्रसाद मिश्रा व बूथ अध्यक्षगण और अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 20 लाख 2 हजार 75 रुपए वसूला गया जुर्माना, 12 करोड़ 67 लाख 51हजार 499 रुपए की तय की गई समझौता राशि

# राहत: राष्ट्रीय लोक अदालत में 142534 वादों का हुआ निस्तारण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार पूर्वान्ह 10 बजे से लेकर सायं 05:00 बजे तक जनपद न्यायालय, गोण्डा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता की मौजूदगी में किया गया। जिसमें करीब 142534 वादों का निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के सचिव दानिश हसनैन ने बताया कि लोक अदालत में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव- द्वारा-9 वाद एवं अर्थदण्ड रू.1000/-, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता द्वारा-37 वाद, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रभारी पीठासीन अधिकारी द्वारा-34 वाद एवं प्रतिकर राशि रू.22200000 दिलाई गई। जबकि प्रथम अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशपूजा सिंह द्वारा-07 वाद एव

## एक नजर

### छात्रा को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद हरदोई।** कक्षा नौ की छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने वाला युवक आखिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया।पुलिस ने छात्रा को बरामद कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। छात्रा का मेडिकल कराय गया है। दो दिसंबर को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पर तहरीर दी थी। जिसमें कहा था कि एक दिसंबर को उसकी 14 वर्षीय बहन घर से कोचिंग जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद से वह गायब हो गई। घर न पहुंचने पर परिजनों ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी। दो दिसंबर को छात्रा का स्कूल बैग शाहाबाद में परिवार के एक युवक की दुकान पर मिला था। चेक करने पर उसमे एक पत्र मिला था। जिसमें छात्रा ने लिखा था कि सोहिल नाम के युवक से तंग आकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी। इसके बाद पुलिस सोहिल की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी सोहिल उर्फ सत्यकांत पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम भैनामऊ थाना सुरसा हरदोई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं छात्रा को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

### अतिक्रमण से नहीं मिली निजात, लोग परेशान

**शाहाबाद।** नगर के मुख्य चौराहों और मार्गों पर व्याप्त अतिक्रमण से आम जनमानस त्रस्त है। तहसील के निकट सड़क किनारे कोतवाली प्रभारी का आवास है। उसके सामने अतिक्रमण व्याप्त होने से नाराज प्रभारी ने लगभग आधा दर्जन से अधिक वाहनों को कोतवाली लाकर सीज कर दिया था। नगर पालिका के अंतर्गत मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण होने से आवागमन करने वाले बड़े वाहनों को जाम की समस्याओं से जूझना पड़ता है। नगर के चौराहों पर पुलिस प्रशासन की शिथिलता के कारण अक्सर ही सड़क पर अतिक्रमण होने के चलते जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जिससे सड़क किनारे दुकानदारों की बिक्री प्रभावित होने के साथ ही राहगीरों से विवाद होता रहता है। वहीं नगर वासियों को भी अतिक्रमण की स्थिति से निजात मिलती नजर नहीं आ रही।

### महिला आयोग की सदस्य 17 को सुनेंगी समस्याएं

**हरदोई।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम ने बताया है कि 17 दिसम्बर को उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी जिले का दौरा करेंगी। वह पीडब्ल्यूडी भवन में सुबह 11 बजे महिला जनसुनवाई करेंगी। इसके बाद उनके द्वारा महिला बन्दी गृह, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं तहसील सदर का निरीक्षण किया जाएगा।

### अस्पताल के वार्षिकोत्सव पर हुआ भंडारा

**फतेहपुर।** शहर के राधानगर पुराना शिव मंदिर के सामने श्री धूनी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के वार्षिकोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अस्पताल संचालक डॉक्टर रघुनाथ ने स्वयं अपने हाथों से लोगों को भंडारे में प्रसाद वितरित किया। बड़ी संख्या में आने जाने वाले लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। डॉक्टर रघुनाथ ने कहा कि उनकी कोशिश है कि श्री धूनी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल में तमाम गरीब, जरूरतमंद लोगों की वह निस्वार्थ भावना से सेवा करते रहे। इसी क्रम में हॉस्पिटल का वार्षिकोत्सव एवं अनंत सिंह के जन्मोत्सव के अवसर पर यह भंडारे का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर डॉक्टर आदित्य सिंह, ओंकार नाथ सिंह, अशोक गुप्ता,श्यामू गुप्ता, गुड्डू गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन, जलाए गए अलाव

**फतेहपुर।** दिसम्बर माह में सर्दी अपना कडा रूख अख्तियार कर रही है। बीते कई दिनों से चल रही शीतलहर के कारण लोगों को गलन का एहसास करा रही है। हालांकि दिन में निकल रही धूप से लोगों को कुछ राहत मिल रही है। सुबह शाम लोगों को अलाव तापने की जरुरत पड रही है। सर्दी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टाप, शादीपुर चैराहा, रेलवे क्रासिंग समेत अन्य प्रमुख चैराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलवा रहा है। रविवार को भी सुबह शीत लहर के बीच शुरूआत हुई। धूप निकलने के बाद लोगों को राहत मिली। रविवार को न्यूनतम तापमान 06 डिग्री और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गलन भरी सर्दी में खासकर स्कूली बच्चों को सुबह विद्यालय जाने में परेशान होना पड रहा है। उनके अभिभावक अपने पाल्यों को पर्याप्त गर्म कपडे पहना कर स्कूल भेज रहे है। जिससे बच्चों को सर्दी से बचाया जा सके। शाम होते ही गलन का एहसास लोगों को फिर से हुआ। दो पहिया वाहन चालक सर्दी से ठिठुरने को मजबूर हुए। उनकों जहां भी अलाव जलता नजर आया वहीं रुक कर हाथ सेकते नजर आए।

### नहरों से पानी गायब, किसान परेशान

**फतेहपुर।** नहरों में पानी न छोड़े जाने से पलेवा के लिए किसान परेशान हैं। नहरों में उड़ती धूल किसानों का मुंह चिढ़ा रही हैं। किसानों के खेतों में नमी नहीं आने से बुवाई के लिए पर्याप्त पानी की आवश्यकता है। हालांकि अधिकांश किसान निजी नलकूपों से रवी की बुवाई कर चुके हैं, अब उनकों भी सिंचाई के लिए पानी की जरुरत है। जिससे किसानों को अब नहरों एवं रजबहों से ही उम्मीद है। किसान राजबली, भिटौरा, संतोष कुमार सिंह, तेलियानी, मोहित यादव आदि ने बताया कि पलेवा का समय होने के बावजूद पानी न छोड़े से किसानों में निराशा व्याप्त है। किसानों ने बताया कि नहरों एवं रजबहों में में अभी भी पानी छोड़ दिया जाए तो पानी संजीवनी का काम करेगी। सिंचाई के अभाव में हजारों बीघे भूमि असिंचित पड़ी है नहीं तो मजबूरी में मजदूर किसानों को परिवार का भरण पोषण करने के लिए शहरों को पलायन करना पड़ेगा। किसानों ने अधिकारियों से पानी छोड़े जाने की मांग की है।

### 25 हजार का गैंगेस्टर एक्ट में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**हरदोई।** थाना कछोना पुलिस द्वारा गैंगेस्टर में वांछित 25 हजार के इनमिया बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार किये गए बदमाश पर जनपद एटा में 6 मुकदमें दर्ज हैं तथा मल्लावां कोतवाली में भी एक मुकदमा दर्ज है। रविवार को पुलिस ने चोरी एवं अन्य अपराधों बदमाश में अतुल सिंह उर्फ सनी पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी खरौली थाना जैथरा जनपद एटा को गिरफ्तार किया है।पुलिस के मुताबिक पकड़े गए बदमाश अतुल सहित राजू यादव उर्फ काली पुत्र सरबन सिंह निवासी मोहल्ला गोविन्द दास,सुल्तान सिंह पुत्र अमलेश सिंह निवासी एटा,रजनीश यादव उर्फ नीशा पुत्र कढेर सिंह निवासी मोहल्ला काजी थाना अलीगंज जनपद एटा के विरुद्ध थाना कछौना पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत है। रविवार को थाना कछौना पुलिस द्वारा 25 हजार के इनामी बदमाश अतुल सिंह उर्फ सनी पुत्र सतेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त इनाम घोषित किया गया था।

### कलर बेल्ट टेस्ट के खिलाड़ियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**हरदोई।** डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन हरदोई के सेक्रेटरी गुफरान ने बताया कि पिछले माह ताइक्वांडो के खिलाड़ियों का बेल्ट टेस्ट हुआ था। जिसमें ताइक्वांडो के 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उनके प्रमाण पत्रों का वितरण शनिवार को शहर के जिंदपीर चौराहा स्थित एलओसी हिल्स पब्लिक स्कूल में किया गया। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। साजेब,आलियाना, अलीशा, दिव्यांशी,दर्श गुप्ता ने रेड बेल्ट में, अक्षत सिंह, अनामिका,वैष्णवी अवस्थी, रक्षिता, प्रिंस ग्रीन बेल्ट में और गुंजन वर्मा,क्रिशव सौरभ आर्य, राजवीर और मयंक ने एलो बेल्ट टेस्ट में हिस्सा लिया था उन्हें प्रणाम पत्र वितरित किए गए। एसोसिएशन की चेयरमैन आरती गौर ने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# फंदे पर लटकता मिला शव

## मृतक के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुकुर सेमरा में गांव के बाहर पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में 27 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

जानकारी के अनुसार सुकोई सेमरा गांव निवासी यशवन्त उर्फ कल्लू का पुत्र केशन रात नौ बजे खाना खाकर कुछ देर आराम करने के बाद रोज की भांति अपने खेतों में सोने चला गया। आज सुबह उसका शव बबूल के पेड से लटका मिला। इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को हुयी तो कोहराम मच गया। वहीं सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। उधर पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने बताया कि रोज

की भांति वह कुछ देर घर में आराम किया फिर उसके बाद खेत में सोने चला गया। वहीं किसी से मारपीट हुयी है उसकी हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**पत्नी से झगड़ पति फांसी पर झूला**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के बडागांव मछरिया में 32 वर्षीय युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार बडागांव मछरिया निवासी चन्द्रबली तिवारी का पुत्र भुनेश्वर तिवारी शनिवार की शाम घर के अन्दर पत्नी से विवाद के बाद घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के चाचा रामेश्वर तिवारी ने बताया कि उसके भतीजे की पहली पत्नी प्रियंका की 9 वर्ष पूर्व मौत हो गयी थी। जिससे एक पुत्री प्रियांशी है। वहीं उसकी दूसरी पत्नी सारिका से दो पुत्री हैं। शनिवार की शाम किसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हो गयी, जिससे क्षुब्ध होकर घटना को अंजाम दे दिया।

### सड़क दुर्घटना में पत्रकार की मौत

**फतेहपुर।** सड़क हादसे में एक दैनिक अखबार के प्रतिनिधि की मौत हो गई। हादसा सामने आ रही बाइक के टकराने से हुआ। हादसे में लहूलुहान पत्रकार को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शनिवार की देर शाम बिंदकी तहसील परिसर के सामने हुआ। पुरानी बिंदकी मोहल्ला निवासी एक अखबार के प्रतिनिधि आनंद प्रकाश कपाड़िया अपने पिता के लिए पान लाने के लिए बाजार गए थे। वह बाजार से लौट रहे थे तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में आनंद के साथ दूसरे बाइक सवार को भी चोटे आई। उक्त बाइक सवार करीब 300 मीटर गाड़ी के साथ घिसटता चला गया। उपस्थित लोग उसी को बचाने के लिए भागे। पत्रकार की नाक पर चोट लगने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## सड़क हादसों में कई घायल, भर्ती

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी रामआसरे का 30 वर्षीय पुत्र जगदीश अपने जीजा दीपक कुमार पुत्र चन्द्रभान 25 निवासी अर्रा के साथ बाइक से रिश्तेदारी में बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के धानेमऊ गांव जा रहे थे। जैसे ही यह लोग असोथर थाने के रानीपुर गांव के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से दोनो घायल हो गये। इसी प्रकार हथगांव थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी श्रीराम का 40 वर्षीय पुत्र बाइक से किसी काम से जा रहा था जब वह मनमोहनपुर के समीप पहुंचा तभी ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। उधर खागा कोतवाली क्षेत्र के चक बबूल्लापुर गांव निवासी रज्जू सिंह से 45 वर्षीय पुत्र सन्तोष बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था, तभी कस्बा के त्रिलोचनपुर के पास आटो ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी स्व0 अर्जुन सिंह का 85 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र साइकिल से सब्जी खरीदकर घर वापस आ रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया, जबकि हथगांम थाना क्षेत्र के ग्राम मंगरी स्व0 इबने हसन की 50 वर्षीय पत्नी अफसाना 10 वर्षीय पुत्र अयान अपने नाना शफीक अहमद के साथ रिश्तेदारी में बिन्दकी कोतवाली के धानेमऊ गांव जा रहे थे। जैसे ही ये लोग राधानगर क्षेत्र के नेवला गांव के पास पहुंचे तभी अचानक ई-रिक्शा पलट जाने से तीनों घायल हो गये।

उधर ललौली थाना क्षेत्र के अकीला बाद गांव निवासी महादेव का 25 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र बाइक से शहर आ रहा था। तभी गांव से कुछ दूरी पर आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। उधर मलवां थाना क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी गोपाल का 60 वर्षीय पुत्र अरविन्द गांव के मनीष पुत्र उमेश चन्द्र के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी डोलेपुर के पास वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गये।

## लेखपाल की मनमानी से ग्रामीणों को नहीं मिल सका न्याय

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहाबाद, हरदोई।** क्षेत्र के बेहटा नसीरपुर गर्रा घाट पर दो पक्षो में हुए ख़ूनी संघर्ष के मामले में हल्का लेखपाल पर ग्रामीणों ने गम्भीर आरोप लगाए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा नसीरपुर गर्रा घाट पर रेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट व फायरिंग में किशोरी समेत सात लोग घायल हुए थे। आरोप है कि लेखपाल ने झूठ का सहारा लेते हुए गेंद शाहजहांपुर जिले के पाले में डाल दी थी। हरदोई व शाहजहांपुर जनपद की राजस्व टीमों से सीमांकन कराया गया तो घटनास्थल कोतवाली शाहाबाद का निकला। इसलिये दूसरे दिन रिपोर्ट दर्ज हो सकी। आरोप है कि लेखपाल सर्वजीत ने दोनों पक्ष से पैसा भी लिया है। इसी के चलते लेखपाल ने घटनास्थल को गैर जिले में बताकर मामले को मोड़ दिया। इस संबंध में पुलिस द्वारा बताया गया कि धर्मप्रकाश कश्यप पुत्र आशाराम इन्द्रपाल कश्यप पुत्र दयाशंकर, दयाशंकर कश्यप पुत्र आशाराम, कमलेश पुत्र मनोहर, सूरज कश्यप पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम बेहटाकोला सब्जी बोने के लिए नदी किनारे बालू हटाकर नाली बना रहे थे।

तभी आरोपी ब्रजेश पुत्र रामसियाते, रामसियाते पुत्र हुलासी, शिवम पुत्र रामसियाते, अंकित पुत्र रामसियाते, नन्हे पुत्र हुलासी निवासी ग्राम नसीरपुर द्वारा विरोध किया गया तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। दोनों पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज है। बताते चलें कि इस मामले में अभी तक लेखपाल सर्वजीत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि ग्रामीणों में चर्चा है एक वायरल वीडियो में लेखपाल द्वारा झगड़ा कराने और रिश्वतखोरी की पुष्टि हो रही है।

### भाजपाइयों ने जनता दरबार लगाकर सुनीं समस्याएं

**खागा, फतेहपुर।** क्षेत्र के खखरेरू नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। भाजपा नेता राजेश सिंह जनसेवक ने कार्यालय में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जनसेवक ने करीब 650 लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की प्रक्रिया आरंभ की गई। जनसेवक का यह प्रयास जनता और प्रशासन के बीच संवाद को सशक्त करने के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर महेंद्र सिंह, राम सिंह सहित मौजूद रहे।

## मेले के शुभारंभ पर निकली भव्य झाकियां

विश्ववार्ता संवाददाता

**अमौली, फतेहपुर।** कस्बे में लगने वाले 153 वें ऐतिहासिक मेले का आगाज आज से शुरू हो गया। अमौली के मेले में कानपुर, फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर, कानपुर देहात आदि जनपद के दुकानदार एक सप्ताह पूर्व से अपनी दुकाने लगते हैं। मेले में सैकड़ों दुकानदारों के साथ कई सर्कस व झूले इत्यादि पर खरीददारी सहित आनन्द लेने के लिए हजारों की संख्या पर एक माह प्रतिदिन भीड़ उमड़ती रहती है। रात्रि पहर श्री रामलीला का मंचन भी होता है।

मेले का शुभारंभ कमेटी के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया। अमौली मंडी से हनुमान, शंकर जी, पार्वती जी, श्रीराम, लक्ष्मण आदि की झाकियाँ ढोल बाजो के साथ नाचते गाते पूरी अमौली में भ्रमण करके मेला मैदान पहुंची। जहां राम-रावण का

जमकर युद्ध हुआ और अन्त में रामजी ने विजय प्राप्त की। कस्बे के मेले में बहुत दूर दूर से आकर लोग शादी विवाह के लिए सामान की खरीददारी करते हैं। कुछ बुजर्ग लोग बताते हैं कि मेले में पहले लोग लड़की देखकर शादी भी तय करते थे। कस्बे का मेला लगभग एक महीने तक चलता है।

### बड़ौदा यूपी बैंक ऑफिसर्स व स्टॉफ एसोसिएशन का हुआ चुनाव

**फतेहपुर।** बड़ौदा यूपी बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं स्टॉफ एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। बड़ौदा यूपी बैंक स्टाफ एसोसिएशन की कार्यकारिणी में एससीएस चौहान एवं सुख सागर संरक्षक, राम प्रकाश तिवारी अध्यक्ष, प्रशान्त उमराव कार्यकारी अध्यक्ष, संदीप सिंह एवं शशांक शुक्ला उपाध्यक्ष, संदीप उत्तम महामंत्री/सचिव, विवेक मिश्रा कार्यवाहक महामंत्री/ सचिव, शरद द्विवेदी कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार मौर्य को संयुक्त सचिव बनाया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों में शिवांशी श्रीवास्तव, रोहित गंगवार, अविनाश अग्निहोत्री, प्रदीप कुमार को चुना गया। इसी तरह बड़ौदा यूपी बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन में चुने गए पदाधिकारियों में मो. अतीक अध्यक्ष, अमन गुप्ता व वैभव निगम उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र सिंह सचिव, श्वेता कनौजिया संयुक्त सचिव, हिमांशू तिवारी कोषाध्यक्ष बनाए गए। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों में अंजू शर्मा व रामबली को चुना गया।

# विद्यालय की भूमि पर कालोनी निर्माण रोकने की मांग

## श्रीराम प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर के अध्यक्ष/प्रबंधक ने एसपी को दिया शिकायती पत्र

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** सदर तहसील के ग्राम मिट्ठनपुर खुराना स्थित श्रीराम प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर की भूमि पर तत्कालीन प्रबंधक द्वारा कालोनी निर्माण किए जाने की शिकायत अध्यक्ष/प्रबंधक ने पुलिस अधीक्षक से करते हुए अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग की।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में विद्यालय के अध्यक्ष/प्रबंधक रंजीत प्रसाद ने बताया कि विद्यालय की निधि से तत्कालीन प्रबंधक रामादेवी को प्रबंधक प्रदर्शित करते हुए एक प्लाट क्रय किया गया था। जिसकी रजिस्ट्री 20 अप्रैल 2010 को हुई थी लेकिन कुछ समय पश्चात तत्कालीन प्रबंधक के स्थान पर उसको प्रबंधक व अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया

गया। बैनामा तहरीर करते समय रामा देवी प्रबंधक रहीं। जिससे बैनामे में उनका नाम दर्ज है। इस आधार पर सरकार से प्राप्त धन से कॉलोनी का निर्माण कर रही है। अगर कॉलोनी का निर्माण कर लिया तो विद्यालय को अपूर्णीय क्षति होगी। तत्कालीन प्रबंधक रामादेवी को जबरन निर्माण करने से रोका जाना जरूरी है। रंजीत ने आरोप लगाया कि विद्यालय की जमीन पर रामादेवी को प्राप्त सरकारी कॉलोनी का निर्माण करने से विद्यालय का निर्माण बाधित होगा क्योंकि विद्यालय की जमीन पर विद्यालय के ही कमरे या फिर विद्यालय के प्रयोग हेतु कोई अन्य जैसे लाइब्रेरी, स्टोर रूम बनवाया जा सकता है। रंजीत प्रसाद ने उक्त निर्माण को रोकने के लिए गुहार लगाई और सक्षम अधिकारियों को भी मीडिया के माध्यम से बताया कि जांच करवा कर कार्रवाई की जाए। मीडिया से रूबरू होते हुए प्रबंधक ने बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को बुलाकर बैठक कर लिया जाए और अगर प्रबंध समिति के सदस्य आम राय से इस जमीन पर निर्माण की अनुमति देते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन बिना प्रबंध समिति के सदस्यों के विचार विमर्श से कोई भी निर्माण कार्य होता है तो वह गलत होगा लिहाजा उसे रोका जाना चाहिए।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में महिला का हार छीनकर भागा टप्पेबाज

» मौके पर मचा हड़कंप, पुलिस ने घटना से किया इंकार

विश्ववार्ता संवाददाता

**हरदोई।** सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पुलिस की मौजूदगी में एक टप्पेबाज महिला के गले से सोने का हार खींचकर फरार हो गया।

यह हाल तब है जब उस कार्यक्रम में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व उच्च शिक्षामंत्री रजनी तिवारी समेत जिले के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। वहीं पुलिस इस घटना से इंकार कर रही है।

बतातें चलें कि सीएस एनपीजी कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम चल रहा था। फर्रुखाबाद निवासी लक्ष्मी अपने देवर की शादी में यहां शामिल होने आई थी। लक्ष्मी श्रीवास्तव ने बताया कि वह खाने के स्टॉल पर खाना लेने गई थी,इसी बीच किसी व्यक्ति ने उसके गले में पड़े हार को खींचकर तोड़ लिया और उसे धक्का देकर भाग गया।

घटना के बाद वहॉ पर हड़कंप मच गया। हार की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये थी। उसने तुरंत मौजूद पुलिस कर्मियों को भी इसकी सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं इस मामले में एसपी का कहना है कि भीड़ बहुत थी, महिला को खाना खाते समय धक्का लगा और वह आगे की ओर गिर गयी। उठकर देखा तो गले में हार नही था। फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।

## सड़कों पर फैला अतिक्रमण, राहगीरों का निकलना मुश्किल

विश्ववार्ता संवाददाता

**बेनीगंज, हरदोई।** बेनीगंज कस्बे में फुटपाथ पर अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। इसके चलते सड़क मार्ग पर यात्रा परेशानी का सबब बनी हुई है। नगर प्रशासन द्वारा उक्त समस्या को नजरअंदाज करने से पर लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

नगर के अंदर से होकर जाने वाले बालामऊ मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या विकराल हो चुकी है। सड़क के किनारों पर ठेले व दुकान वाले कब्जा किए हुए हैं। रही सही कसर बाजार में चार पहिया व दोपहिया वाहनों से आने वाले लोग पूरी कर रहे हैं। वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहनों तथा पैदल चलने वालों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। जिलाधिकारी मगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने शहर मे अभियान चलाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त तो करा दिया पर इस क्षेत्र में ऐसा नहीं हो सका।

नगर मे कुर्सी रोड, सोनारन टोला मार्केट, बालामऊ रोड पर जाने वाले रास्ते के दोनों तरफ की दुकानें हैं। सामान खरीदने आए लोग अपना वाहन दुकान के सामने खड़ा कर देते है। इसी मार्ग से कई गांवों से मरीजों को लेकर एंबुलेंस गुजरती हैं। जाम के कारण मरीजों को भी काफी परेशानी होती है।

क्षेत्रवासी शिवम सिंह, ऋषि त्रिपाठी, संजय गुप्ता, मोहम्मद इरशाद, विवेक,राहुल आदि ने प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अफसरों से बात की जाएगी। पुलिस का सहयोग भी दिया जाएगा।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

## बचपन प्ले स्कूल में हुई चैंपियनशिप, सेंट जेवियर्स प्रथम और बांदा रहा दूसरे स्थान पर

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** शहर के कलक्टरगंज स्थित बचपन प्ले स्कूल में तृतीय इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर ने किया। प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स हाईस्कूल, बचपन प्ले स्कूल, मदर सुहाग, सुंदरमती बालिका इंटर कॉलेज, जयपुरिया स्कूल, राज ताइक्वांडो अकादमी, बचपन ताइक्वांडो क्लब, सेल्फ डिफेंस मार्शल आर्ट सोसाइटी चित्रकूट व बांदा की भी टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में लगभग एक सैकड़ा से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के चेयरमैन किशन मेहरोत्रा, बचपन प्ले स्कूल की डायरेक्टर करिश्मा सिंह, ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ल, महासचिव राजकुमार व संयुक्त सचिव भारत वर्मा ने किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शिव, तनु, सार्थक, अनुराग, प्रिया, राधिका, परी व श्रेया वर्मा रहे। प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स हाईस्कूल ने प्रथम स्थान

प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बांदा टीम व तृतीय स्थान बचपन स्कूल ने प्राप्त किया। सभी टीमों को विजेता ट्रॉफी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका गुप्ता व विशिष्ट स्थिति विवेक आनंद ने प्रदान किया। अंत में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ल ने सभी प्रतिभागियों व उनके अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार ने बताया कि ताइक्वांडो एसोसिएशन भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहेगा।

# महिलाओं को दी गई अधिकारों की जानकारी

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरुकता शिविर का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**फतेहपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल के दिशा-निर्देशन में मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अपर जिला जज/सचिव अजय सिंह प्रथम ने महिलाओं को उनके शिक्षा का अधिकार, भरण-पोषण का अधिकार, पति अथवा रिश्तेदारों के खिलाफ घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार, पीड़ताओं को क्षतिपूर्ति पाने से संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ-साथ उपस्थित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व स्वयं अपनी रक्षा करने हेतु प्रेरित किया। यह भी कहा कि यह तभी संभव है जब नारी शिक्षित होगी और जब नारी शिक्षित होगी तभी देश का विकास संभव है। इस प्रकार

महिलाओं को शिक्षित होने व आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।

उधर न्याय रक्षक/लीगल एड डिफेंस काउंसिल शिव सौरभ मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं को भारतीय संविधान व फैक्ट्री अधिनियम 1948 के तहत महिलाओं के लिए समान काम के लिए समान वेतन, कामकाजी महिलाओं को मातृत्व संबंधी लाभ का अधिकार, पुरूषों के समान पारिश्रमिक का अकिार के अलावा राजस्व सें संबंधित जानकारी जैसे किसी परिवार में संरक्षक की मृत्यु हो जाने पर अविवाहित महिलाओं/बालिकाओं को उनके पिता की सम्पत्ति में बराबर का अधिकार की जानकारी भी दी गई। न्याय रक्षक अशोक कुमार मिश्रा ने महिलाओं को अवगत कराया कि महिलाओं को अब डरने की आवश्यकता नहीं है।

### नारायण ई-टेक्नो स्कूल का डीजीएम ने किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** शहर के राधानगर चैराहा के समीप एचडीएफसी बैंक की बिल्डिंग में दक्षिण भारत का सर्वोत्तम शिक्षण संस्थान नारायण ई-टेक्नो स्कूल का भव्य उद्घाटन नारायण यूपी के डीजीएम आशुतोष कुमार ने फीता काटकर किया।

कुमार ने बताया कि नारायण ई-टेक्नो स्कूल को फतेहपुर में अपनी नई शाखा के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। जो विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। शैक्षणिक उत्कृष्टता नवीन शिक्षण विधियां और व्यापक छात्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने वाला नारायण ई-टेक्नो स्कूल आधुनिक डिजिटल कक्षाओं, उन्नत विज्ञान और कंप्यूटर प्रयोगशालाओं एक अच्छी तरह से भंडारण पुस्तकालय सहित अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है।

**आयोजन** ब्लॉक बावन के ग्राम पहेलिया में चल रही है भागवत कथा

# परिजन और शिक्षक मनुष्य के लिए सर्वोपरि

विश्ववार्ता संवाददाता

**हरदोई।** ब्लॉक बावन के ग्राम पहेलिया में चल रहा श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में व्यास द्वारा माता-पिता और गुरु की महिमा का वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में माता-पिता और गु

## एक नजर

### शमी बंगाल की टीम से खेलेंगे विजय हजारे ट्राफी

**नयी दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। शमी ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल के लिए सभी नौ मैचों में खेलते हुए 7.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। टूर्नामेंट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गई, जिससे टेस्ट क्रिकेट के लिए उनकी तैयारी में बाधा आई। वह ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने करने का प्रयास कर रहे है। शमी के अलावा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी सुदीप कुमार घरामी की अगुवाई वाली बंगाल की टीम का हिस्सा हैं। मुकेश फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी रिजर्व के तौर पर हैं। बंगाल अपना अभियान 21 दिसंबर को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ शुरू करेगा। खिलाड़ी बुधवार को कोलकाता से हैदराबाद के लिए रवाना होंगे।

### भुटिया मना रहे हैं जन्मदिन

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया 15 दिसम्बर को अपना 48वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह अपने शूटिंग स्किल्स के लिए काफी ज्यादा फेमस थे। इसी वजह से बाइचुंग भूटिया को 'सिक्किमी स्निपर' के नाम से भी जाना जाता है। भूटिया को 'भारतीय फुटबॉल के लिए भगवान का उपहार' की उपाधि मिली है। वह अपने शानदार खेल के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। सिक्किम के तिनकीतम में 15 दिसंबर 1975 को बाइचुंग भूटिया का जन्म हुआ था। इनके पेरेंट्स सिक्किम में खेती करते थे। वह नहीं चाहते थे कि भूटिया खेल में अपना करियर बनाएं। लेकिन पिता की मौत के बाद भूटिया के चाचा कर्मा भूटिया ने उनके फुटबॉल खेलने का समर्थन किया। महज 9 साल की उम्र में भूटिया ने फुटबॉल स्कॉलरशिप जीता था। जिसके बाद उनको गंगटोक में साई की ट्रेनिंग एकेडमी जाने का मौका मिला था।

### पहले विश्व कप खो खो में 14 टीमें भाग लेंगी

**नयी दिल्ली।** भारत में जनवरी में होने वाले पहले खो खो विश्व कप में अमेरिका,इंग्लैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, नीदरलैंड, पोलैंड सहित 41 अंतरराष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और खो खो विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि 13 से 19 जनवरी 2025 तक इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम और नोएडा इंडोर स्टेडियम में होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में विश्व भर के छह महाद्वीपों यूरोप,अफ्रीका, ओशिनिया,एशिया ,दक्षिण अमेरिका, उतरी अमेरिका के 24 देशों ने अपनी हिस्सेदारी की पुष्टि की है।

### मुंबई ने मुश्ताक अली क्रिकेट ट्राफी जीती

बेंगलुर। सूर्यकुमार यादव (48) अजिंक्य रहाणे (37) और सूर्यांश शेगड़े (नाबाद 36) रनों की शानदार पारियों की बदौलत मुम्बई ने रविवार को फाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश को पांच विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताब अपने नाम किया। आतिशी बल्लेबाजी करने वाले सूर्यांश शेगड़े को 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा टूर्नामेंट में 469 रन बनाने वाले अजिंक्य रहाणे को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। मध्यप्रदेश के 175 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर बल्लेबाज पृथ्वी शॉ (10) का विकेट गवां दिया। इसके बाद अजिंक्य रहाणे और कप्तान कप्तान श्रेयस अय्यर ने पारी संभालने का प्रयास किया।

# जस्सी का पंजा, स्मिथ व हेड अस्ट्रेलिया के संकटमोचक

## जसप्रीत बुमराह ने झटके पांच विकेट, आस्ट्रेलिया के ट्रेविड हेड ने 152 और स्टीव स्मिथ ने जड़े 105 रन

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** जसप्रीत बुमराह (जस्सी) की धारदार गेंदबाजी को कुंद करते हुए आस्ट्रेलिया ने गावस्कर-बार्डर ट्राफी के तीसरे टेस्ट मैच में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 405 रन बनाकर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। आस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने शतक जड़ा। भारत की ओर जसप्रीत बुमरा ने पांच और नीतीश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज एक-एक विकेट लिया।

जसप्रीत बुमराह (जस्सी)

स्टीव स्मिथ

ट्रेविस हेड

रविवार को टेस्ट मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने कल के 28 रन के स्कोर से आज आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन जुड़े थे कि जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख़्वाजा (21) को विकेट के पीछे रिषभ पंत के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में बुमराह ने नेथन मैकस्वीनी (नौ) का भी शिकार कर डाला। 33वें ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने मार्नस लाबुशेन (12) को आउट किया। भोजनकाल तक 104 पर तीन विकेट गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम संकट में फंस गई थी। ऐसे संकट के समय में बल्लेबाजी करने आये स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। चायकाल तक ट्रैविस हेड ने अपना शतक पूरा कर लिया है। यह उनका टेस्ट क्रिकेट का चौथा शतक है।

चायकाल के बाद दिन के आखिरी सत्र में जसप्रीत बुमराह एक बार फिर लय में दिखे। बुमराह ने स्टीव स्मिथ को आउटकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। स्मिथ ने 190 गेंदों में 12 चौके लगाते हुये (101)रनों की पारी खेली। बुमराह का अगला शिकार मिचेल मार्श (पांच) बने। इसके बाद उन्होंने ट्रैविस हेड (152) को पंत के हाथों कैच कराकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। इस समय ऐसा लग रहा था कि भारत मैच में वापसी करेगा। लेकिन कप्तान पैट कमिंस और एलेक्स कैरी ने भारतीय उम्मीदों को झटका दिया। दिन का सातवां विकेट कप्तान पैट कमिंस (20) के रूप में गिरा। उन्होंने मोहम्मद सिराज ने आउट किया। तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में उसी की सरजमीं पर पांच विकेट झटकने के साथ अपने नाम कई कीर्तिमान स्थापित किए। 31 वर्षीय भारतीय तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर चौथी बार पारी में पांच विकेट चटकाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा पांच बार पांच विकेट हासिल करने का कारनामा दिग्गज भारतीय खिलाड़ी कपिल देव के नाम हैं।

इसके अलावा जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा बार एक पारी में पांच विकेट लेने के भारतीय रिकॉर्ड को ध्वस्त करने के साथ पाकिस्तान के इमरान खान के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। अब वह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक पारी में 8 बार पांच विकेट ले चुके हैं और इसके साथ उन्होंने कपिल देव के ( पारी में 7 बार पांच विकेट) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ है। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट के लिए का रिकॉर्ड वसीम अकरम के नाम हैं, जिन्होंने 11 बार यह कारनामा किया था। उनके अलावा मुथैया मुरलीधरन (10 बार) और इमरान खान (8 बार) पारी में 5 विकेट ले चुके हैं। वहीं, क्रिकेट के सभी प्रारूपों में विदेश में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो बुमराह ने कपिल देव पीछ छोड़ दिया है। जसप्रीत बुमराह ने 11 बार ऐसा किया है जबकि कपिल देव ने यह कारनामा 10 बार किया है। उनके अलावा अनिल कुंबले ने 9 जबकि ईशांत शर्मा और बी चंद्रशेखर ने 8-8 बार यह कारनामा किया है।

### डब्ल्यूटीए इतिहास में तीसरे गेंदबाज

जसप्रीत बुमराह ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास में पारी में 9 बार पांच विकेट लेने के कारनामा किया है। इसके साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास में पारी में सर्वाधिक बार पांच विकेट लेने के मामले में भारत के रवीचंद्रन अश्विन (11 बार) और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन (10 बार) ही उनसे आगे हैं।

### इंग्लैंड पर 340 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड की पकड़ मजबूत

**एजेंसी। हैमिल्टन।** मैट हेनरी (चार विकेट), विलियम ओरूर्क और मिचेल सेंटनर ( तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद विल यंग (60) और केन विलियमसन (नाबाद 50) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 136 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 340 करने के साथ ही मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। आज यहां इंग्लैंड के बल्लेबाजों को न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के कहर का सामना करना पड़ा। मैट हेनरी , विलियम ओरूर्क और मिचेल सेंटनर ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए इंग्लैंड की पूरी टीम को 35.4 ओवर में महज 143 के स्कोर पर समेट कर पहली पारी के आधार पर 204 रनों की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की ओर जो रूट ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। कप्तान बेन स्टोक्स (27), ऑली पोप (24), जैक क्रॉली (14), जेकब बेथेल (12), बेन डकेट (11) रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैड के पांच बल्लेबाजों ने एक, शून्य और चार रन बनाये।

### डब्ल्यूपीएल नीलामी में सिमरन शेख सबसे महंगी खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 की रविवार को हुई मिनी नीलामी में लेग स्पिनर को सिमरन शेख को मुंबई इंडियंस ने दिन की सबसे बड़ी बोली लगाकर 1.90 करोड़ रूपये में खरीदा। सिमरन का यह चयन उनकी टी-20 क्रिकेट में उनकी गेम-चेंजर की भूमिका को दर्शाता है। इसके अलावा मुंबई ने शानदार प्रदर्शन कर रही तमिलनाडु की 16 वर्षीय जी कमलिनी को 1.60 करोड़ रूपये में खरीदा । कमलिनी के लिए अनकैप्ड में सबसे बड़ी बोली लगी। वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को गुजरात जायंट्स ने 1.70 करोड़ रूपये में खरीदा। डॉटिन ने हाल ही में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था।

# प्रदर्शनी में रिकार्ड कंपनियों की होगी शिरकत

## 'द मोटर शो' का आयोजन भारत मंडपम में 17-22 जनवरी तक

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** वाहन प्रदर्शनी का आयोजन जनवरी में किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार वाहन प्रदर्शनी में रिकार्ड संख्यां में कंपनियां भागीदारी करेंगी। बताया जा रहा है कि वाहन प्रदर्शनी के आगामी संस्करण में 34 वाहन विनिर्माता भाग लेंगे, जो 1986 में इस प्रमुख आयोजन के पहले संस्करण के बाद से अब तक प्रतिभागियों की सबसे बड़ी संख्या होगी।

एक्मा और भारतीय उद्योग परिसंघ के साथ साझेदारी में वाहन विनिर्माताओं का संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स भारत मंडपम में 17-22 जनवरी तक 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025' के तत्वावधान में वाहन प्रदर्शनी के 17वें संस्करण 'द मोटर शो' का आयोजन करेगा।

सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, "इस प्रदर्शनी में लगभग 34 वाहन विनिर्माता भाग लेंगे और विभिन्न पावरट्रेन से संबंधित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेंगे।" उन्होंने कहा कि यह इस आयोजन के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी होगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में भाग लेने वाली वाहन कंपनियों में टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, हुंदै मोटर इंडिया, किआ मोटर इंडिया, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर और स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया शामिल हैं। प्रदर्शनी में बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, पॉर्शे इंडिया और बीवाईडी जैसी लक्जरी कार विनिर्माता कंपनियां भी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। दोपहिया वाहन खंड में टीवीएस मोटर कंपनी, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया , सुजुकी मोटरसाइकिल और इंडिया यामाहा की भागीदारी होगी। इसी तरह, वोल्वो आयशर कमर्शियल वेहिकल्स, अशोक लेलैंड, जेबीएम और कमिंस इंडिया भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगी। मेनन ने कहा कि एथर एनर्जी, टीआई क्लीन मोबिलिटी, ईकेए मोबिलिटी, ओला इलेक्ट्रिक और विनफास्ट जैसी कुछ शुद्ध इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनियां भी इस बार वाहन प्रदर्शनी में हिस्सा ले रही हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 3.24 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में गिरावट होने से 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 658.1 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.23 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 565.6 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.3 करोड़ डॉलर गिरकर 66.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18 अरब डॉलर हो गया।

# मौद्रिक नीति पर रहेगी बाजार की नजर

## विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली में कमी, आईटी सूचकांक उच्च स्तर पर

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सस्ते भाव वाले शेयरों में तेज खरीददारी यानी 'बॉटम फिशिंग की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधी फीसदी चढ़े घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी फेड रिजर्व, बैंक ऑफ इंगलैंड (बीओई) एवं बैंक ऑफ जापान (बीओजे) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजे तथा अमेरिका के जीडीपी आंकड़ों पर नजर रहेगी।

» बीएसई का तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 424 से छलांग लगाकर 82133.12 पर पहुंच गया

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर 82133.12 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 90.5 अंक यानी 0.4 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24768.30 अंक हो गया।

वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 106.9 अंक अर्थात 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 47776.62 अंक हो गया जबकि स्मॉलकैप 93.3 अंक यानी 0.2 प्रतिशत की गिरावट लेकर 56957.46 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह शुक्रवार को बाजार में आई तेजी से दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी सप्ताह के अंत में सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। निचले स्तर से उछाल यह संकेत देता है कि बाजार में गिरावट पर खरीदारी की रणनीति अच्छी तरह काम कर रही है।

इसके साथ ही इस वर्ष नवंबर में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक के सहनीय स्तर के भीतर आने तथा सब्जियों की कीमतों में मौसमी सुधार के कारण खाद्य कीमतों में और अधिक कमी आने की उम्मीद की बदौलत आरबीआई की फरवरी में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना बन सकती है।

### पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो सेवा शुरू

**कोलकाता।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए 'जलवाहक योजना की शुरुआत की।सोनोवाल ने जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 व एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरुआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट के माध्यम से चलेगी।

### पुष्पा 2 द रूल ने 825 करोड़ रुपये की कमाई की

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' ने भारतीय बाजार में दस दिनों में 825 करोड़ की शानदार कमाई कर ली है। पुष्पा 2 : द रूल' ने बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया है। सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा 2 द रूल की स्पेशल स्क्रीनिग 04 दिसंबर को हुयी थी। स्पेशल स्क्रीनिंग में इस फिल्म ने 10.1 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। 'पुष्पा 2 : द रूल' , 05 दिसंबर को 12 हजार से अधिक स्क्रीन पर रिलीज किया गया। यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज की गयी। पहले ही दिन इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचा दिया।'पुष्पा 2' ने पहले दिन 164.25 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी। 'पुष्पा 2 : द रूल का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म ने दस दिनों में भी 800 करोड़ रुपये का आंकाड़ा पार कर लिया है।

### चंदू चैंपियन के लिये डेढ़-दो साल तक ट्रेनिंग ली : कार्तिक आर्यन



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि उन्होंने फिल्म चंदू चैंपियन के लिये डेढ़-दो साल तक ट्रेनिंग ली। कार्तिक आर्यन ने हाल ही में एजेंडा आजतक 2024 में शिरकत की। इस इवेंट के सेशन 'सिनेमा का चैम्पयिन कार्तिकि आर्यन ' के दौरान कार्तिक आर्यन ने अपनी फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए अपनी डाइट और फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन पर बात की।कार्तिक आर्यन ने बताया कि फिल्म चंदू चैंपियन के समय निर्देशक कबीर खान ने उनसे पूछा था कि उन्हें स्विमिंग आती है या नहीं। इसपर कार्तिक ने उन्हें झूठ कहा था कि वो प्रोफेशनल स्विमिंग जानते हैं। ये झूठ उन्हें भारी पड़ा और उन्हें ट्रेनिंग में पूरे डेढ़ साल लगे।कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन में अपने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन पर बात की। उन्होंने कहा, 'कबीर सर, साजिद सर ने मेरी बहुत मदद की।फिल्म के लिए डेढ़-दो साल तक मेरी ट्रेनिंग हुई। बॉक्सिंग, स्विमिंग, सबकुछ मैंने सीखा। ओलंपियन और पैरालंपियन मुझे सिखा रहे थे। इससे पहले मुझे बिल्कुल स्विमिंग नहीं आती थी। ट्रेनिंग के फाइनल स्टेज पर आते-आते मैंने बिना पैर इस्तेमाल किए स्विमिंग सीखी।

# दीपिका पादुकोण बाफ्टा अवाड्र्स में शामिल होने वाली पहली भारतीय

वर्ष 2024 में कई भारतीय अभिनेत्रियों ने ग्लोबल स्टेज पर अपनी चमक बिखेरी। वर्ष 2024 में, भारतीय अभिनेत्रियों ने दुनिया भर में अपनी टैलेंट और चार्म का जलवा बिखेरा है। सिनेमा से लेकर फैशन और इंटरनेशनल कॉलेवोरेशन तक, इन महिलाओं ने अपनी काबिलियत साबित की है और भारत को गर्व महसूस कराया है।

दीपिका पादुकोण ने इतिहास बना दिया जब वो बाफ्टा अवाड्र्स में शामिल होने वाली पहली इंडियन बनीं। उन्हें डीडलाइन हॉलीवुड डिसरप्टर्स की लिस्ट में इकलौती भारतीय डिसरप्टर के रूप में जगह मिली, जो उनकी ग्लोबल इंपैक्ट को दिखाता है। अपनी फिल्मों के दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर हिट होने के बाद, दीपिका ने सिनेमा की क्वीन के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली है। बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने लोरियल पेरिस ब्रांड की ग्लोबल एम्बेसेडर के रूप में उन्होंने ले डेफिले लोरियल पेरिस के रैंप पर मशहूर प्लेस प्लेस डे लोपेरा में वॉक किया। इसके अलावा, इस साल मेट गाला 2024 में उन्होंने सब्यसाची साड़ी पहनकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। जैकलीन फर्नांडीज का यह साल बहुत शानदार रहा। उन्होंने जीन-क्लाउड वैन डैम के साथ किल एम 2 में काम किया, जो इंटरनेशनल पहचान हासिल कर चुका है।

# राधिका आप्टे ने बच्चे के जन्म की घोषणा की

राधिका आप्टे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पति बेनेडिक्ट टेलर के साथ अपने पहले बच्चे के जन्म की घोषणा की। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर राधिका ने अपने नवजात शिशु के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपनी बच्ची को स्तनपान कराती हुई देखी जा सकती हैं।

अपनी पोस्ट में, अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों को यह भी बताया कि वह मातृत्व अवकाश के बाद काम पर वापस आ गई हैं। राधिका द्वारा पोस्ट साझा किए जाने के तुरंत बाद, उनके प्रशंसकों और फिल्म बिरादरी के दोस्तों ने टिप्पणी अनुभाग में अपनी प्रतिक्रिया दी। जोया अख्तर ने लिखा ' 'बधाई हो'' । टिस्का चोपड़ा, श्वेता त्रिपाठी, ईशा तलवार और रश्मि देसाई उन मशहूर हस्तियों में शामिल थीं, जिन्होंने नए माता-पिता को बधाई दी।

टिस्का चोपड़ा, श्वेता , ईशा और रश्मि देसाई उन मशहूर हस्तियों में शामिल थीं, जिन्होंने नए माता-पिता को बधाई दी।

# विक्रांत मैसी ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक लेने की वजह बताई

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक लेने की वजह बताई है। विक्रांत मैसी ने आजतक के कार्यक्रम 'एजेंडा आजतक 2024' में शिरकत की। उन्होंने सेशन 'ना टायर्ड, ना रिटायर्ड, 12वीं फेल, हीरो पास' में अपने फिल्मी करियर, फैमिली लाइफ और बच्चे को लेकर बातचीत की। विक्रांत से उनकी एक्टिंग छोड़ने वाली पोस्ट सवाल पूछा गया। क्यों वो करियर पीक पर रीस्टार्ट करना चाहते हैं? क्या इसके पीछे कोई प्रेशर है या सोशल मीडिया ट्रोलिंग? विक्रांत मैसी ने बताया वे खुद को बॉर्डर लाइन इंट्रोवर्ट मानते हैं।सोशल मीडिया पर मजबूरी में आते हैं। रिटायरमेंट पोस्ट पर विक्रांत ने कहा,जब मैंने ये पोस्ट डाला उसके अगले दिन मैं पीएम और पूरी कैबिनेट के साथ फिल्म देखने वाला था। एक साधारण परिवार से आने वाले लड़के ने, जिसने बस एक्टिंग करनी चाही, भले ही कोई भी रोल हो, उसने अपने जीवन में इतना बड़ा दिन देखा. क्या इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा उसपर।मैंने अगले दिन कहा कि ये मेरे करियर का हाईएस्ट पॉइंट है, पीएम और पूरी कैबिनेट के साथ बैठकर फिल्म देख रहा हूं। 11 सालों में जबसे वो पीएम बने हैं बस मेरी फिल्म देखी है। ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। विक्रांत मैसी ने बताया,मेरे मन में बस यही विचार आया अब कैसे खुद को बेहतर करूं। साथ ही पर्सनल रीजन भी थे। इसी साल मेरे बेटा हुआ। बिजी होने की वजह से बेटे, पत्नी, पेरेंट्स संग समय नहीं बिता पा रहा हूं. जब वो पहली बार चला तो मेरे पास फोटो आई। तब एहसास हुआ क्या ही फायदा इतना सब करके, जब बेटा तुम्हारा हाथ पकड़कर न चल सके. उस वक्त मैंने बतौर एक्टर, पति, बेटा, पिता होने के नाते सभी चीजों को सोचकर वो पोस्ट किया था।मुझे लगा इससे ज्यादा इस देश में बतौर एक्टर मैं क्या ही कर सकता हूं। यहां से तो बेहतर ही होना पड़ेगा।मैं चाहता हूं लोगों को मैं अपने काम से खुश करूं। बस यही चाहता हूं और बेहतर बनने के लिए रीस्टार्ट करूं। विक्रांत ने बताया उन्होंने पिछले साल 280 दिन शूट किया था। वो कहते हैं- जो जिंदगी जीने का सपना देखा वो मिला, लेकिन उसे जियो तो सही।विक्रांत ने भरोसा दिलाया कि वो दमदार वापसी करेंगे।

बिजी होने की वजह से बेटे, पत्नी, पेरेंट्स संग समय नहीं बिता पा रहा

# 18 को कांग्रेसी घेरेंगे विधानसभा

» पंचायत व विधानसभा चुनाव लड़ने के दावेदार जुटे फील्ड में

» नए ऊर्जावान साथियों को समाहित कर आगामी चुनाव के लिए हो तैयारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** आगामी बुधवार को विधानसभा घेराव के कार्यक्रम की तैयारी बैठक को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी राजेश तिवारी उपाध्यक्ष प्रभारी मनीष मिश्रा व प्रदेश सचिव व जिले के प्रभारी अर्जुन पासी ने संगठन के पदाधिकारियो के साथ मैराथन बैठक की। सभी कांग्रेसियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लखनऊ पहुंचने का आवाहन किया ।

आगामी बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर उत्तर प्रदेश में भ्रष्ट कानून व्यवस्था किसानों पर बढ़ रहे अत्याचार वक्त प्रदेश सरकार के कुशासन के खिलाफ कांग्रेस विधानसभा घेरने जा रही है जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने पदाधिकारी के साथ नेताओं का स्वागत किया यहां राजेश तिवारी ने कहा पुराने संगठन और कमेटी को भंग करने का उद्देश्य नई ऊर्जा साथ वहां साथियों को समाहित कर मजबूत संगठन बनाने का है उन्होंने ब्लॉक और न्याय पंचायत पर मजबूत साथियों की तैनाती की वकालत की आगामी 18 तारीख को विधानसभा गर्ने के लिए सभी कांग्रेसियों का आवाहन किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा उत्तर प्रदेश में नए सिरे से संगठन खड़ा करने की जरूरत है आगामी पंचायत व विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयारी कर रहे नेता अभी से ही अपनी तैयारी में जुड़ जाए जिसे बेहतर परिणाम दिया जा सके बैठक को प्रदेश सचिव अर्जुन पासी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी पूर्व मंत्री डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी फिरोज अहमद प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी निकलेश सरोज शहर अध्यक्ष शकील अंसारी रणजीत सिंह सलूजा मोहसिन सलीम जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव कृष्ण कुमार मिश्रा वरुण मिश्रा ने अपने विचार रक्खे।

जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भारी भागीदारी का आश्वासन दिया। यहाँ जिला उपाध्यक्ष सिराज अहमद भोला दिलीप मिश्रा योगेश पांडेय योगेश प्रताप सिंह महेंद्र प्रताप सिंह आर बी पांडेय विजय पाल मिर्जा अकरम बेग सुरेश चंद्र मिश्रा प्रदीप सिंह नन्हे तिवारी

तेज बहादुर पाठक सुनील सिंह चौहान विनोद राणा प्रेमचंद भारती मोहम्मद हारुन ओमप्रकाश दूबे नंदलाल मोर्य ओमप्रकाश त्रिपाठी चौटाला चंद्रभान सिंह अनवर अंसारी पवन मिश्रा नन्हे इंतजार अहमद पिंटू बलराम तिवारी सुब्रत सिंह सनी उमाकांत त्रिपाठी कैप्टन संतोष वर्मा शाहबाज अहमद विजयपाल लालता प्रसाद पाठक राजेश तिवारी दीपक सोनी इमरान अहमद पवन मिश्रा कटावा ममनून आलम आवेश अहमद अमित कुमार सिंह सलाउद्दीन हाशमी अतहर नवाब विश्वनाथ मिश्र अंजनी कुमार तिवारी रामचंद्र अनवर शाही लालता पाठक रामचंद्र कोरी राम भवन पांडे सुभाष चंद्र यादव हौसला प्रसाद हाजी फिरोज अहमद सोहेल खान काली सहाय सिंह शीतला साहू आदि रहे।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज,गोपालपुर मधैया, लंभुआ , सुल्तानपुर के वार्षिक समारोह में छात्र - छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से उपस्थित जन की विपुल सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा प्रस्तुत अनूठे मॉडलों से उनकी विशिष्ट प्रतिभा प्रकट हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुरुचि और स्तरीयता ने भी सभी को मोहित किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रवि शंकर ने ग्रामीण क्षेत्र के इस विद्यालय के पढ़ाई के उच्च स्तर, अनुशासन और उत्कृष्ट परिणामों के लिए बच्चों को बधाई दी और शिक्षकों के परिश्रम , प्राचार्य के नेतृत्व तथा प्रबंधन के प्रेरक सहयोग की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जटा शंकर यादव ने कहा कि इस विद्यालय में परिश्रम और अनुशासन का पाठ, विद्यार्थियों का स्वर्णिम भविष्य निर्मित करेगा। सिर्फ परिवार ही नहीं बल्कि समाज और देश के लिए उनकी प्रतिभा उपयोगी सिद्ध होगी।

» प्रदर्शनी में बच्चों ने अनूठे मॉडल पेश कर दिखाई अपनी प्रतिभा

इस आयोजन को प्रतिभा सम्मान समारोह ने और समृद्ध किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की छात्रा श्वेता मिश्रा को प्रबंधक प्रेम नाथ शुक्ला व अतिथियों ने स्कूटी और मेडल प्रदान किया। जिले की प्रथम दस स्थानों की वरीयता सूची में शामिल शैलजा तिवारी और रिया यादव को चांदी के सिक्के एवं मेडल से पुरस्कृत किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी और रंगोली और वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वरिष्ठ पत्रकार सत्य देव तिवारी के नेतृत्व में चलने वाले ललिता तिवारी स्मृति न्यास ने प्रशस्ति पत्र और ग्यारह सौ रूपये मूल्य की पुस्तकें प्रदान की। न्यास ने विद्यालय के सभी स्टाफ को उत्तरीय वस्त्र, प्रशस्तिपत्र और पुस्तकें भेंट कर उत्साहित किया।

## एक नजर

### इलाहाबाद विवि में व्याख्यान देंगे आईपीएस बृजेश

**सुल्तानपुर।** पुलिस प्रशिक्षण संस्था (अमहट) सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र 16 दिसंबर 2024 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे | भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली द्वारा 16 दिसंबर 24 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के दर्शनशास्त्र विभाग (आर एन. कौल लाइब्रेरी सभागार ) में ₹समालोचनात्मक चिंतन और दार्शनिकता ₹ विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है | इस व्याख्यान समारोह में पुलिस अधीक्षक, पी. टी. एस. सुल्तानपुर ब्रजेश मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं |आई पी एस मिश्र ने बताया कि वैसे तो विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों और नामचीन विश्वविद्यालयों में उनका व्याख्यान और सम्मान होता रहता है किन्तु अपनी मातृ संस्था इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने का अवसर प्राप्त कर वे सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं |

### 15 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**सुल्तानपुर।** अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ के लिए बल्दीराय क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में घर में घुसकर मारपीट, भैंस की चोरी करने वाले 15000 के इनामियां अपराधी को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान के तहत पूरे कूरेभार पुलिस ने अभियुक्त को पड़कर उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा सहित एक जिंदा कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया। बल्दीराय क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया गया। मुकदमा अपराध संख्या 74 /24 रोहित दूबे पुत्र स्व बब्बन प्रसाद दुबे निवासी ग्राम पुरे निहाल सिंह का पुरवा ढसेरुआ को सेऊर चमुरखा तालाब के किनारे संदिग्ध अवस्था में देखकर पुलिस ने घेराबंदी शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष कूरेभार शारदेन्दु दुबे ने मय हमराही सहित अभियुक्त की तलाश में जाल बिछाया और पुलिस की जामा तलाशी में एक अदत तमंचा 12 वोर तथा एक जिंदा कारतूस के अलावा अभियुक्त के द्वारा चोरी की भैंस के विक्रय करने से प्राप्त 1200 बरामद कर लिया। अभियुक्त ने अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए इनामिया अभियुक्त के ऊपर मुकदमा 265/24 के तहत 3/25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष कूरेभार शारदेन्दु दुबे ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के ऊपर दस से अधिक मुकदमे दर्ज हैं ।अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में राजेश कुमार यादव, दीपक कुमार बिंद, नीरज यादव, अभिषेक कुमार, आशुतोष कुशवाहा, विनीत कुमार मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट मे आने से वृद्ध की मौत

**अमेठी।** रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट मे आकर वृद्ध की मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।प्राप्त जानकारी के मुताबिक कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत सिंदुरवा गांव निवासी करीब 60 वर्षीय जसकरन जो रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट मे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए जब आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे तो वह दम तोड़ चुका था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।इस संबंध मे थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज कर आवश्यक कार्यवाही जारी है ।

### दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** सीटेट की परीक्षा दूसरे विद्यार्थी के स्थान पर दे रहा मुन्ना भाई आया गिरफ्त में। शहर के गोपाल पब्लिक स्कूल में दूसरे की परीक्षा देते हुए पकड़ा गया मुन्ना भाई। नगर कोतवाली के आवास विकास कॉलोनी क्षेत्र स्थित विद्यालय का मामला। नगर कोतवाली पुलिस ने मुन्ना भाई को लिया कब्जे में, शुरू की गई मामले की जांच पड़ताल। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह बोले, प्रार्थना पत्र मिलने पर दर्ज किया जाएगा कथित मुन्ना भाई के खिलाफ मुकदमा।

### पश्चिमी हवा ने बढ़ाई ठंड, ठिठुरने लगे लोग

**सुल्तानपुर।** जिले में बीते कई दिनों में ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है लोग सुबह या देर शाम के समय लोग अपने घर से निकलना नहीं चाह रहे हैं। लोग शाम होते ही अपने को आग के सामने लाने को अभी ही मजबूर हो चुके है। पश्चिम दिशाओं से आ रही हवाओ ने आग के सामने लोगों को आने में विवश कर दिया हैं। वहीं आने वाली सर्द ठंडी हवाओं ने लोगों को अपने आने का एहसास करा दिया। सुबह से ही हल्की कोहरे की चादर छा रही है। सुबह सर्द मौसम के चलते लोग समय से काम पर नहीं पहुंच पा रहे है वहीं गलन भरी ठंड के साथ चलती ठंडी हवाओं ने दिनभर लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। सुबह के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। चौराहों और बाजार में लोग पट्ठे और कागजों से अलाव तापते दिखाई दिये।ठंड के साथ हल्का कोहरा छाया रहा पछुआ हवा चलने के कारण कनकनी बढ़ती जा रही है. ठंड की वजह से लोगो को घर से बाहर निकलने में दिक्कत हो रही थी,खासकर स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ी.

## डंफर ने मारी टक्कर, पुत्री की मौत, पिता घायल

**बल्दीराय -सुलतानपुर।** धनपतगंज थाना क्षेत्र के पीरोसरैया गांव के पास हलियापुर कूरेभार मार्ग पर सुबह लगभग 8:30 बजे पुत्री को मोटर साइकिल से सीटेट की परीक्षा दिलाने सुल्तानपुर जा रहे पिता और पुत्री को ट्रेलर ने सामने टक्कर मार दी, बेटी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

ग्राम पंचायत सुखबडेरी मजरे रघुवीर का पुरवा निवासी अंतिमा उम्र 23 वर्ष पुत्री राम अजोर उम्र 55 वर्ष बेटी को सीटेट की सुल्तानपुर परीक्षा दिलाने जा रहे थे ।घर से छः किलोमीटर दूर पीरोसरैया हलियापुर बेलवाई मार्ग पर पहुंचे ही थे कि ओवर टेक करने के चलते सामने से आ रहे ट्रेलर में जाकर टकरा गये।जिससे बेटी अंतिमा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# गोल्ड मेडल प्राप्त छात्रा स्वीकृति यादव सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** मण्डल में एडी बेसिक ने ट्राफी से किया सम्मानित विकास खण्ड करौंदीकला में प्राथमिक विद्यालय रामनगर पूरे हरदास में कक्षा 5 की छात्रा स्वीकृति यादव मंडलीय बाल क्रीडा व्यक्तिगत प्रतियोगिता प्राथमिक बालिका संवर्ग में मण्डल चैम्पियन ट्राफी प्राप्त कर विद्यालय आने पर विद्यालय परिवार की तरफ से प्रधानाध्यापक दया शंकर सरोज ने बिटिया को ट्रैक सूट एवं माता एवं पिता राकेश कुमार यादव अनुदेशक को शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया, तथा आगे भी खेल में हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया जिससे राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करके विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर सके।

» प्रधानाध्यापक ने बिटिया को ट्रैक सूट व माता-पिता को शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया

स्वीकृति यादव को प्रशिक्षक के रुप में सिखाने का कार्य कर रहे सहायक अध्यापक शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि स्वीकृति राज्य स्तर पर मेडल प्राप्त करेगी। अयोध्या मण्डल के एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय सिंह के कुशल मार्गदर्शन में राजेन्द्र यादव,शिवकुमार,अभिषेक सिंह ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विधायक राजेश गौतम द्वारा स्वीकृति यादव को पांच हजार रूपए पुरस्कार प्रदान किया गया था। छात्रा की सफलता पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्र सहित संगठन के अध्यक्ष राम शब्द पाठक संजय सिंह अखिलेश सिंह सुरेन्द्र कुमार मिश्र मंत्री मिथिलेश यादव संदीप सिंह संजय यादव तथा शिव प्रताप यादव प्रेम चन्द पटेल रमा शंकर पाण्डेय बृजेश यादव अनिल सिंह के सी मिश्र ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी ब्लाक मीडिया प्रभारी के सी मिश्र ने दिया।

# दुबके रहते हैं जब लोग रजाई में गोमती मित्र जुटे जाते हैं सफाई में

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के चलते धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बना चुके गोमती मित्र मंडल ने अपनी मुहिम को और धार देने का मन बना लिया है,,रविवार साप्ताहिक श्रमदान के दिन पूर्णिमा के स्नान को आये श्रद्धालुओं से गोमती मित्रों ने धाम पे स्वच्छता बनाये रखने के लिये निवेदन किया।

प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने ₹न ये जात न वो जात,अब होगी बस स्वच्छता की बात₹ के नारे के साथ गोमती मित्रों को हर घर,प्रतिष्ठान, सरकारी दफ्तर, निजी दफ्तर में जाकर लोगों को केवल सरकारी व्यवस्था के भरोसे ना रहते हुए स्वयं भी अपने अगल-बगल स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए समझाने का प्रयास करेंगे व सभी प्रतिष्ठानों के स्वामियों से अपने प्रतिष्ठान के सामने एक कूड़ा दान रखने के लिए समझाया

जाएगा,,लोगों को सीताकुंड धाम आने,वहां की स्वच्छता देखने व मां गोमती की आरती में पहुंचने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

साप्ताहिक श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,आलोक तिवारी, राकेश मिश्रा, संत कुमार प्रधान,राकेश सिंह दद्दू,रामकुमार मौर्य,अमित पांडा,सेनजीत कसौधन दाऊजी,डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,मुन्ना पाठक,अजय प्रताप सिंह,सुजीत कसौधन,सोनू सिंह, आयुष, प्रांजल, अर्पित, श्याम, अवनीश, लड्डू, रोहित आदि उपस्थित रहे।

# सांड़ के हमले में गई वृद्धा की जान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के एक गांव उघरपुर में शुक्रवार की रात घर के बाहर निकली बुजुर्ग महिला पर सांड ने हमला कर दिया। हमले से महिला की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

धम्मौर थाना क्षेत्र के गांव उघरपुर निवासी केवला देवी सिंह (80) पत्नी स्वर्गीय शिवकुमार सिंह शुक्रवार की रात लगभग आठ बजे घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान दरवाजे से गुजर रहा एक निराश्रित सांड ने उनके ऊपर हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने डंडा फटकार कर सांड को भगाया।मौत की सूचना पर केवला देवी सिंह के घर में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष जमील अहमद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के कहने पर पोस्टमार्टम नहीं करवाया गया है। सांड को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

सांड के हमले में वृद्धा की मौत के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सांड पूर्व में भी कई ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है।

## प्रयागराज कुंभ विश्व का सबसे बड़ा मेला : तोगड़िया

**प्रयागराज।** कानपुर से प्रयागराज कुंभ जा रहे अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद नेता प्रवीण तोगड़िया ने सैनी कस्बे में रुककर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। मीडिया से बात कर उन्होंने कुभ में आगंतुक यात्रियों को चाय वितरण करने, कम्बल वितरण एवं भंडारे चलाने का आवाहन किया है। इसके अलावा प्रवीण तोगड़िया ने कुंभ को विश्व का सबसे बड़ा मेला बताया। जहां एक साथ 30 से 40 करोड़ लोग आते है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद नेता प्रवीण तोगड़िया ने बताया, महाकुंभ प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद कैंप लगाकर यात्रियों को भारी मात्रा में चाय कंबल एवं भंडारे का वितरण कर सेवा करेगा। प्रवीण तोगड़िया ने 46 साल बाद संभल मे मंदिर खुलने पर कहा कि अच्छी बात है, सभी मंदिरो को खुलना चाहिए और पूजा होना चाहिए। मंदिर इतने दिन बंद रहा ये दुःख की बात है।

# अमेठी से पांच हजार कार्यकर्ता पहुंचेगा लखनऊ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेस सह प्रभारी, पूर्व मंत्री राजेश तिवारी ने रविवार को अमेठी के गौरीगंज स्थित केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय स्थित राजीव गांधी सभागार में बैठक की। बैठक में 18 दिसंबर को लखनऊ विधानसभा घेराव की रूपरेखा तैयार की गई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि इस आंदोलन में अमेठी का योगदान सबसे अधिक होना चाहिए।

यहां आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए राजेश तिवारी ने कहा, कि₹यह आंदोलन उन सत्ताधारियों के खिलाफ है जो संविधान और कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हर नागरिक को अपनी आजादी का अधिकार है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार सिर्फ हिटलर शाही की राजनीति कर रही है।

अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ₹अमेठी कांग्रेस किसी भी स्थिति में लखनऊ में सबसे बड़ी ताकत बनकर पहुंचेगी। यहां से पांच हजार लोगों के साथ लखनऊ पहुंचा जाएगा।और सभी कार्यकर्ताओं को अपनी गाड़ियों पर अमेठी का स्टीकर लगाना सुनिश्चित करना होगा।₹

» आंदोलन में अमेठी का योगदान सबसे अधिक होना चाहिए : जिलाध्यक्ष

बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। जिला कांग्रेस कमेटी, पीसीसी, फ्रंटल संगठन और पदाधिकारी अपने साथ 10 कार्यकर्ताओं को लेकर लखनऊ जाएंगे।सभी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि वे अपने वाहनों पर अमेठी का स्टीकर लगाकर आंदोलन में भाग लें।राजेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं को यह भी बताया कि इस आंदोलन के बाद कांग्रेस को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियां शुरू करनी होंगी। उन्होंने कहा कि पंचायत, निकाय और विधानसभा चुनावों की रणनीति पर अब से काम करना जरूरी है। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, महिला कांग्रेस, सेवादल और विधानसभा प्रभारी समेत अन्य संगठन पदाधिकारियों से जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमानन्द मिश्रा, किरण देवी, अनिल सिंह, रजवाड़ी पासी, मो. मतीन, सुनील सिंह, फतेह बहादुर, अर्जुन पासी, वीरेंद्र मिश्र, रामबरन कश्यप, गीता सिंह, रामदत्त यादव, शकील इदरीसी, आईपी माली, शुभम सिंह, सुमित तिवारी, इंद्रपाल प्रभाकर, त्रिभुवन पासी और आशिफ सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## पूर्व प्राचार्य के स्वास्थ्य का कुशल क्षेम लेने पहुंचे ब्लॉक प्रमुख

**अमेठी।** तिलोई के सांगीपुर निवासी ,पूर्व प्राचार्य एवं जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र बहादुर सिंह के सफलता पूर्वक उपचार के बाद उनकी कुशलता को लेकर उनके घर पहुंचने वालों का तांता लगा हुआ है।

इसी क्रम में रविवार को जगदीशपुर के ब्लॉक प्रमुख राकेश विक्रम सिंह भी पहुंचे उन्होंने पूर्व प्राचार्य का कुशल से जाना और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

इस मौके पर मान सिंहराठौर-प्राचार्य,रुद्र प्रताप सिंह,उमेश प्रताप सिंह-पूर्व प्रधान,राम लखन सिंह भदौरिया-पूर्व नायब तहसीलदार, दिलीप सिंह-पूर्व सूबेदार,इन्द्र विक्रम सिंह,अशोक सिंह-आशीष सिंह-चौहान,धीरेन्द्र बहादुर सिंह, ,जगदीश सिंह, डा० महेन्द्र प्रताप सिंह,द्वारिका प्रसाद शुक्ल,राज नारायण पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा, एक की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** गौरीगंज कोतवाली स्थित रेलवे स्टेशन चौराहे पर शनिवार की रात दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें एक राहगीर की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

वाकया शनिवार की रात लगभग 12: 30 बजे का है। अज्ञात वाहन ने एक अपाचे सवार दो युवकों को रौंद दिया । इस दुर्घटना को अंजाम दे ते हुए वहां बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटते हुए चला गया जिससे उसका घर सर से अलग हो गयाजिससे बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का शव छत विच हालत में सड़क पर पड़ा रहा। हादसे में एक गंभीर रूप से घायल पटरी किनारे मरणासन्न पड़ा था। सड़क जिससे बाइक चालक सुनील (27) का धड़ से अलग होकर शव बीच सड़क में क्षति विक्षत हो गया ।। हादसे की जानकारी अमेठी से रायबरेली जा रहे राहगीर अमित सिंह, कपिल मिश्रा प्रांशु , संजय पांडेय और बीपी सिंह ने डायल 112 पर दी। सड़क पर शव क्षत विक्षत को देखा तो अमेठी से वापस रायबरेली जा रहे थे कि रस्ते में हादसा देख काफी देर तक मदद के लिए रुके थे। दर्दनाक दुर्घटना देख लोग रुके और सहम भी गए थे।

» बाइक सवार राहगीर को घसीटते हुए दूर तक ले गया

अमित सिंह न डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंचे गौरीगंज थाना के उप निरीक्षक सुरेश यादव, हेड कांस्टेबल दिनकर सिंह ने लोगों की मदद से गंभीर घायल को सड़क के किनारे पटरी से उठाकर वाहन में लादकर जिला अस्पताल इमरजेंसी ले गए। मृतक की पहचान सुनील के रूप में हुई जो बहराइच का बताया जाता है,जो गौरीगंज में वेलस्पन कंपनी के गेस्ट हाउस में कुक का काम करता था।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ सौ छात्र-छात्राओं का दल

**बल्दीराय-सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत आदर्श श्री गोस्वामी बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज के सौ छात्र छात्राओं का दल एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पारा ग्राम प्रधान अमन सोनी व वरिष्ठ समाजसेवी उमेश धर दूबे (बब्लू भैया) ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय प्रबंधक डॉ राम अभिलाष मौर्य ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा के सैद्धांतिक ज्ञान को प्रायोगिक रूप में साक्षात्कार करने का एक सर्वोत्तम तरीका है। इस उद्देश्य से यह शैक्षणिक भ्रमण बहुत ही महत्वपूर्ण है। विद्यालय संयोजक बाल गोविन्द मौर्य ने बताया कि यह शैक्षणिक पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है शैक्षिक भ्रमण में बच्चे प्रत्यक्ष रूप से देखते हैं जिससे स्थायी ज्ञान की प्राप्ति होती है। इससे बच्चों को एक नया अनुभव मिलता है।विद्यालय से रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए छात्र-छात्राओं का दल रवाना किया गया है।

# सरस्वती शिशु मन्दिर में मंत्रोच्चारण के साथ कन्याओं ने किया भूमि पूजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» विधायक निधि से स्वीकृत हुआ है सभागार

**अमेठी।** राजा फत्तेपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विधायक निधि से स्वीकृत हुए पांच लाख रुपए की लागत से सभागार का निर्माण होना है। यहां सभागार के निर्माण हेतु रविवार को वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

भूमिपूजन डॉ. प्रताप नारायण मिश्र स्मारक इंटर कालेज के अध्यक्ष आनन्द कुमार मिश्र के अलावा कॉलेज की छात्राओं के हाथों से भूमि पूजन कराया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक धर्मेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यहां होने वाले सभा का निर्माण के लिए विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपनी निधि से पांच लाख रुपए स्वीकृत किया है। जिसका आज भूमि पूजन वैदिक रीति रिवाज से विद्यालय की छात्रा पुरातन , श्रेष्ठा मिश्रा, व निष्ठा के द्वारा किया गया, वैदिक पूजन आचर्य पंडित बीनू तिवारी जी द्वारा संपन्न कराया गया, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान उमाशंकर जी, वरिष्ठ आचार्य राजेंद्र मिश्र जी, श्रीकृष्ण अवस्थी जी, राजीव त्रिवेदी जी, रामप्रसाद जी, रोशनलाल जी, राकेश जी, आदि अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

# 28 लाख से बनेंगे तीन विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार के साथ ही विद्यालयों की सूरत बदलने के लिए शासन द्वारा कवायद की जा रही है। परिषदीय विद्यालयों में हो रही बेहतर पठन-पाठन व्यवस्था के चलते छात्रों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। छात्रों की संख्या बढ़ने से विद्यालयों में छात्रों के बैठकर अध्ययन करने की समस्याएं सामने आ रही हैं। परिषदीय विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ने के चलते पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए सिंहपुर के तीन प्राथमिक विद्यालयों में 28 लाख पांच हजार रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष बनाए जाएंगे।

शासन के द्वारा अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए विद्यालय के प्रबंध समितियों के खाते में धान भेज दिया गया है और जल्द ही कक्षों का निर्माण शुरू हो जाएगा।

» छात्रों की संख्या बढ़ने से कक्ष पड़ गए कम, बैठकर पढ़ाई करने के लिए बच्चों को नहीं मिल रही थी जगह

सिंहपुर विकासखंड में 120 परिषदीय विद्यालय संचालित है।इन विद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के चलते छात्रों की संख्या में इजाफा हो रहा है।प्राथमिक विद्यालयों के भवन में कम शिक्षण कक्ष होने की वजह से कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को बैठकर पढ़ाई में समस्या उत्पन्न होती है। छात्र संख्या अधिक होने से कई विद्यालयों में दो कक्षाओं का संचालन एक साथ भी करना पड़ता है। समस्या को देखते हुए सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय अचलगढ, पूरे मोहनलाल और मैंझार में नौ लाख 35 हजार रुपए प्रति कक्ष की लागत से अतिरिक्त कक्ष बनाए जाएंगे।अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए विद्यालयों के खाते में धनराशि भेज दी गई है।

**118 परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं 13 हजार से अधिक छात्र** - सिंहपुर के 118 परिषदीय विद्यालयों में 13 हजार से अधिक छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं।आपरेशन कलाकल्प में सिंहपुर के 95 प्रतिशत विद्यालय 19 पैरामीटर पर खरे उतरे हैं।इसके अलावा मिशन कायाकल्प में यूपी के टॉप 100 ब्लॉकों में सिंहपुर विकास खंड भी शामिल हैं।

**गुणवत्ता पर रखा जाएगा विशेष ध्यान** - खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया

## एक नजर

### उत्तरी फ्रांस में डनकर्क के पास गोलीबारी, चार की मौत

**पेरिस।** उत्तरी फ्रांसीस के डनकर्क के पास हुई गोलीबारी में कानून प्रवर्तन के दो अधिकारियों सहित चार लोगों की मौत हो गई है। बीएफएमटीवी ने शनिवार को पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि डनकर्क के बाहर लून-प्लेज कम्यून में गोलीबारी हुई, जिसमें दो राज्य सुरक्षा अधिकारियों और दो प्रवासियों की मौत हो गई। बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के अनुसार जिस व्यक्ति ने उन्हें गोली मारने की बात कबूल की, उसने जेंडरमेरी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

### सीरिया मुद्दे पर इजरायल व जॉर्डन ने की गुप्त वार्ता

**यरूशलम।** इजरायली जनरल सुरक्षा सेवा (शिन बेट) के प्रमुख रोनेन बार और जॉर्डन जनरल इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख अहमद हुस्नी ने सीरिया की स्थिति पर गुप्त वार्ता की है। यह जानकारी एक्सियोस पोर्टल ने इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में दी है। श्री बार और श्री हुस्नी के बीच वार्ता के दौरान दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार दोनों देशों के सैन्य अधिकारयों ने सीरिया की स्थिति और वहां के सशस्त्र विपक्ष के साथ इजरायल और जॉर्डन की बातचीत पर चर्चा की। गौरतलब है कि सीरिया में सशस्त्र विपक्ष अब एक संक्रमणकालीन सरकार बना रहा है।

### न्यूयॉर्क में हवाई अड्डे पर परिचालन बाधित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयार्क में अज्ञात ड्रोनों के कारण स्टीवर्ट हवाईअड्डे पर परिचालन बाधित हो गया है और रहस्यमय ड्रोनों की वजह से स्थिति लोग दहशत में हैं। गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि कई सप्ताह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, "कल रात हवाई क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि के कारण स्टीवर्ट एयरफील्ड के रनवे को लगभग एक घंटे के लिए बंद कर दिया गया था। अब बात बहुत आगे बढ़ गयी है।" उन्होंने घटना के बीच संघीय सहायता की भी मांग की। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने पहले कहा था कि उसे कई हफ्तों से राज्य में ड्रोन समूहों के बारे में जनता से जानकारी मिल रही थी।

### अमेरिकी सैन्य अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जॉर्जिया के अगस्ता के बाहरी इलाके में फोर्ट आइजनहावर सैन्य अड्डे पर शनिवार को गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सैन्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा गया, ''फोर्ट आइजनहावर को आज सुबह एक हमलावर के सक्रिय होने के कारण बंद कर दिया गया। गोलीबारी में एक व्यक्ति की गोली लगने के बाद मौत हो गयी।'' अधिकारियों ने कहा कि हमलावर को हिरासत में ले लिया गया और मृतक की पहचान उसके रिश्तेदारों को सूचित करने के बाद उजागर की जाएगी। यह ठिकाना अमेरिकी सैन्य साइबर कमान का है।

### विश्व आयुर्वेद कांग्रेस में सर्वाधिक प्रतिनिधि शामिल

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित चार दिवसीय 'विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो के दसवें संस्करण में 12 हजार प्रतिनिधियों (डेलीगेट्स) ने प्रतिभाग कर, एक नई इबारत लिख दी। इस विश्व स्तरीय आयोजन के इतिहास में डेलीगेट्स की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इस लिहाज से उत्तराखंड ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। इस आयोजन में 54 देशों की भागीदारी रही। आयोजन में 300 विदेशी डेलीगेट्स ने भाग लेकर आयुष के प्रति अपना स्नेह प्रदर्शित किया।

### माओवादी सरकारी समर्पण नीति का लाभ उठाएं

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन के दो पूर्व प्रमुख सदस्यों ने संगठन के सभी सदस्यों से राज्य शासन के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए समाज के मुख्य धाराओं से जुड़ने और अपने खुशहाल जीवन जीने की अपील की है। दरअसल यह कहानी नक्सली संगठन से जुड़े प्रमिला एवं टिकेश्वर की है। नक्सली संगठन में सदस्यों को विवाह करने एवं परिवार के बंधन में बंधने की इजाजत नही है। जिसके कारण दोनो ने बीते दिनों छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के तहत पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया और सामान्य जीवन जीने का फैसला किया। प्रमिला और टिकेश्वर बताते हैं कि हम दोनों ने अधिकारियों के पास शादी करने की इच्छा जताई। गरियाबंद पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में पूरे पुलिस परिवार के सामने नवदंपति को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी गयी।

### रोटरी बनाएगा साक्षर भारत

**उदयपुर।** रोटरी अन्तरराष्ट्रीय के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर ने रविवार को उदयपुर जिले में साक्षर भारत अभियान के तहत नवीन 11 प्रौढ़ शिक्षा केन्द का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री के साक्षरता मिशन को गति देने के लिए रोटरी ने साक्षर भारत कार्यक्रम को हाथ में लिया है जिसके तहत सवीना विकास सेवा संस्थान द्वारा नवीन प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों का शुभारंभ किया गया। पूर्व प्रांतपाल डॉ निर्मल कुणावत ने बताया कि रोटरी ने जिस तरह पोलियो का ख़ात्मा किया, उसी तरीक़े से हम सभी निरक्षरों को साक्षर करेंगे।

# नक्सलियों को हथियार छोड़ने की चेतावनी

## अमित शाह-बोले हथियार डाल मुख्यधारा में नहीं शामिल हुए नक्सली तो सुरक्षा बल करेंगे कड़ी कार्रवाई

एजेंसी

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नक्सलियों को हथियार छोड़ने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हथियार डाल मुख्यधारा में नहीं शामिल हुए नक्सली तो उनके खिलाफ सुरक्षा बल कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का पुनर्वास सरकार की जिम्मेदारी है। अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 'बस्तर ओलंपिक' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा कि या कि देश मार्च 2026 तक माओवादियों से मुक्त हो जाएगा।

उन्होंने कहा, ''मैं नक्सलियों से अपील करता हूं कि कृपया आगे आएं। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों। आपका पुनर्वास हमारी जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा कि यदि माओवादी आत्मसमर्पण की अपील नहीं मानते हैं, तो सुरक्षा बल उन्हें खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ पुलिस 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सल मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में संबोधित करते हुए।

शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति देश में सर्वोत्तम है। उन्होंने कहा, ''यदि आप आत्मसमर्पण कर देंगे और मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे, तो आप छत्तीसगढ़ और भारत के विकास में योगदान देंगे।'' शाह ने कहा कि एक साल पहले राज्य में भाजपा सत्ता में आई। उसके पहले जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में थी, तो माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई धीमी थी।

उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने के बाद चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आई। इसकी वजह से बीते एक साल में 200 से ज्यादा नक्सली मारे गए, 992 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 836 अन्य ने आत्मसमर्पण किया।'' शाह ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से सुरक्षाकर्मियों की शहादत में 73 प्रतिशत की कमी आई है और नागरिकों की मौतों में 70 प्रतिशत की कमी आई है। गृहमंत्री ने कहा, ''यदि बस्तर (छत्तीसगढ़) से नक्सलवाद समाप्त हो जाए, तो यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण कश्मीर से भी अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेगा।'' शाह ने कहा कि जो लोग समाज में हो रहे परिवर्तन की प्रक्रिया को जानते हैं, वे यह भी जानते हैं कि यह केवल बस्तर ओलंपिक में भाग लेने वाले डेढ़ लाख लोगों तक सीमित नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हर कोई कह रहा है कि बस्तर बदल रहा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जब मैं 2026 के बस्तर ओलंपिक में आऊंगा, तो कहूंगा कि बस्तर बदल गया है।'' उन्होंने कहा कि इस बदलाव की शुरुआत बस्तर ओलंपिक से हुई है। शाह ने कहा कि यह आयोजन आने वाले दिनों में बस्तर के विकास की नयी गाथा लिखेगा और नक्सलवाद के सम्पूर्ण उन्मूलन का मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कई विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिसके माध्यम से नक्सलवाद को हराया जा रहा है।

बस्तर ओलंपिक खेलों में ब्लॉक स्तर पर एक लाख 65 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें बस्तर ओलंपिक खेलों में 300 आत्मसमर्पित और 18 नक्सल घटनाओं में दिव्यांग हुए खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिय।

### पटेल के आर्थिक योगदान को याद किया

**मुंबई।** विश्व हिंदू आर्थिक मंच 2024 ने भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर देश के एकीकरण के साथ ही उनके आर्थिक दर्शन को भी याद करते हुए इस महान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्व हिंदू आर्थिक मंच (डब्ल्यूएचईएफ) 2024 का अंतिम दिन ऐतिहासिक चिंतन, आर्थिक अंतर्दृष्टि और भविष्य के नवाचार पर चर्चाओं पर केंद्रित था। सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि (पुण्यतिथि) ने विशेष रूप से महत्वपूर्ण बना दिया।

डब्ल्यूएचईएफ के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद ने अपने संबोधन में रियासतों से संबंधित ब्रिटिश औपनिवेशिक रणनीतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करके और सोवियत संघ या चेकोस्लोवाकिया जैसे विखंडन से बचकर भारत के विघटन को रोकने में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वामी विज्ञानानंद ने सरदार पटेल के आर्थिक योगदान पर जोर दिया।

## महात्मा गांधी के प्रेरणास्रोत थे स्वामी रामकृष्ण व विवेकानंद

» डॉ. निखिल ने अपनी पुस्तक गांधी पर रामकृष्ण-विवेकानंद आंदोलन का प्रभाव में किया खुलासा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बंगाल के ख्यातिप्राप्त संत शिरोमणि स्वामी रामकृष्ण परमहंस और उनके प्रमुख शिष्य स्वामी विवेकानंद के बीच के रिश्ते के बारे में पूरी दुनिया जानती है। पर बहुत कम लोग जानते हैं कि ये दोनों महान विभूतियां महात्मा गांधी की प्रेरणास्रोत थीं और गांधी जी तीव्र इच्छा के बावजूद स्वामी विवेकानंद से कभी मिल नहीं पाये।

महात्मा गांधी पर श्री रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के गहन लेकिन अनदेखे प्रभाव पर प्रकाश डालने का काम डॉ. निखिल यादव ने अपनी शोध परक पुस्तक 'गांधी पर रामकृष्ण-विवेकानंद आंदोलन का प्रभाव में किया है जिसका लोकार्पण रविवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख भरत अरोड़ा और डॉ. राज कुमार फलवारिया और डॉ. अनन्या अवस्थी विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद केंद्र, उत्तर क्षेत्र के संघचालक श्री मानस भट्टाचार्य ने की।

### रंगमंच को चुनौतियों से आजाद करने की हुंकार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय नाट्य रंग महोत्सव- 2024 का समापन रविवार को हुआ। अंतिम दिन के रंग संवाद में रंगकर्मियों ने हिन्दी रंगमंच को चुनौतियों से आजाद कराने के लिए अहर्निश प्रयासों की कटिबद्धता जताई।

मुख्य अतिथि दिनेश कोठारी, वरिष्ठ चित्रकार एवं रंगकर्मी शैल चोयल, नाट्य निर्देशक अभिषेक गोस्वामी, वरिष्ठ साहित्यकार, नाटयलेखक व पत्रकार, श्री हरीश बी शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार श्री कुंदन माली एवं टीम नाट्य संस्था के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन कर अंतिम दिन के रंग संवाद की शुरुआत की। तत्पश्चात उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने अपनी रंग यात्रा के अनुभव और हिन्दी रंगमंच की चुनौतियों पर विचारों व्यक्त किए।

## ग्वालियर में बना देश का पहला साइंस म्यूजियम

### देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उपराष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

एजेंसी

**ग्वालियर।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का रविवार को उदघाटन किया। जियो साइंस म्यूजियम में दो गैलरियों के माध्यम से भू-विज्ञान के बारे में लाइट इफेक्ट के साथ आकर्षक ढंग से जानकारी संजोई गई है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को ग्वालियर पहुंचे। यहां उन्होंने देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का उद्घाटन किया. विक्टोरिया मार्केट में स्थापित इस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति की धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्याधुनिक एवं अद्भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति एवं मानव सभ्यता का विकास और ब्रह्मांड से जुड़ीं अनूठी जानकारियां समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अंडा सहित कीमती वस्तुएं पर्यटकों को देखने के लिये उपलब्ध हैं. यह म्यूजियम भू-विज्ञान से संबंधित बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिज्ञासाओं का समाधान उपलब्ध है।

## अनाथ बच्चों की मदद को धामी ने हाथ बढ़ाया

### माता-पिता का साया खोने के बाद परेशानियों में जीवन यापन कर रहे थे तीन बच्चे

एजेंसी

**देहरादून/चमोली ।** उत्तराखंड के चमोली जिले के खैनुरी गांव में माता-पिता का साया खोने के बाद परेशानियों में जीवन यापन कर रहे तीन अनाथ बच्चों की मदद को राज्य सरकार या कहें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाथ बढाया है। मामला संज्ञान में आने पर मुख्यमंत्री ने संबंधित जिला प्रशासन के माध्यम से अनाथ बच्चों के भरण पोषण और सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री पहुंचाई है। रविवार को जिला प्रशासन की टीम खैनूरी गांव पहुंची और मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों के लिए भेजी गई आवश्यक वस्तुएं उन्हें प्रदान की। साथ ही, इन अनाथ बच्चों के लिए सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

» अनाथ बच्चों के भरण पोषण और सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री पहुंचाई

उल्लेखनीय है कि खैनुरी गांव निवासी नैन सिंह की इसी वर्ष अक्तूबर माह में बीमारी से मृत्यु हो गई। वहीं उनकी पत्नी कुसम देवी की मृत्यु वर्ष 2020 में ही हो चुकी थी। ऐसे में उनकी दो बेटियां संजना और साक्षी के साथ ही बेटा आयुष बेसहारा हो गए। हालांकि गांव के ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह के साथ ही ग्रामीणों की ओर से बच्चों को सहारा दिया जा रहा है। पर माँ-पिता का साया सर से उठने के चलते बच्चों के सम्मुख आर्थिक संकट खड़ा हो गया। यह जानकारी जब मुख्यमंत्री श्री धामी को मिली तो उन्होंने जिला प्रशासन को बच्चों की त्वरित सहायता करते हुए अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। जिस पर रविवार को उप राजस्व निरीक्षक अनुज बंडवाल के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने बच्चों के घर पहुंच कर सर्दी से बचाव के लिए बच्चों को कम्बल, गर्म कपड़े, फल और पोषण की अन्य सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक ने बच्चों के आवास और शौचालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सरकार और प्रशासन की ओर से बच्चों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिया है।

### ईरान में हिजाब नहीं पहनने पर महिला सिंगर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** ईरानी अधिकारियों ने 27 वर्षीय सिंगर पारस्तू को अरेस्ट कर लिया गया, क्योंकि उन्होंने बिना हिजाब पहने यू ट्यूब पर ऑनलाइन कॉन्सर्ट किया था। बुधवार को यू ट्यूब पर अपलोड किए गए वीडियो में अहमदी 4 मेल म्यूजिशियन के साथ नजर आ रहीं हैं। उन्होंने एक लंबी काली स्लीवलेस ड्रेस पहन रखी है।

यू ट्यूब पर उन्होंने लिखा,"मैं परस्तू हूं, एक लड़की जो अपने फैंस के लिए गाना चाहती है। यह एक ऐसा अधिकार है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। ईरानी वकील मिलाद पनाहीपुर के अनुसार, शनिवार को अहमदी को माज़ंदरान प्रांत की राजधानी सारी में हिरासत में लिया गया।

## 2025 में जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे : चिराग

एजेंसी

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आज कहा कि वर्ष 2025 में 225 से भी ज्यादा सीटें जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएंगे। पासवान ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार किया है। तेजस्वी की इस घोषणा पर जब उनकी सरकार बनेगी तो माता और बहनों के लिए कई योजना चलाई जाएगी।

तेजस्वी की इस ऐलान पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार थी, तब मां-बहनों की इज्जत लूटी जाती थी। उस वक्त कहां थे, जब उनके ही परिवार के दो-दो मुख्यमंत्री रहा करते थे। उस वक्त मां-बहनों की चिंता क्यों नहीं हुई?

» 2025 में सरकार बनी तो माता और बहनों के लिए चलाई जाएंगी कई योजनाएं

आज जब एनडीए की सरकार इस तरह की योजना ला रही है तो उनकी नकल कर रहे हैं । पासवान ने कहा कि जिस तरीके से आज एनडीए में एकजुटता है। यही एकजुटता रही तो यह लोग दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकते, लेकिन 2025 में हम लोग जीतकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाने जा रहे है।

## पंजाब में केजेडएफ आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, हथियार बरामद

» पंजाब पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर ग्रेनेड हमले का मामला सुलझाने का किया दावा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर उसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने के साथ ही ग्रेनेड हमले का मामला सुलझा लेने का दावा शनिवार को पंजाब पुलिस ने किया।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान मोहल्ला काजियान निवासी युगप्रीत सिंह उर्फ युवी, मोहल्ला जगोतेयां निवासी जसकरण सिंह उर्फ शाह और राहों के दुग्गलान मोहल्ला निवासी हरजोत सिंह उर्फ जोत के रूप में की गयी है।

डीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने आरोपियों के पास से दो हथियार - एक देशी पिस्तौल और एक रिवॉल्वर के साथ-साथ छह कारतूस भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां दो सप्ताह से भी कम समय में की गई हैं, जब कुछ लोगों ने दो दिसंबर को नवांशहर के काठगढ़ पुलिस थाने के अंतर्गत पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला कर दिया था।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरवन ने कहा कि तीनों केजेडएफ आतंकी मॉड्यूल के सदस्य हैं, जिन्हें जर्मनी, ब्रिटेन और अन्य देशों में बैठे हैंडलरों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। उन्हें पंजाब और हरियाणा में पुलिस प्रतिष्ठानों और अल्पसंख्यक नेताओं को निशाना बनाने का काम सौंपा गया था।

### झारखंड की मुख्य सचिव ने साझा किए विकास से जुड़े तथ्य

**रांची।** नीति आयोग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का आज समापन हुआ। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। इस सम्मेलन में विकास के लिए आत्मनिर्भर होने की प्रक्रिया में कृषि रोजगार, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, उन्नतशील अर्थव्यवस्था आदि पर विचार विमर्श किया गया।

सम्मेलन का विषय जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना और विकास के नए आयामों के मार्ग प्रशस्त करना था। मुख्य सचिव श्रीमती तिवारी ने प्रदेश के विकास के लिए कई बिंदु रेखांकित किए। साथ ही सम्मेलन में प्रमुखता के बिंदु दलहन पर प्रदेश की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। बता दें कि यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को सशक्त बनाने के साथ देश में सहकारी संवाद स्थापित करने की अहम कड़ी है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप ने जारी की आखिरी सूची

» केजरीवाल और मनीष सिसोदिय ने भाजपा पर साधा निशाना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप ने रविवार को अ्रपनी अंतिम सूची जारी की। प्रत्याशियों की सूची जारी करते समय अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। इसी के साथ उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, भाजपा गायब है। उनके पास ना मुख्यमंत्री का चेहरा है, न टीम है, ना प्लानिंग है और ना दिल्ली के लिए कोई विज़न है। उनका केवल एक ही नारा है, केवल एक ही नीति है और केवल एक ही मिशन है- केजरीवाल हटाओ। उनसे पूछो पांच साल क्या किया, तो वो जवाब देते हैं- केजरीवाल को खूब गाली दी।'

केजरीवाल ने अपनी पार्टी के कामों का जिक्र करते हुए कहा, 'हमारी पार्टी के पास दिल्ली वालों के विकास के लिए विज़न है, प्लान है और उसे लागू करने के लिए पढ़े लिखे लोगों की एक अच्छी टीम है। पिछले दस सालों में किए कामों की लंबी लिस्ट है।' आज आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। मनीष सिसोदिया ने एक्स हैंडल पर लिखा, 'दिल्ली की सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही, आम आदमी पार्टी ने चुनाव में पूरी ताकत से कदम रख दिया है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम जनता के बीच जा रहे हैं।

## 'डेलाइट सेविंग टाइम को रद्द करने के लिए डालेंगे दबाव : ट्रम्प

### बोले- डेलाइट सेविंग टाइम असुविधाजनक और हमारे राष्ट्र के लिए बहुत महंगा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी डेलाइट सेविंग टाइम (डीएसटी) को खत्म करने की कोशिश करेगी, जो 'बहुत महंगा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, "रिपब्लिकन पार्टी डेलाइट सेविंग टाइम को खत्म करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेगी, जिसका एक छोटा, लेकिन मजबूत निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसा नहीं होना चाहिए! डेलाइट सेविंग टाइम असुविधाजनक है, और हमारे राष्ट्र के लिए बहुत महंगा है।"

उल्लेखनीय है कि श्री ट्रम्प पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की थी। इससे पहले वह 2017-2021 तक राष्ट्रपति रहे थे। इस जीत के साथ ही श्री ट्रम्प 19वीं सदी के बाद से चार साल के अंतराल के बाद दोबार राष्ट्रपति बनने वाले पहले अमेरिकी राजनेता बन गए। अब राज्यों के निर्वाचक मंडल को 17 दिसंबर को मतदाताओं की इच्छा के अनुसार उम्मीदवारों के लिए मतदान करना होगा, और नयी कांग्रेस 06 जनवरी को मतदान के परिणामों को मंजूरी देगी। शपथ ग्रहण 20 जनवरी को होगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के अधिकांश भाग में डीएसटी का पालन किया जाता है, जिसमें दिन बड़ा होने पर घड़ी की सुई एक घंटा आगे कर दी जाती है, ताकि दिन के प्रकाश का अधिक इस्तेमाल किया जा सके। यहां पर 1966 के यूनिफ़ॉर्म टाइम एक्ट ने डेलाइट सेविंग टाइम का पालन करने वाले राज्यों के लिए नियमों का एक समान सेट स्थापित किया।

डेलाइट सेविंग टाइम को अपनाने के पीछे मकसद है कि दिन के उजाले का ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा उठाया जा सके। इससे कृत्रिम प्रकाश की ज़रूरत कम होती है और ईंधन की बचत होती है। डेलाइट सेविंग टाइम मार्च के दूसरे रविवार को शुरू होता है और नवंबर के पहले रविवार को समाप्त होता है, जिसमें स्थानीय समयानुसार 2:00 बजे समय परिवर्तन होता है और घड़ी की सुई एक घंटा आगे बढ़ा दी जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण करना है।

### श्रीरामुलु के नाम पर तेलुगू विवि की स्थापना की घोषणा

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को घोषणा की कि तेलुगू विश्वविद्यालय जल्द ही स्थापित किया जाएगा और इसका नाम महान स्वतंत्रता सेनानी पोट्टी श्रीरामुलु के नाम पर रखा जाएगा। आंध्र प्रदेश राज्य के गठन के लिए वीर स्वतंत्रता सेनानी पोट्टी श्रीरामुलु के बलिदान दिवस के अवसर पर यहां तुम्मलापल्ली वारी क्षेत्रया कलाक्षेत्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए,श्री नायडु ने महसूस किया कि स्थिर सरकार से ही निरंतर कल्याण एवं विकास संभव है।

इससे पहले, श्री नायडू ने उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ, पोट्टी श्रीरामुलु की प्रतिमा व वल्लभभाई पटेल की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

**उपहार** मुख्यमंत्री भजनलाल का तोहफा, पूंछरी का लौठा व गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना का किया शिलान्यास

# राजस्थान में सड़कों और नए एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने का काम जोरों पर

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में सड़कों और नए एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने का हमारा संकल्प है। इसका काम इस समय जोरों पर है। इसके आलावा प्रदेश में बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। यह बात रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पूंछरी के लौठा व गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना का शिलान्यास करके राज्य को तोहफा देते समय कहीं।

उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में सड़कों और नए एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने के अपने संकल्प पर निरंतर काम कर रहे हैं। जिसका फायदा श्रद्धालुओं को भी मिलेगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा गिरिराज जी की परिक्रमा करने के लिए यहां देश-विदेश से हर साल करीब 2 करोड़ श्रद्धालु आते हैं। आज 21 किमी की यह परिक्रमा बहुत से भारतीय परिवारों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई है। नंगे पैर या दंडवत परिक्रमा करते श्रद्धालु, छप्पन भोग के प्रसाद से सजी झांकियां त्योहार का माहौल बनाती हैं। उन्होंने कहा कि यह विकास परियोजना हमारे इस पावन धाम की आध्यात्मिक खूबसूरती में इजाफा करेगी।

सीएम ने कहा कि गिरिराज जी की परिक्रमा में 1.2 किमी का राजस्थान में पड़ने वाला हिस्सा परिक्रमा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें श्रीनाथजी, पूंछरी का लौठा आदि प्रमुख मंदिर और अप्सरा एवं नवल कुंड जैसे कई पवित्र स्थल हैं। पूंछरी में शीघ्र ही पूरे देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिल सकेंगी।

### खाटूश्यामजी की भव्यता के लिए 100 करोड़ रुपए होंगे खर्च

सीएम भजनलाल ने कहा कि ने राज्य सरकार खाटूश्यामजी को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये राशि के कार्य करवा रही है। प्रदेश में दीपावली, होली, शिवरात्रि एवं रामनवमी जैसे त्योहारों पर लगभग 600 मंदिरों में विशेष साज-सज्जा व आरती के लिए बजट का प्रावधान किया है। कैलादेवी मंदिर (झील का बाड़ा) और गंगा मंदिर समेत प्रदेश में अनेक मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 300 करोड़ रुपए की राशि से राजस्थान के 20 प्रमुख मंदिरों और आस्था धामों में विकास कार्य करवा रही है।

सीएम भजनलाल ने कहा कि गिरिराज जी परिक्रमा पथ के विकास को 4 जोन में बांटकर विकसित करने की योजना बनाई है। आज पहले जोन का शिलान्यास हुआ है। जिसमें श्रीनाथ जी मंदिर, पूंछरी का लौठा मंदिर, दाऊजी का मंदिर, गंगा मंदिर, नरसिंह जी मंदिर, मुखारबिंद, अप्सरा कुंड एवं नवल कुंड, फाउंटेन, राधा वाटिका, बोटेनिकल गार्डन, लोटस पौंड, मयूर वाटिका, विष्णु अवतार गार्डन का विकास करवाया जाएगा। इसके बाद दूसरे जोन में भव्य प्रवेश एवं निकास द्वार, मार्ग